चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 20 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक 239, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार



ब्रह्मांड में तीन ग्रहों के अनूठे सौर मंडल की खोज 16

जूनियर एनटीआर ने ट्रेनर मन्नव का जन्मदिन मनाया 2

### लोकसभा चुनाव में वोटिंग के दौरान मणिपुर, बंगाल में कई जगह हिंसा

# प्रथम चरण में 60 प्रतिशत मतदान

**57.54%** उत्तर प्रदेश

**54.01%** उत्तराखंड

**47.49%** बिहार

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान खत्म हो गया है। कुल 102 निर्वाचन क्षेत्रों के लिये शुक्रवार को करीब 60.3 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग से शाम सात बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, पहले चरण में त्रिपुरा में वोट अनुपात सर्वाधिक 79.90 प्रतिशत, जबकि बिहार में सबसे कम 47.49 प्रतिशत वोट ही पड़े।

मतदान शुरू होते ही सबसे पहले मणिपुर की बाहरी लोकसभा सीट पर हिंसा और अनियमितता की सूचना पर कुछ समय के लिए प्रक्रिया रोकनी पड़ी। मोईरांगकम्पू साजेब विधानसभा के मतदान केंद्र पर कुछ उपद्रवियों ने गोलीबारी की। इसमें 65 वर्षीय बुजुर्ग घायल हो गये उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपद्रवियों ने मतदान संबंधी कागजात जला दिये और आग लगा दी। वहीं पश्चिम बंगाल में मतदान के दौरान कूचबिहार लोकसभा क्षेत्र में हिंसा की कई घटनाएं देखी गईं, जलपाईगुड़ी लोकसभा क्षेत्र से भी हिंसा के कुछ मामले सामने आए हैं। यूपी व अन्य राज्यों में भी छिटपुट घटनाएं घटीं। जारी आंकड़ों के अनुसार, त्रिपुरा की एक सीट पर 79.90 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में तीन सीटों पर 77.57 प्रतिशत, मणिपुर में दो सीटों पर 68.62 प्रतिशत, मेघालय में दो सीटों पर 70.20 प्रतिशत और असम में पांच सीटों पर 71.38 प्रतिशत वोट पड़े थे। पुड्डुचेरी में एक सीट पर 73.25 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ की एक सीट पर 63.41 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। जम्मू-कश्मीर में एक सीट पर 65.08 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में पांच सीट पर 63.33 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में दो सीट पर 65.46 प्रतिशत, सिक्किम में एक सीट पर 68.06 प्रतिशत, नागालैंड में एक सीट पर 56.77 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मिजोरम में एक सीट पर 54.18 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में आठ सीटों पर 57.61 प्रतिशत, उत्तराखंड में पांच सीटों पर 53.64 प्रतिशत, अंडमान-निकोबार में एक सीट पर 56.87 प्रतिशत, महाराष्ट्र में पांच सीटों पर 55.29 प्रतिशत, लक्षद्वीप में एक सीट पर 59.02 प्रतिशत, राजस्थान में 12 सीटों पर 50.95 प्रतिशत, तमिलनाडु की 39 सीटों पर 62.19 प्रतिशत वोट डाले गये थे।



मुरादाबाद के आरएसडी एकेडमी पोलिंग बूथ पर मतदान के बाद उत्साहित दिखे युवा। ● अमृत विचार

**63.29** प्रतिशत वोटिंग सबसे ज्यादा सहारनपुर में

**52.42** प्रतिशत मतदान सबसे कम रामपुर में हुआ

### उत्तर प्रदेश में छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण हुआ मतदान

**लखनऊ।** प्रदेश में पहले चरण की आठ सीटों पर शुक्रवार को छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न हो गया। शाम पांच बजे तक सभी सीटों पर औसत 57.54 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा सहारनपुर में 63.29 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि सबसे कम रामपुर में 52.42 प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पहले चरण की बाकी सीटों में कैराना में 58.68 प्रतिशत, मुजफ्फरनगर में 54.91 प्रतिशत, बिजनौर में 54.68 प्रतिशत, नगीना (अजा) में 58.05 प्रतिशत, मुरादाबाद में 57.65 प्रतिशत व पीलीभीत में 60.23 प्रतिशत मतदान हुआ। कुछ जगहों पर देर तक मतदान होता रहा। उन्होंने बताया कि चुनाव में सभी 14845 मतदेय स्थलों के लिए मतदान के लिए आवश्यक ईवीएम व वीवीपैट और अलग-अलग जिलों में पर्याप्त मात्रा में रिजर्व ईवीएम व वीवीपैट की व्यवस्था की गई थी। मतदान के दौरान कई जगहों पर ईवीएम व वीवीपैट के खराब होने की शिकायतें मिलीं, जिन्हें तत्काल बदल दिया गया। कुछ जगहों पर फर्जी मतदान होने, बगैर पहचान पत्र के मतदान होने आदि शिकायतें मिलीं, पर जांच में गलत पायी गईं। 7582 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई।

## इंडियन ओवरसीज बैंक की पूर्व प्रबंधक पर 15 करोड़ का जुर्माना, सात साल की कैद

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने इंडियन ओवरसीज बैंक से 2.14 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के लिए बैंक की पूर्व प्रबंधक पर 15.06 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया, जिसे अब तक के सबसे बड़े जुर्मानों में से एक बताया जा रहा है। साथ ही अदालत ने प्रबंधक को सात साल कैद की भी सजा सुनाई। अधिकारियों के अनुसार प्रीति विजय सहिजवानी ने अहमदाबाद में इंडियन ओवरसीज बैंक की वस्त्रपुर शाखा की वरिष्ठ प्रबंधक के रूप में जमाकर्ता या पावर ऑफ अटॉर्नी धारक के किसी भी मंजूरी पत्र के बिना दो खातों की विदेशी मुद्रा प्रवासी (एफसीएनआर) जमा राशि को दो फर्जी खातों में जमा करवा दिया था।

● **धोखाधड़ी का मामला : प्रीति विजय सहिजवानी को हिरासत में लिया गया**

सीबीआई ने कहा, आरोपी ने 27 जुलाई 2001 की तारीख तक ब्याज समेत (करीब) दो करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाया। सीबीआई ने बैंक की शिकायत पर, 29 अक्टूबर, 2001 को मामले की जांच अपने हाथ में ली और 15 अक्टूबर, 2003 को आरोप पत्र दायर किया था। सहिजवानी देश छोड़कर भाग गईं और 2012 तक फरार थीं। सीबीआई ने उसके खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया, जिससे एजेंसी को कनाडा में उसका पता लगाने में मदद मिली। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, कनाडा के आव्रजन अधिकारियों ने उसे हिरासत में लेकर 11 जनवरी 2012 को भारत प्रत्यर्पित कर दिया। गांधीनगर की विशेष अदालत ने पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक को आपराधिक विश्वासघात, मूल्यवान प्रतिभूति की जालसाजी, जाली दस्तावेजों को वास्तविक दस्तावेज के रूप में उपयोग करने और बैंक को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने का दोषी ठहराया।

## एक नजर

### स्कॉटलैंड में दो भारतीय छात्रों की मौत

**लंदन।** ब्रिटेन के एक विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले दो भारतीय छात्रों की स्कॉटलैंड में एक झरने में डूबने से मौत हो गई। दोनों छात्र आंध्र प्रदेश के निवासी थे, जिनकी उम्र 20 से 30 साल के बीच थी। पुलिस ने दोनों की पहचान नहीं बताई है। यह घटना बुधवार रात पर्थशायर में ब्लेयर ऑफ एथोल के पास लिन ऑफ टुमेल में हुई जब छात्रों के एक समूह के दो लोग पानी में फिसल गए।

### अश्विनी को वक्फ बोर्ड से हटाने के लिए याचिका

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर करके दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (गृह) अश्विनी कुमार को दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासक पद से हटाने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कुमार पर वक्फ संपत्तियों के हितों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने याचिका को 30 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। याचिका में कहा गया है कि वक्फ बोर्ड के प्रशासक उस धार्मिक समिति के अध्यक्ष भी है जिसने कई वक्फ संपत्तियों को हटाने और ढहाने की सिफारिश की है।

### नोएडा हवाईअड्डे पर जांच के लिए उड़ानें शुरू

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में निर्माणाधीन नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे ने इस सप्ताह पहली टर्बोप्रॉप विमान उड़ान के साथ जमीन से संचालित रेडियो नेविगेशन प्रणाली को परखना शुरू कर दिया। इस हवाईअड्डे से वाणिज्यिक परिचालन इस साल के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है। यह राष्ट्रीय राजधानी से लगभग 75 किलोमीटर दूर जेवर में स्थित है।

## दोनों शहजादों को लोगों ने रिजेक्ट किया : मोदी



गजरौला ( अमरोहा ) की जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरि सिंह ढिल्लो, पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

● **गजरौला की जनसभा में राहुल-अखिलेश पर साधा निशाना**

● **क्रिकेट वर्ल्ड कप में मोहम्मद शमी का कमाल पूरी दुनिया ने देखा**

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गजरौला में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अमरोहा की ढोलक की थाप दूर तक गूंजती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से अमरोहा की ढोलक को जीआई टैग मिला है। अब अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजा रहा है। क्रिकेट वर्ल्ड कप में मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया, वो पूरी दुनिया ने देखा है। प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव को दो शहजादों की जोड़ी करार देते हुए जमकर निशाना साधा।

प्रधानमंत्री शुक्रवार को गजरौला में होटल हवेली के सामने भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ भी उनके साथ थे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने प्रथम चरण में हो रहे मतदान को लेकर लोगों से खुलकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने नवयुवकों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर भी जमकर कटाक्ष किए। कहा कि इंडी गठबंधन वाले सनातन से घृणा करते हैं। अभी मैं द्वारका गया और समुद्र में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की, लेकिन कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि समुद्र के नीचे पूजा करने योग्य कुछ है ही नहीं। हमारी हजारों वर्ष की आस्था और भक्ति को ये लोग सिर्फ वोट बैंक के लिए खारिज कर रहे हैं। कहा कि बिहार और उत्तर प्रदेश में अपने आप को यदुवंशी कहने वाले नेताओं से मैं पूछना चाहता हूं कि आप भगवान श्रीकृष्ण और द्वारका का अपमान करने वालों के साथ कैसे रह सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपी में एक बार फिर दो शहजादों की फिल्म शूटिंग चल रही है। जिसे लोग पहले ही रिजेक्ट कर चुके हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जनसभा को संबोधित किया। कहा कि प्रधानमंत्री ने देश का मान बढ़ाया है, पूरी दुनिया में नए भारत के रूप में पहचान हो रही है। विकसित भारत के लिए काम हो रहा है।

## यूपी बोर्ड का रिजल्ट आज, दोपहर 2 बजे होगा जारी

**लखनऊ/ प्रयागराज।** अमृत विचार। नकलविहीन परीक्षाएं संपन्न कराने के बाद उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् ने यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट जारी करने की तैयारी पूरी कर ली है। माध्यमिक शिक्षा परिषद् के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने प्रेस रिलीज के माध्यम से बताया की वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा का परीक्षाफल 20 अप्रैल शनिवार को अपराह्न 2 बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद्, मुख्यालय प्रयागराज से घोषित किया जाएगा।

## इजराइल की जवाबी कार्रवाई, मिसाइलें दागीं

यरुशलम/तेहरान, एजेंसी



● **पिछले शनिवार ईरान ने 300 से अधिक ड्रोन से किया था हमला**

● **ईरानी ड्रोन हमले का इजराइल ने दिया जवाब, नुकसान अपुष्ट**

इजराइल पर ईरान के ड्रोन हमले का जवाब देने को लेकर सप्ताह भर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे विचार विमर्श के बीच इजराइल अपनी पूरी रणनीति पर उतरा आया। इराजइल की हमेशा से ही नीति रही है ''पहले किसी को छेड़ेंगे नहीं, बाद में किसी छोड़ेंगे नहीं''। इजराइल ने सात दिन बाद शुक्रवार को उस हमले का जवाब अपनी मिसाइलें दाग कर दिया। जो इस्फहान प्रांत में गिरीं। इनसे ईरान को हुए नुकसान के बारे में अब तक कोई पुष्ट खबर नहीं है। इस बीच, सीरिया ने भी दावा किया है कि इजराइली हमले में देश के दक्षिणी भाग में रक्षा ठिकानों को नुकसान पहुंचा है।

ईरानी समाचार एजेंसी फार्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी प्रांत इस्फाहन में तीन विस्फोटों की आवाज सुनी गई। ये विस्फोट ड्रोन अथवा मिसाइलों से किए गए हमले के फलस्वरूप हुए, जिसके बाद ईरान की वायु रक्षा प्रणालियों को सक्रिय कर दिया गया है। ईरानी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने रिपोर्ट में एक ईरानी सैन्य अधिकारी का हवाला देते हुए कहा कि सेना का रडार स्टेशन संभावित निशाना हो सकता है। साथ ही, यह भी कहा गया है कि क्षेत्र में कई कार्यालय भवनों की खिड़कियां उड़ गईं लेकिन हमले के परिणामस्वरूप कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है। हमले के बाद इस्फहान में शांति है और यातायात सामान्य बना हुआ है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने इस हमले को तूल देने और बदले की कार्रवाई के लिए कोई उत्तेजना नहीं दिखाई है। एक सैन्य अधिकारी के हवाले से यह कहा गया कि ईरान को इस हमले के पीछे विदेशी हाथ होने की पुष्टि नहीं हुई है।

### ईरान बोला, नहीं हुआ कोई विदेशी हमला

**तेहरान।** ईरान के एक अधिकारी ने शुक्रवार को इजरायल की ओर से किए गए हमलों का खंडन किया है। अधिकारी ने कहा कि ईरान के खिलाफ कोई मिसाइल हमला नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि इस्फहान में वायु रक्षा प्रणालियों को सक्रिय किया गया है और उसने किसी संदिग्ध वस्तु को निशाना बनाया है जिससे विस्फोट की गूंज सुनायी दी है। ऐसा बताया जा रहा है कि इजरायल ने ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। वहीं ईरान ने कहा है कि उसकी धरती पर कोई भी विदेशी हमला नहीं हुआ है।

## पतंजलि योगपीठ को शिविरों में लिए गए शुल्क पर देना ही होगा टैक्स : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी





● **इलाहाबाद पीठ के 5 अक्टूबर, 2023 को आए फैसले में हस्तक्षेप से इनकार किया**

बाबा रामदेव के पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा। कोर्ट ने अपीलीय न्यायाधिकरण के उस फैसले को बरकरार रखा जिसमें ट्रस्ट को योग शिविरों के आयोजन के लिए प्रवेश शुल्क लेने पर सेवा कर का भुगतान करने को कहा गया था। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) की इलाहाबाद पीठ के 5 अक्टूबर, 2023 को आए फैसले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया।

सीईएसटीएटी ने अपने आदेश में कहा था कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट की तरफ से आयोजित आवासीय एवं गैर-आवासीय योग शिविरों में शामिल होने के लिए शुल्क लिया जाता है लिहाजा यह स्वास्थ्य और फिटनेस सेवा की श्रेणी में आता है और इस पर सेवा कर लगेगा। रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण के अधीन काम करने वाला यह ट्रस्ट विभिन्न शिविरों में योग प्रशिक्षण प्रदान करने में लगा हुआ था। न्यायाधिकरण ने अपने आदेश में कहा था कि हालांकि यह राशि दान के रूप में ली गई थी, लेकिन यह उक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए शुल्क ही था। इसलिए यह शुल्क की परिभाषा के तहत आता है। सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मेरठ रेंज के आयुक्त ने अक्टूबर, 2006 से मार्च, 2011 के लिए जुर्माना और ब्याज सहित लगभग 4.5 करोड़ रुपये के सेवा कर की मांग की थी।

## फर्जी आईडी से सिम लेकर विदेश भेजने वाला गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● **कंबोडिया, दुबई, और चीन तक भेज चुका है सिम**

**अमृत विचार :** फर्जी आईडी पर सिम खरीद उसे एक्टीवेट कराकर विदेशों में सप्लाई कराने वाले गिरोह के एक सदस्य को एसटीएफ मेरठ इकाई ने गिरफ्तार किया है। एक्टीवेट होने के बाद 400 रुपये में खरीदा हुआ सिम 2500 से 2800 रुपये में बिक जाता था। गिरफ्त में आया अभियुक्त अब तक 4 हजार सिम एक्टीवेट कराकर विदेशों तक पहुंचा चुका है। सिम प्राप्त करने वाले सदस्य एक चैनल के माध्यम से अभियुक्त के संपर्क में रहते थे।

एसटीएफ ने आरोपी रितिक राज को मेरठ बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है। रितिक राज बिहार के मुजफ्फरपुर जिले का रहने वाला है। उसके पास से मौके पर 179 सिम और तीन मोबाइल भी बरामद हुए हैं। रितिक राज ने बताया कि उसने prem_singh_seller नाम से चैनल बना रखा है। जिन सदस्यों को विदेशों में भेजने के लिए सिम प्राप्त करना होता था, वह इसी चैनल से संपर्क करता था। चीन, कंबोडिया और दुबई तीन देशों में सिम भेजने के लिए वह लंबे समय से कार्यरत है।

## सौतेली मां ने बच्ची के हाथ-पैर बांधकर जिंदा दफनाया, सीसीटीवी से खुला राज

संवाददाता, काशीपुर



● **निर्माणाधीन मकान से शव बरामद महिला गिरफ्तार**

**अमृत विचार :** आईटीआई थाना क्षेत्र में एक सौतेली मां ने मासूम बच्ची को हाथ पैर बांधकर निर्माणाधीन मकान में जिंदा दफना दिया। पुलिस ने सौतेली मां को गिरफ्तार कर लिया है।

खड़कपुर देवीपुरा निवासी इलेक्ट्रीशियन मोनू की 8 वर्ष पूर्व यहीं की रीना नाम की युवती से शादी हुई थी। रीना से मोनू की दो बेटियां 8 वर्षीय सोनी व 6 वर्षीय तनु हैं। दूसरी बेटी के जन्म के दौरान ही रीना की मौत हो गई थी। इसके बाद मोनू ने ग्राम फजलपुर, थाना डिलारी (मुरादाबाद) निवासी लक्ष्मी देवी से दूसरा विवाह कर लिया था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री है। लक्ष्मी सोनी व तनु के साथ भेदभाव करने लगी। 16 अप्रैल को मोनू अपने ममेरे भाई की लगन में बिजनौर के ग्राम गल्ला खेड़ी गया था। अगले दिन सोनी को कन्या पूजन के लिए तैयार कर उसकी दादी संतोष देवी भी चली गई। उसी दिन शाम के समय लक्ष्मी ने बच्ची की हत्या कर अपने पति को फोन कर उसके लापता होने की बात कही।

बेटी के गायब होने की सूचना पर मोनू घर पहुंचा और उसने तत्काल बेटी की गुमशुदगी की सूचना डायल 112 नंबर पर आईटीआई पुलिस को दी। पुलिस को लक्ष्मी की बातें कुछ अजीब लगीं। तब पुलिस ने आसपड़ोस के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए। फुटेज में आखिरी बार बच्ची को लक्ष्मी के साथ निर्माणाधीन मकान की तरफ जाते देखा गया। पुलिस ने सख्ती की तो लक्ष्मी से घटना उगल दी। पुलिस ने शव को गड्ढे से निकालकर पोस्टमार्टम कराया। एसपी ने बताया कि शव पर भी चोट के निशान मिले हैं।

**नई खोज** | बीबीएयू के विशेषज्ञों ने किया शोध, गन्ना किसानों को तीन गुना तक होगा मुनाफा

## गन्ना किसानों के लिए संजीवनी बनेगा शर्करा संचय जीन

जीशान कदीर, लखनऊ



डॉ. यूसुफ अख्तर



प्रो. संगीता सक्सेना

● **बीबीएयू की ओर से नई खोज को बाजार में लाने हो रही तैयारी**

**अमृत विचार :** गन्ना किसानों के लिए बीबीएयू का शोध संजीवनी लेकर आया है। नई खोज के सहारे किसान उपजे गन्ने से तीन गुना तक मुनाफा कमा सकेंगे। इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम ने जिबरेलिन एसिड 3 (जीए3) की मदद का सहारा लिया और शर्करा को संचय करने का तरीका ढूंढ निकला। वैज्ञानिकों का दावा है कि नया शोध किसानों के लिए कारगर रहेगा।

बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कम्प्यूटेशनल जीव वैज्ञानिक डॉ. यूसुफ अख्तर बताते हैं कि अब तक गन्ने में शर्करा (ग्लूकोज-फैक्टोज) बढ़ाने के लिए सक्रिप्टोमिक स्तर पर जिबरेलिन एसिड 3 (जीए3) को शामिल किया जाता रहा है। इससे शर्करा तो बढ़ जाती थी, लेकिन उसका संचय नहीं हो पाता। ऐसे में भण्डारण (सिंक) क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से पांच वर्षों तक गन्ने के सूक्ष्म जीनों पर अध्ययन किया गया। नई कोशिका के सहारे भण्डारण की क्षमता विकसित हुई। बताते हैं कि नव विकसित जीन गन्ने में शर्करा को संचित करने का विकास कर किसानों को तीन गुन्ना तक मुनाफा हासिल कराएंगे।

### इस तरह से किया गया शोध

शोध में ट्रांसक्रिप्टोम स्केल बिग डेटा का उपयोग किया गया। इसके सहारे जीए 3 से प्रभावित विशिष्ट जीन की पहचान की गई। इसे बढ़े हुए शुक्रोज संचय में सहयोगी बनाया गया। फिर गन्ने के नमूनों पर ट्रांसक्रिप्टोमिक विश्लेषण तकनीकी विकसित की और जीन अभिव्यक्ति की जांच की गई।

### शोध के दौरान नए जीनों की हुई पहचान

देश के पहले नवीन शोध के निष्कर्षों से उच्च शर्करा सामग्री से जुड़े कई जीनों का पता चला है। ये जीन पौधे के भीतर चीनी परिवहन और भंडारण में भूमिका निभाने के लिए जाने जाने वाले जीनों के समरूप (संरचना में समान) थे। इसमें चीनी-फॉस्फेट / फॉस्फेट ट्रांसलोकेटर, यूटीपी-ग्लूकोज-1-फॉस्फेट यूरिडिलिलट्रांसफेरेज और वी-एटीपीसेस पाया गया। वैज्ञानिकों का दावा है कि ये हाइड्रोलेज एंजाइम को एनकोड कर कार्य करा सकता है।

### भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान भी बना सहभागी

प्लांट बायोटेक्नोलॉजिस्ट प्रो. संगीता सक्सेना ने बताया कि पांच वर्षीय खोज में शोधार्थी छात्रा कृति रूपेन्द्र के अलावा भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान की टीम भी शामिल रही। पहचाने गए जीन गन्ना ट्रांसक्रिपटॉमिक्स और कार्यात्मक जीनोमिक्स के मौजूदा ज्ञान आधार में एक महत्वपूर्ण वृद्धि करेंगे।

# दीपक, सुजीत ओलंपिक क्वालीफायर से चूके

बिश्केक, एजेंसी


दीपक पुनिया


सुजीत कलाकल

भारतीय कुश्ती के लिए एक बड़ा झटका, दुबई में खराब मौसम के कारण हुई उड़ान में देरी की वजह से टोक्यो ओलंपियन दीपक पुनिया और सुजीत कलाकल एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर 2024 से चूक गए।

आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा सुरक्षित करने के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में पुनिया और कलाकल को एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर में शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा करनी थी। लगातार बारिश से दुबई में उड़ान में देरी की वजह से कल सुबह बिश्केक पहुंचने के बावजूद, भारतीय पहलवान समय पर वेट-इन के लिए रिपोर्ट नहीं कर सके। पुनिया और कलाकल, कोच कमल मलिकोव और फिजियो शुभम गुप्ता के साथ मंगलवार से दुबई हवाई अड्डे पर फंसे हुये थे क्योंकि कई उड़ानें देरी से चल रही थी या रद्द कर दी गई थी। ये दोनों पहलवान क्वालीफायर के लिए रूस के दागेस्तान में प्रशिक्षण ले रहे थे। मई में तुर्की में होने वाले विश्व क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट के जरिए अभी भी दोनों पहलवान ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा प्राप्त कर सकते हैं। दीपक पुनिया को पुरुषों की फ्रीस्टाइल 86 किग्रा वर्ग में और कलाकल को 65 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करनी थी। उल्लेखनीय है कि दो बार की ओलंपियन विनेश फोगाट और पूर्व अंडर-23 विश्व और एशियाई चैंपियन अमन सहरावत सहित पंद्रह अन्य भारतीय पहलवान 19 से 21 अप्रैल तक चलने वाले बिश्केक में एशियाई कुश्ती क्वालीफायर में पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

## आकांक्षा सालुखे स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में हारीं

**नयी दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी आकांक्षा सालुखे शुक्रवार को कुआलालंपुर में विश्व चैंपियनशिप एशियाई क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में हारकर प्रतियोगिता बाहर हो गईं। राष्ट्रीय खेल 2023 की चैंपियन और यहां दूसरी वरीय आकांक्षा को कम रैंकिंग वाली मलेशिया की सेहवीत्रा कुमार के खिलाफ 6-11 5-11 8-11 से हार झेलनी पड़ी। वह टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय थीं।

# 12 निशानेबाज ओलंपिक कोटे के लिए दोहा में करेंगे स्पर्धा

दोहा, एजेंसी

भारत के 12 निशानेबाज शुक्रवार से शुरु हुई आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में पेरिस ओलंपिक को कोटा हासिल करने के लिए स्पर्धा करेंगे। इस स्पर्धा में टोक्यो ओलंपियन मैराज अहमद खान और अंगदवीर सिंह बाजवा, जो पूर्व एशियाई चैंपियन भी हैं, शीराज शेख के साथ पुरुषों की स्कीट में भारत की चुनौती का सामना करेंगे।

महिलाओं की स्पर्धा में गनेमत सेखों पर सबकी निगाहें होंगी। अनुभवी विवान कपूर, ज़ोरावर सिंह संधू और पृथ्वीराज टोंडिमन पुरुषों के ट्रैप में तीनों ओर से एक मजबूत चुनौती पेश करेंगे। मनीषा कीर और श्रेयसी सिंह से महिलाओं स्पर्धा में भारत को उम्मीद है। इस स्पर्धा में भारत प्रत्येक वर्ग में तीन निशानेबाज उतारेगा। प्रत्येक व्यक्तिगत स्पर्धा में शीर्ष दो निशानेबाज (प्रति देश अधिकतम एक), बशर्ते वे पात्र हों और उनके संबंधित देशों ने स्पर्धा के लिए अपना पूरा आवंटन सुरक्षित नहीं किया हो, दोहा से कोटा सुरक्षित करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत के निशानेबाज भवनीश मेंदीरत्ता (पुरुष ट्रैप), राजेश्वरी कुमारी (महिला ट्रैप), रायजा ढिल्लों (महिला स्कीट) और अनंतजीत सिंह नरूका (पुरुष स्कीट) को ओलंपिक कोटा हासिल है। प्रत्येक देश हर श्रेणी में अधिकतम दो कोटा प्राप्त कर सकता है।

# चेन्नई ने लखनऊ को दिया 177 रनों का लक्ष्य

## चेन्नई सुपरकिंग्स के रविंद्र जडेजा ने अर्धशतकीय पारी खेली, लखनऊ सुपर जायंट्स के क्रुणाल ने दो विकेट झटके

लखनऊ, एजेंसी

रविंद्र जडेजा के जुझारू नाबाद अर्धशतक से चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ छह विकेट पर 176 रन बनाए। जडेजा ने 40 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के से नाबाद 57 रन की पारी खेली। उन्होंने मोईन अली (20 गेंद में 30 रन, तीन छक्के) के साथ छठे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की जबकि महेंद्र सिंह धोनी ने अंत में नौ गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों से नाबाद 28 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलकर टीम का स्कोर 170 रन के पार पहुंचाया। सुपर जाइंट्स की ओर से कृणाल पंड्या सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 16 रन देकर दो विकेट चटकाए। मोहसिन खान, यश ठाकुर, मार्कस स्टोइनिस और रवि बिश्नोई को एक-एक विकेट मिला।

टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे सुपरकिंग्स की शुरुआत खराब रही और टीम ने पांचवें ओवर में 33 रन के स्कोर तक सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र (00) और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (17) के विकेट गंवा दिए। रचिन रविंद्र पारी के दूसरे ओवर में मोहसिन खान की पहली ही गेंद को चूककर बोल्ड हो गए। गायकवाड़ भी लय में नहीं दिखे और यश ठाकुर की गेंद पर विकेटकीपर लोकश राहुल को कैच दे बैठे। रहाणे अच्छी लय में नजर आए। उन्होंने मैट हेनरी पर चौके से खाता खोला और फिर इस तेज गेंदबाज पर छक्का भी मारा। रहाणे ने यश पर भी लगातार दो चौके जड़े। सुपरकिंग्स ने पावर प्ले में दो विकेट पर 51 रन बनाए। रहाणे और जडेजा दोनों ने लेग स्पिनर रवि बिश्नोई पर चौके मारे। रहाणे हालांकि कृणाल की सीधी गेंद को चूककर बोल्ड हो गए। उन्होंने 24 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके और एक छक्का मारा। मार्कस स्टोइनिस ने अपने पहले ही ओवर में शिवम दुबे (03) को विकेटकीपर कप्तान के हाथों कैच कराके सुपरकिंग्स को बड़ा झटका दिया। सुपरकिंग्स ने इसके बाद समीर रिज्वी को 'इंपेक्ट प्लेयर' के रूप में उतारा। रिज्वी (01) हालांकि इस मौके का फायदा नहीं उठा पाए और कृणाल की गेंद पर राहुल ने उन्हें स्टंप कर दिया। जडेजा ने हालांकि एक छोर संभाले रखा। उन्होंने बिश्नोई की गेंद पर दो रन के साथ 15वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। जडेजा ने मोहसिन पर छक्के के साथ 34 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। मोईन ने भी हाथ खोलते हुए 18वें ओवर में बिश्नोई पर लगातार तीन छक्के मारे लेकिन अगली गेंद पर आयुष बडोनी को कैच दे बैठे। धोनी ने अगले ओवर में मोहसिन की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का जड़ा और फिर अंतिम ओवर में यश की लगातार गेंदों पर भी छक्के और चौके के साथ टीम का स्कोर 170 रन के पार पहुंचाया।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.399 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.726 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.502 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 | +0.038 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.074 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.133 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 | -1.303 |
| पंजाब | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.251 |
| बेंगलुरु | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.185 |

- चेन्नई सुपरकिंग्स के महेंद्र सिंह धोनी ने 9 गेंदों पर 28 रन ठोके



रविंद्र जडेजा

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |
| रोहित शर्मा (मुंबई) | 07 | 297 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 07 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |
| गेराल्ड कोएत्जी (मुंबई) | 07 | 12 |

## खेल डायरी

### अप्रैल तक नये कोच का ऐलान करेगा पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान के टेस्ट और सीमित ओवरों के कोचों का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जायेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीसीबी ने यह भी पुष्टि की कि दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन और ऑस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी के अलावा बोर्ड को 15 अप्रैल की समय सीमा तक कुछ और नामी कोचों के आवेदन मिले हैं। सूत्र ने कहा, ''पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने साफ तौर पर कहा है कि पूरी प्रक्रिया का पालन करके दीर्घकालिन आधार पर कोचों की नियुक्ति की जायेगी।''

### कैस्पर रूड बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में



**बार्सिलोना।** नॉर्वे के स्टार टेनिस खिलाड़ी कैस्पर रूड ने ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को 6-1, 6-4 से हराकर बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये हैं। रूड की सीजन की यह 26वीं जीत है। इसके साथ ही रूड 2024 में सबसे अधिक टूर-स्तरीय जीत के मामले में जानिक सिनर से आगे निकल गए है। रूड ने शुरुआत में ही शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 5-0 की बढ़त बनाई। उन्होंने दूसरे सेट के सातवें गेम में निर्णायक ब्रेक हासिल करने से पहले शुरुआती सेट का समापन किया और एक घंटे 13 मिनट तक चले मुकाबले में जीत हासिल की। रूड क्वार्टरफाइनल मुकाबले में अर्नाल्डी से भिड़ेंगे।

### पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 धुला

**रावलपिंडी।** तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी टल गई क्योंकि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय एक विकेट पर दो रन था जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। शाहीन शाह अफरीदी ने न्यूजीलैंड के लिये पदार्पण कर रहे टिम रॉबिनसन को बोल्ड कर दिया था। बारिश के कारण मैच प्रति टीम पांच ओवर का कर दिया गया था लेकिन दो ही गेंद डाली जा सकी। टॉस भी हल्की बूंदाबांदी के कारण आधा घंटे देर से हुआ। दूसरा टी20 मैच शनिवार को खेला जायेगा। आमिर और इमाद वसीम संन्यास का फैसला बदलकर लौटे हैं।

### मेघा ने नौकायन चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक



**टोक्यो।** भारत की मेघा प्रदीप ने शुक्रवार को एशियाई कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप 2024 में महिलाओं की सी1 500 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। जापान के टोक्यों में आयोजित चैंपियनशिप में मेघा प्रदीप ने 2:28.027 का समय लेकर तीसरा स्थान पर रही। वियतनाम की डीप थू हुआंग (02:18.178) और कजाकिस्तान की उलियाना किसेलेवा (02:26.645) ने क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीते। अन्य स्पर्धा में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अर्जुन सिंह और सुनील सिंह सलाम फाइनल में छठे स्थान पर रहे और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोटा प्राप्त करने से चूक गए।

### पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख का जुर्माना

**मुल्लांपुर।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार की 53 गेंदों में 78 रनों की धमाकेदार पारी की बदौलत सात विकेट पर 192 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने के बाद पंजाब किंग्स की पारी को 19.1 ओवर में 183 रन पर समेट दिया। आईपीएल से जारी विज्ञप्ति में शुक्रवार को कहा गया, '' मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर 18 अप्रैल को मुल्लांपुर स्थित पीसीए के नये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है।''

# मजबूत मानसिकता से जीत सकते हैं पदक

नयी दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा ने आत्म-संदेह से पार पाकर तीसरी बार ओलंपिक खेलों में देश के प्रतिनिधित्व का मौका हासिल किया है, जिसे वह मजबूत मानसिकता के दम पर पदक में बदलना चाहती है। लंदन और रियो ओलंपिक में भाग लेने वाली 34 साल की इस खिलाड़ी ने पिछले साल जनवरी में 20 वर्षीय तनीषा क्रास्टो के साथ जोड़ी बनाकर इस साल पेरिस में होने वाले खेलों के लिए क्वालिफिकेशन को पक्का कर लिया है।

पिछले कुछ सप्ताह भारतीय खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक रहे हैं क्योंकि उन्होंने पेरिस का टिकट बुक करने के लिए छह सप्ताह में पांच टूर्नामेंटों में भाग लेना पड़ा। आखिरी क्वालीफाइंग सूची इस महीने के अंत में आने वाली है। अश्विनी ने कहा, ''हमने लगातार चार टूर्नामेंट खेले हैं और यह काफी थकाने वाला रहा है। लेकिन सभी के लिए स्थिति एक जैसी थी क्योंकि हम सभी ओलंपिक में जगह पाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।'' उन्होंने कहा, ''मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से यह राहत और खुशी की बात है कि हम क्वालीफाई कर गए हैं।'' अश्विनी को खुद पर संदेह करने वालों को गलत साबित करने में खुशी हुई।

## मैदान पर वापसी आपको परिभाषित करती है: शमी

**नयी दिल्ली।** अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टखने की सर्जरी के बाद अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया का वीडियो साझा करते हुए जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद जतायी। शमी ने दर्द के बावजूद पिछले साल वनडे विश्व कप में भाग लिया था। उन्होंने 24 विकेट चटकाए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल मैच के बाद से हालांकि यह 33 साल का खिलाड़ी चोट के कारण खेल से दूर है। उन्हें इस साल फरवरी में सर्जरी करानी पड़ी। शमी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, चोट आपको परिभाषित नहीं करतीं, आपकी वापसी आपको परिभाषित करती है।

# दिल्ली के सामने सनराइजर्स हैदराबाद की कठिन चुनौती

नयी दिल्ली, एजेंसी

मैदान के भीतर और बाहर विषमताओं के बीच अपने अपार जीवट का परिचय देने वाले ऋषभ पंत शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को जब दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिये अरूण जेटली स्टेडियम पर उतरेंगे तो उनके लिये यह बेहद भावुक पल होगा।

पिछले साल पंत इस मैदान पर बैसाखियों के सहारे चलते नजर आये थे लेकिन उन्होंने 2022 के जानलेवा कार हादसे के बाद एक विकेटकीपर और बल्लेबाज के तौर पर आईपीएल के इस सत्र में शानदार वापसी की है। दिल्ली ने अब तक मिला जुला प्रदर्शन किया है हालांकि लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस को हराकर वे दौड़ में बने हुए हैं। अब तक सात मैचों में से दिल्ली ने तीन जीते और चार हारे हैं। आईपीएल अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम दो बार टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर (तीन विकेट पर 277 रन और तीन विकेट पर 287 रन) बना चुकी है।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक। **दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स। **मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।**

## बॉलीवुड हलचल

# जूनियर एनटीआर ने ट्रेनर मन्नव का जन्मदिन मनाया



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर ने अपने ट्रेनर मन्नव कुमार का जन्मदिन मनाया। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर अपने विनम्र व्यक्तित्व और शानदार ऑन-स्क्रीन अभिनय के कारण जाने जाते हैं। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर का अपने फिटनेस ट्रेनर के प्रति प्रेम नेटिज़न्स का दिल जीत रहा है। एनटीआर जूनियर जो इस समय शूटिंग के लिए मुंबई में हैं, उन्होंने अपनी टीम के बाकी सदस्यों के साथ अपने फिटनेस ट्रेनर कुमार मन्नव का जन्मदिन मनाया। मन्नव कुमार ने एनटीआर जूनियर के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। अपने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर करते हुए मन्नव ने लिखा, "<bha>@</bha>जूनियरएनटीआर, मैं अभिभूत हूँ। अपना जन्मदिन याद रखना और फिर एक हेल्दी केक पाना, यह जानते हुए कि मैं खाने में कितना नखरेबाज़ हूं। हमारे बीच का बंधन, आप मुझ पर और मेरे परिवार पर जो प्यार बरसाते हैं, इतने बड़े स्टार होने के बावजूद भी इतने विनम्र। यार, मैं क्या कह सकता हूँ! आप, <bha>@</bha>जूनियरएनटीआरविनम्रता और प्यार की एक किताब हैं। आपके आस-पास रहना बहुत अच्छा लगता है।

## जिम्नास्ट दीपा करमाकर विश्व कप में चौथे स्थान पर

**नयी दिल्ली।** स्टार भारतीय जिम्नास्ट दीपा करमाकर शुक्रवार को दोहा में एफआईजी एपेरेटस विश्व कप में महिला वॉल्ट फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रहीं। यह टूर्नामेंट पेरिस ओलंपिक की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है।

पिछले महीने अजरबैजान में बाकू एपेरेटस विश्व कप में चौथे स्थान पर रहीं 30 साल की दीपा एक बार फिर पदक से चूक गईं। उन्होंने 13.333 अंक जुटाए। पनामा की नवास कर्ला ने (13.850) ने स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि कोरिया की आन चैंग ओक (13.833) तथा जॉर्जिएवा वेलेंटिना (13.466) को क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिला। दीपा क्वालीफाइंग दौर में छठे स्थान पर रही थीं। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही एक अन्य भारतीय प्रणति नायक क्वालीफाइंग दौर में 11वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं।

# धाविका शालू को क्लीन चिट नमूना दूषित होने का खुलासा

नयी दिल्ली, एजेंसी



राष्ट्रीय डोपिंग निरोधी एजेंसी की अपील पैनल ने मध्यम दूरी की धाविका शालू चौधरी को डोपिंग के आरोपों से बरी करके चार साल का प्रतिबंध हटा दिया है क्योंकि डीएनए टेस्ट में पता चला कि उनके मूत्र के नमूने से या तो छेड़छाड़ की गई या लेते समय वह दूषित हो गया था। तीस वर्ष की चौधरी पर पिछले साल प्रतिबंध लगाया गया था और वह नाडा की अनुशासन समिति के सामने अपील हार गई थीं। उन्हें दो प्रतिबंधित दवाओं के कथित इस्तेमाल के कारण प्रतिबंध झेलना पड़ा था।

आठ सौ मीटर में राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता चौधरी ने मूत्र के नमूने के डीएनए टेस्ट की मांग की जिसे अनुशासन समिति ने तो खारिज कर दिया लेकिन अपील पैनल ने मान लिया। डीएनए जांच लंदन के किंग्स कॉलेज स्थित फारेंसिक विभाग द्वारा कराई गई। अपीली पैनल ने कहा, ''मूत्र के नमूने के पिछले विश्लेषण में डीएनए प्रोफाइल सही नहीं आया है। डीएनए नमूने की जांच रिपोर्ट को देखते हुए नाडा के वकील कोई और कारण नहीं बता पाये है जिससे अपीली पैनल खिलाड़ी की अपील खारिज करने का फैसला ले।''

इसने कहा,'' नाडा के वकील ने डीएनए रिपोर्ट मान ली और इसके नतीजे को चुनौती नहीं दी है। इसके मद्देनजर डोपिंग निरोधक पैनल द्वारा 11 अप्रैल 2023 को दिया गया फैसला दरकिनार किया जाता है। खिलाड़ी पर लगाया गया चार साल का प्रतिबंध खारिज कर दिया गया है। इसके साथ ही 13 जून 2022 से प्रतिस्पर्धाओं में उनके नतीजे रद्द करने के निर्देश भी खारिज किये जाते हैं।'' पैनल ने 18 अप्रैल को आदेश दिये जाने के दस दिन के भीतर डीएनए टेस्ट पर हुआ डेढ लाख रूपये का खर्च भी चौधरी को भुगतान करने का नाडा को निर्देश दिया।

## एक हजार से अधिक खिलाड़ी दिखायेंगे कौशल

**ग्रेटर नोएडा।** द मंथन स्कूल में दो दिनों तक चलने वाले ग्रेटर नोएडा खेल महोत्सव के प्रथम संस्करण की छह विधाओं में एक हजार से अधिक खिलाड़ी अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। खेलो इंडिया के निदेशक अरुण कुमार गुप्ता, द्रोणाचार्य अवार्डी डॉ. अजय बंसल, मेजर जनरल दिलावर सिंह जी की उपस्थिति में आज यहां महोत्सव का रंगारंग शुभारंभ हुआ।

ग्रेटर नोएडा खेल मोहत्सव में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों की रुचियों और प्रतिभा को ध्यान में रखते हुए तायक्वोंडो, कराटे, फुटबॉल, स्केटिंग, बास्केटबाल और बैडमिंटन सहित खेल प्रतियोगिताओं आयोजित की जायेगी। भारत सरकार के खेल मंत्रालय की राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन संस्था फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर युवा खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करना और प्रतिभागियों के बीच खेल भावना के गुण विकसित करना है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



# The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919

# सोशल मीडिया अकाउंट पर रहेगी नजर

## लोकसभा चुनाव को लेकर अनुवीक्षण समिति की बैठक, व्यय प्रेक्षकों ने निगरानी टीमों को दिए जरूरी निर्देश

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** शुक्रवार को लोकसभा इटावा के व्यय प्रेक्षक (सिकंदरा क्षेत्र) राजीव थामपुला और कन्नौज के व्यय प्रेक्षक (रसूलाबाद क्षेत्र) नन्था कुमार एस ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार एवं अपर जिलाधिकारी वित्त केशवनाथ गुप्त की उपस्थिति में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में व्यय अनुवीक्षण समिति की बैठक की।

बैठक में व्यय प्रेक्षकों ने सभी अधिकारियों से कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में प्रत्याशियों की ओर से किए जाने वाले दैनिक निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए नामित अधिकारियों को पहले ही प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने सहायक व्यय प्रेक्षक एवं उनकी भूमिका के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए वीडियो निगरानी टीमों द्वारा बरती जाने वाली सावधानियों पर चर्चा की और वीडियो अवलोकन टीम द्वारा व्यय परीक्षण के लिए भरे जाने वाले प्रपत्र, विभिन्न प्रकार से किए जाने वाले प्रचार-प्रसार का ब्योरा रखे जाने के लिए भरे जाने वाले प्रपत्रों के बारे में जानकारी दी।



मां मुक्तेश्वरी सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते व्यय प्रेक्षक। अमृत विचार

उन्होंने लेखा टीम की ओर से रिपोर्ट के आधार पर किए जाने वाले व्यय को किस प्रकार संबंधित अभ्यर्थी व राजनीतिक दलों के खाते में बांटा जाएगा, इस संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए सवाल भी किए। बैठक में मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति द्वारा पेड न्यूज व सोशल मीडिया के अंतर्गत प्रत्याशियों के सोशल मीडिया एकाउंट पर नजर बनाए रखने, किस प्रकार के विज्ञापन और न्यूज को पेड माने के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई।

- बैठक में इटावा और कन्नौज के व्यय प्रेक्षक पहुंचे
- दोनों संसदीय क्षेत्र में शामिल हैं एक-एक विस क्षेत्र

### नियमित रूप से किया जाएगा चुनाव व्यय का आकलन

उड़नदस्ता व स्टेटिक टीम की कार्रवाई और व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ व संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र एवं व्यय संवेदनशील पॉकेट के अंतर को स्पष्ट करते हुए विस्तार में जानकारी दी गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा क्षेत्र में एफएसटी व एसएसटी सहित वीडियो निगरानी टीम की तैनाती, जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम में सी विजिल के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टी व उम्मीदवार के निर्वाचन पर पूरी नजर रखी जाए। व्यय का आकलन नियमित रूप से करते हुए रिपोर्ट प्रेषित की जाए।

# 20 हजार रुपये का इनामी गिरफ्तार

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे बीस हजार रुपये के इनामिया को अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार किया है।

अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने बताया कि गश्त के दौरान पिपरी मोड़ के समीप एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में आता दिखा। शक होने पर उस व्यक्ति को रोक कर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम सईम नसीम निवासी कटरा मोहल्ला अमरौधा थाना भोगनीपुर बताया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि जब आरोपी से अवैध तमंचा रखने का कारण पूछा तो उसने बताया कि वह गैंगस्टर एक्ट में वांछित है और उसपर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित है। इसलिए वह अपनी सुरक्षा के लिए यह तमंचा रखता है। पुलिस ने उसके विरुद्ध मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

# तपिश में प्यासों को मुंह चिढ़ा रहा वाटर कूलर

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड पर लगा वाटर कूलर करीब तीन महीने से खराब है और हैंडपंप भी काफी दूरी पर है। इसकी वजह से यात्रियों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

जनपद में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचने लगा है। ऐसे में राहगीरों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड पर नगर पंचायत ने वर्ष 2022 में वाटर कूलर लगवाया था, जिससे लोगों को शीतल पेयजल मिलता था। इधर तीन महीने से वाटर कूलर की पाइप टूटी पड़ी है। बस स्टैंड में पीने के पानी के पर्याप्त इंतजाम न होने से राहगीरों को भटकना पड़ता है।

नगर के सत्यम, दीपांशू, अभिषेक, कल्लू खान, विशाल आदि ने बताया कि बस स्टैंड के समीप स्टेट बैंक और बगल में डाकघर है। वाटर कूलर खराब होने से लोग पानी के लिए परेशान होते है। लोगों का आरोप है कि बस स्टैंड के आसपास गुमटी वाले पानी के पाउच की बिक्री बढ़ाने के लिए वाटर कूलर के पाइप तोड़ देते हैं। नगर पंचायत ईओ नीति त्रिपाठी ने बताया कि वाटर कूलर का बोर क्षतिग्रस्त है। जल निगम की पाइप लाइन से जोड़कर चालू कराया जाएगा।



बस स्टैंड में खराब पड़ा वाटर कूलर।

- तीन महीने से शोपीस बना बस स्टैंड का वाटर फ्रीजर

# 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' पर करें काम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** भाजपा की रसूलाबाद विधानसभा बूथ प्रबंधन की बैठक शुक्रवार को चंद्रप्रभा शर्मा डिग्री कॉलेज रसूलाबाद में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत के आधार पर बूथ प्रबंधन को मजबूत बनाना है।

उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां देश को खोखला करने का काम कर रही हैं। भ्रष्टाचार में उनके नेता जेल भेजे जा रहे हैं और लगातार कलई खुल रही है। भाजपा जो भी संकल्प पत्र तैयार करती है, उसको पूरा करती है। उन्होंने कहा कि सभी पन्ना प्रमुखों को मतदाताओं के पास जाकर संपर्क करना है। लोकसभा चुनाव में जिला कमेटी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को सभी बूथों पर 20 कार्यों का क्रियांवयन करना है। इसमें हर बूथ पर 370 अतिरिक्त वोट डलवाने की जिम्मेदारी बूथ प्रबंधन से ही संभव होगी।

बैठक में जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, रसूलाबाद विधायक पूनम संखवार, पूर्व विधायक निर्मला संखवार, कमलेश दिवाकर, लोकसभा प्रभारी अरुण पाल, रवि दीक्षित, विधानसभा संयोजक ऋषि सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष देवशरण कमल, छुन्नी दुबे, सोनू तिवारी, बब्बन शर्मा, विनय प्रताप सिंह, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा आदि मौजूद रहे।




रसूलाबाद में बूथ प्रबंधन की बैठक लेते भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल।

- क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने ली बूथ प्रबंधन की बैठक

# 40 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया

**पुखरायां।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति के पास से 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने बताया कि वह पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। तभी मांचा मोड़ के समीप एक व्यक्ति संदिग्ध हालात में खड़ा दिखाई दिया। शक होने पर उसके पास मौजूद पिपिया की तलाशी ली गई तो उसमें 40 लीटर शराब बरामद हुई। पकड़े गए युवक ने अपना नाम विश्वनाथ निवासी भोगनीपुर बताया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह आने जाने वाले ट्रक चालकों से शराब खरीद लेता है और महंगे दामों में बेंचता था। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# आग लगने से तीन बीघा गेहूं फसल जली

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के खिरियनपुरवा व जरसेन गांव के बीच खेतों में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिससे लगभग तीन बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। दमकल ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। नायब तहसीलदार ने मौके पर जाकर नुकसान का जायजा लिया।

शुक्रवार को किसवा दुरौली, खिरियनपुरवा, मंगलपुरवा के किसानों के खेतों में अचानक गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। आग की लपटें देखकर आसपास के मौजूद किसान व राहगीर दौड़ पड़े और फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी। सभी ने मिलजुल कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इसी दौरान पहुंची दमकल ने पानी डालकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक देखते ही देखते आग से गेहूं की लगभग तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। लेखपाल शिवम् निगम ने बताया कि किसवा दुरौली गांव के रामकेश, लल्लू, मीरा देवी, खिरियनपुरवा के रामदास, रामसेवक, प्रताप सिंह व मंगलपुरवा के रामकिशन के खेतों में आग लग गई। जिससे सभी की तीन बीघा गेहूं की खड़ी फसल जली है। नायब तहसीलदार भोगनीपुर राकेश सिंह ने बताया कि मुआवजे के लिए रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।



खेत पर आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

- नायब तहसीलदार व लेखपाल ने नुकसान का किया आकलन

### हथूमा में आग लगने से एक बीघा गेहूं राख

**संदलपुर।** डेरापुर क्षेत्र के हथूमा गांव निवासी रामेश्वर के खेत में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई। खेत से लपटें उठती देखकर लोगों ने शोर मचाया। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देकर आग बुझाने का प्रयास किया। मौके पर पहुंची डायल 112 व कांधी चौकी पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से पानी व रेता डालकर करीब आधा घंटे में आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। गांव वाले आग पर समय रहते काबू न पाते तो आग अन्य खेतों में भी पहुंच सकती थी। कांधी चौकी प्रभारी अमरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आग से 30 हजार के नुकसान का अनुमान है। राजस्व अधिकारियों को सूचना दी गई है।

# साइकिल सवार युवक की गिरने से थमीं सांसें

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** मकनियापुर गांव में साइकिल से एक युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के मकनियापुर गांव निवासी विश्राम सिंह (45) पुत्र गयादीन की भांजी कीशुक्रवार को शादी थी। जिसको लेकर विश्राम बेहद खुश था। बताया जाता है कि शुक्रवार को दोपहर विश्राम ने शराब पी और नशे में धुत होकर साइकिल से घर जा रहा था। तभी अचानक साइकिल से गिर गया। जिससे सिर पर पत्थर लग जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी पर परिजन आनन फानन में उसे लेकर झीझक सीएचसी पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ शिरोमणि ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर मृतक की पत्नी मीना देवीख् पुत्र भोलाख् पुत्री साधना, गोल्डी, रोशनी आदि का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# सहालग में जाम, फंसी रही एंबुलेंस

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** कस्बे के वैकल्पिक मार्ग पर सहालग की वजह से वाहनों के आड़े-तिरछे फंस जाने से जाम लग गया। जिससे माती-अकबरपुर की ओर जाने वाले लोग व मरीज को लिए एंबुलेंस लगभग तीन घंटे तक जाम में फंसे रहे। बाद में वाहन सवारों ने खुद वाहनों को आगे पीछे कराकर जाम खुलवाने की कोशिश की, लेकिन घंटों जाम लगा रहा।

शुक्रवार की शाम लगभग साढ़े चार बजे टेलीफोन एक्सचेंज के आगे ओवरटेक करने में सामने से आए चौपहिया वाहन वैकल्पिक मार्ग पर फंस गए। करीब 7 बजे तक जाम लगा रहा। अंडरपास के दोनों तरफ ढलान पर खतरनाक मोड़ हैं, जिससे वाहन फंस जाते हैं। यह वैकल्पिक मार्ग सिर्फ तिपहिया व बाइक सवारों के लिए बनाया गया है, लेकिन यातायात होमगार्ड और पुलिस के शाम चार बजे हटने के बाद चौपहिया वाहन दौड़ते हैं। रोज जाम लगा रहता है। करीब तीन घंटे एंबुलेंस लिए मरीज जाम में फंसी रही। देर शाम तक लोग जाम खुलवाने का प्रयास करते रहे।



जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

# शार्ट सर्किट से आग में जल गई गृहस्थी

**मूसानगर।** क्षेत्र के जरसेन गांव के परमजीत बाबा के घर में शार्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे गृहस्थी जल कर राख हो गई। परमजीत के पुत्र मोनू ने बताया कि भाई सोनू की 10 जून को शादी है। वे दोनों सूरत में काम करते हैं। 15 अप्रैल को सूरत से घर लौटे हैं, जो भी रुपया पैसा कमा कर लाए थे। बैग में उसी कमरे में रखा था, जो जलकर राख हो गया। कमरे में रखा अनाज, कपड़े सहित सारा सामान चल गया। परिवार खेत गया था। क्षेत्रीय लेखपाल शिवम् निगम ने बताया कि आग से लाखों रुपये का नुक़सान हुआ है। रिपोर्ट भेजेंगे।

## सार-संक्षेप



आग से जलता खरपतवार। अमृत विचार

### खर-पतवार में लगी आग, दमकल टीम ने बचाई फसल

**सिकंदरा।** क्षेत्र के दुर्जापुर गांव में गांव के किनारे किसान अखिलेश कुमार की फसल कटी खेत के खरपतवार में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। धीरे धीरे-धीरे आग फैल गई और अगल-बगल के खेतों में भी फसल जलने लगी। ग्रामीणों की सूचना पर दमकल मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आसपास के खेतों में न लगे आग। इसलिए पूरे तरीके से आग को ठंडा कर दिया गया है।

### टक्कर मारने में ऑटो चालक के खिलाफ तहरीर

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के नधौआ गांव निवासी सुभाष चंद्र ने मंगलपुर थाने में तहरीर देते हुए बताया कि 16 अप्रैल की शाम वह भोलानगर झींझक से अपनी बाइक से जा रहे थे। तभी झींझक-मुड़ेरा मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ऑटो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए थे। झींझक सीएचसी में उपचार के दौरान हालत में सुधार न होने पर औरैया के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। उप निरीक्षक नेम सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुखरायां चौकी इंचार्ज धीरेंद्र सिंह ने बताया कि वह पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि दुष्कर्म व पॉक्सो में वांछित आरोपी कहीं भागने की फिराक में अकोढ़ी मोड़ के पास खड़ा है। सूचना मिलते ही वह पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे और उसे गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी का अपना नाम अंकित निवासी भगवती नगर पुखरायां बताया है। पुलिस ने अंकित को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

### 28 व्यापारियों का किया गया पंजीकरण

**रूरा।** कस्बे में शुक्रवार को पाथामाई मंदिर परिसर में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेष दीक्षित के नेतृत्व में विशेष शिविर लगाया गया। जिसमें छोटे, रेहड़ी, ठेली वाले व्यापारियों के सैंकड़ों की संख्या में खाद्य पदार्थ बिक्री करने के लिए पंजीयन किए गए। खाद्य सुरक्षा निरीक्षक राम बिहारी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने यह सुविधा छोटे व्यापारियों को आसानी से पंजीयन कराने के लिए कराईं है। शिविर में 28 व्यापारियों का पंजीकरण किया गया। इस दौरान कनिष्ठ सहायक हिमांशु वर्मा, मोनू गुप्ता, श्याम जी वैश्य, राज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### युवक ने गटका जहरीला पदार्थ, गंभीर हालत में रेफर

**मंगलपुर।** झींझक के वार्ड नंबर 11 बस्ती निवासी संजय ने संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पिता ओमवीर उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराते रहे। हालत खराब होने पर उसे जिला अस्पताल अकबरपुर भेजा गया।

तैयारी — राज्य शैक्षिक अनुसंधान के संयुक्त शिक्षा निदेशक ने पुखरायां डायट का किया निरीक्षण

# टीईटी व प्रतियोगी परीक्षाओं की चलेंगी कक्षाएं

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचार।** सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में चयनित पुखरायां डायट का राज्य शैक्षिक अनुसंधान के संयुक्त शिक्षा निदेशक ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने प्रस्तावित व पिछले वर्ष कराए गए कार्यों के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में चयनित डायट का शुक्रवार को भ्रमण करने पहुंचे राज्य शैक्षिक अनुसंधान के संयुक्त शिक्षा निदेशक पवन सचान, संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल एवं मनोज द्विवेदी, सहायक शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल राजेश वर्मा ने नवनिर्मित ऑडीटोरियम हॉल, प्रशिक्षुओं के छात्रावास, स्टाफ के आवासीय आवास, नवीन प्रशासनिक भवन, प्राचार्य आवास व अन्य निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

पुस्तकालय कक्ष का निरीक्षण करते समय प्रशिक्षुओं एवं अध्यापकों के मनपसंद की दो-दो पुस्तकें रखने के निर्देश दिए। साथ ही डायट प्रवक्ताओं की स्टाफ रूम में बैठक लेकर परिवर्तन लाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कार्यालय कक्ष में मौजूद स्टाफ से कार्यों के प्रति जानकारी ली। डायट प्रवक्ताओं को शिक्षक पात्रता परीक्षा व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान डायट प्रवक्ता संतोष कुमार, प्राची शर्मा, विनीता प्रकाश, विपिन कुमार शांत, अरुण कुमार, अजित प्रताप सिंह, अनुरुद्ध कुमार, अजय यादव, अभिषेक यादव, ऋषि निगम, बलबीर यादव, रामशंकर, नाथूराम, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।



पुखरायां डायट का निरीक्षण करती अधिकारियों की टीम। अमृत विचार

### प्रशिक्षण का स्तर बढ़ाने के लिए जरूरी निर्देश दिए

वहीं सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के अंतर्गत पूर्ण कराये जाने वाले कार्यों का रोड मैप तैयार कराए जाने के साथ स्टाफ रूम में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। डायट के ऑडीटोरियम हाल का निरीक्षण कर डॉ. पवन सचान से प्राचार्य राजू राना के कराये गये कार्यों की सराहना की। साथ ही प्रशिक्षण का स्तर और अधिक बढ़ाने के निर्देश दिए।

# बेटे से विवाद के बाद मां ने फंदा डाल दे दी जान



महिला की मौत पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** पुत्र से कहासुनी के बाद एक महिला ने साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।

कोतवाली क्षेत्र के रंजीतपुर ग्राम पंचायत के मजरा अकलेवा निवासी उमा देवी (50) टीबी समेत कई बीमारियों से जूझ रही थी। गुरुवार की रात पुत्र सौरभ सिंह घर आया। दोनों के बीच कहासुनी हो गई। क्षुब्ध होकर उमा ने कमरे के छत के कुंडे से रस्सी के साड़ी के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया की आपसी कहासुनी में महिला के जान देने की बात सामने आई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# हादसा : ट्रैक्टर की टक्कर से बच्ची की मौत

## जनवासे में बच्चों के साथ पहुंच गई थी बच्ची, गेहूं की मड़ाई कर लौट रहा था ट्रैक्टर, औंग का मामला

संवाददाता औंग फतेहपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव में ट्रैक्टर की टक्कर से बच्ची की मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर और चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

औंग थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव निवासी लक्ष्मीपाल की पुत्री की बारात गुरूवार को आई थी। कालिकन माता मंदिर में जनवासा था। जहां पर बच्चों के साथ पड़ोस की सत्यप्रकाश निषाद की पांच वर्षीय बेटी संजना पहुंच गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि बीकमपुर गांव के कासिम अली का ट्रैक्टर चालक मिट्ठू विश्वकर्मा गेहूं की मड़ाई शिवराजपुर पांडु नदी के किनारे करके वापस बीकमपुर गांव जा रहा था।

संजना को टक्कर लग गई। टक्कर लगते ही जनवासे में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना मासूम के परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे गंभीर हालत में पीएचसी गोपालगंज पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी कांति सिंह ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं ट्रैक्टर चालक बीकमपुर गांव का कहना है बेटी पहले से सड़क किनारे पड़ी थी। नाक से खून बह रहा था। सहानभूति में उसने ट्रैक्टर रोककर ग्रामीणों को बताया। लेकिन ग्रामीणों ने उस पर ही हादसे का आरोप लगा रहे हैं।




- ग्रामीणों ने ट्रैक्टर और चालक को पकड़कर पुलिस का सौंपा

### डीजे वाहन की चपेट में आकर युवक की गई जान

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के सरांय के पास गुरुवार की रात डीजे गाड़ी की चपेट में आ जाने से जहां बाइक सवार एक की मौत हो गई वहीं भाई समेत दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम काका बेरी गांव निवासी रामनरेश का पुत्र लोकेंद्र कुमार अपने भाई शैलेंद्र व राहुल के साथ बाइक से हथगाम थाना क्षेत्र के सरांय एक शादी समारोह में गया था। देर रात वापस लौटते समय जैसे ही यह लोग कुछ दूर पहुंचे तभी डीजे वाहन की चपेट में आ गए। जिससे लोकेंद्र की मौके पर मौत हो गई, जबकि शैलेंद्र व राहुल घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### डंपर की टक्कर से दंपति हो गए घायल

**बिंदकी।** डंपर की टक्कर से कार सवार दंपत्ति घायल हो गए। टक्कर लगने की तेज आवाज सुनकर मौके पर भारी भीड़ लग गई। लोगों ने घायल दंपति को कार से बाहर निकाला और एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। नगर के महरहा रोड बाईपास चौराहे में शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गई कार के शीशे टूट गए और अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कार सवार दंपति रामपाल और उनकी पत्नी निर्मला देवी निवासी बागपत घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ लग गई। घायल दंपति को लोगों ने कार से बाहर निकाला और एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मामले में घायल दंपति ने बताया कि वह शहर से रिश्तेदारी में आए थे और थाना कल्याणपुर क्षेत्र के गौसपुर गांव काम से जा रहे थे तभी रास्ते में हादसा हो गया।

### सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के महमूदपुर दंदवा गांव निवासी लोंदी पुत्र स्व. बंशी निमंत्रण में गया था। रात लगभग दो बजे वह पैदल गांव जा रहा था। जैसे ही वह गनेरी मजरे मौहार लिंक रोड पर पहुंचा। इसी बीच तेज रफ्तार आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# दल-बदल : अध्यक्ष के बाद कई सभासदों ने थामा भाजपा का दामन

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

**अमृत विचार।** असोथर नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर बीते दिनों भाजपा में शामिल होने के बाद शुक्रवार को उन्होंने अपने 10 सभासदों एवं अन्य समर्थकों को भी बीजेपी की सदस्यता दिलाई।

भाजपा में शामिल होने वालों में सभासद प्रतिनिधि राजेश कुमार, अजय कुमार सभासद प्रतिनिधि, कल्लू पासवान प्रतिनिधि सभासद ओमप्रकाश पासवान, सभासद विनीत पासवान, सभासद चंद्रपाल पासवान, सभासद अजय विक्रम सिंह, सभासद प्रतिनिधि प्रवीण कुमार, सभासद राजेश चौहान, सभासद मनोज चौहान, सभासद प्रतिनिधि संजीव सिंह, सभासद राम आसरे रैदास समेत समर्थकों में शिवबदन सिंह भदौरिया, अंकुर सिंह गौतम, कुलदीप यादव कटरा, अनिल पासवान, बबलू राजपूत, करुणेश द्विवेदी बौंडर, दीपक सिंह कंधिया, दीपक विश्वकर्मा, भोले गौतम, बंटी सिंह, अजीत सिंह उर्फ अज्जू सहित सैकड़ों समर्थकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर के अगुवाई में जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने सदस्यता ग्रहण कराई। पार्टी में शामिल लोगों से लोकसभा चुनाव में पार्टी को मजबूत करने की अपील की गई। इस दौरान जिला भाजपा कार्यालय में पार्टी के पदाधिकारी विक्रम सिंह चन्देल, जिला कार्यालय प्रभारी, अमित शिवहरे, जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा, पुष्पराज पटेल जिला मंत्री सहित अन्य भाजपाई मौजूद रहे।



पार्टी कार्यालय में सदस्यता के लिए जुटे सभासद व अन्य। अमृत विचार

# बसपा ने डॉ. मनीष सचान को बनाया प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा प्रत्याशी की घोषणा करने पहुंचे बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने डॉ. मनीष सचान को अधिकारिक रूप से फतेहपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया। इस दौरान उन्होंने विरोधियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने इंडिया गठबंधन की अगुवाई कर रही कांग्रेस की चुटकी लेते हुए कहा कि जिसके पास प्रदेश में दो फीसदी वोट शेयर है और एक लोकसभा सीट है।

वीआईपी रोड स्थित एक गार्डेन में बहुजन समाज पार्टी का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने शिरकत करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए भाजपा सरकार पर जहां जमकर निशाना साधा। वहीं कांग्रेस व समाजवादी पार्टी पर जमकर प्रहार किया। इंडिया गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में विपक्ष द्वारा बनाया गया इंडिया गठबंधन भाजपा के भेजे गये समूह थे। चुनाव से पहले ही गठबंधन के अगुवा व जेडीयू अध्यक्ष नितीश व त्रणमूल कांग्रेस गठबंधन से अलग हो चुके हैं। इंडिया व पीडीए समेत सभी गठबंधन को जनता ध्वस्त करते हुए सर्व समाज के बनाये हुए गठबंधन के दम पर लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी जीत हासिल करने का काम करेगी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के पास प्रदेश में मात्र एक एमपी है। सपा के पास सात या आठ प्रतिशत वोट है जबकि बसपा अकेले 25 प्रतिशत वोट बैंक का समूह है। उन्होंने मायावती के शासन की तारीफ की।




कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेते मुख्य अतिथि व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

- प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने अधिकारिक रूप से की घोषणा



घोषित बसपा प्रत्याशी डॉ. मनीष सचान।

### गुंडे और माफियाओं से भरी है सपा : विश्वनाथ पाल

**फतेहपुर।** बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि सपा सरकार को गुंडे माफियाओं की सरकार बताया। भाजपा पर माफियाओं को संरक्षण देने व गरीबों के घरों पर बुलडोज़र चलाने वाली सरकार बताया। कार्यकर्ताओ को पूर्व राज्यमंत्री अशोक गौतम, मुख्य सेक्टर प्रभारी प्रयागराज राजू गौतम, विशिष्ट अतिथि बाबू लाल भौरा व जिलाध्यक्ष डॉ. दीप गौतम ने संबोधित करते हुए एकजुट होकर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी को मज़बूत बनाने व बसपा प्रमुख के हाथों को मज़बूत करने का आह्वान किया। सम्मेलन की अध्यक्षता पूर्व विधायक मुरलीधर गौतम व संचालन वरिष्ठ नेता संजय सचान ने किया। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी वकील अहमद, राम नारायण, अभिषेक प्रताप सिंह, मथुरा प्रसाद विश्वकर्मा, सदर पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद मोहम्मद आसिफ, धीरज बाल्मीकि, गाज़ी अब्दुल रहमान, पीके गौतम समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत की गुत्थी उलझी

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहर के नऊवाबाग स्थित नर्सिंग होम में तीन दिन पूर्व आपरेशन के दौरान बच्चे को जन्म देने के बाद जच्चा की हालत बिगड़ गई। जिस पर उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया, जिसकी रास्ते में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने हंगामा काटा तो परिजनों को तीन दिन बाद सदर अस्पताल की पुलिस चौकी में मरा हुआ बच्चा सौंपा गया। जिस पर पिता का कहना है कि वह उसका बच्चा नहीं है।

सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के चकअब्दुल्लापुर गांव निवासी पितांबर की पत्नी उर्मिला को 16 अप्रैल की रात प्रसव के लिए शहर के नऊवाबाग स्थित मदर केयर नर्सिंग होम लाया गया। जहां डाक्टर ने आपरेशन किया। महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया और कुछ ही देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। जिस पर डाक्टर ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। परिजन महिला को लेकर कानपुर जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को दोपहर में एक बजे एक कागज के डिब्बे में मरे हुए बच्चे को सदर अस्पताल लाकर पुलिस को सौंपा गया। चौकी में मौजूद मृतका के पति का कहना है कि यह उसका बच्चा नहीं है। जन्म के बाद उसने बच्चे को नहीं देखा है। उसकी पत्नी ने जीवित बच्चे को जन्म दिया था डाक्टर ने बच्चे को बदल दिया है। कोतवाली प्रभारी राजेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की तहकीकात की जा रही है।




शहर के इसी अस्पताल में घटी घटना।

## सार-संक्षेप

### लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से किया हमला, चार घायल

**फतेहपुर।** खेत में लगे टमाटर की फसल को बकरी चर रही थी। इसको लेकर पड़ोसी से विवाद होने पर दोनों पक्षों ने लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से एक दूसरे पर हमला किया। मारपीट में एक ही परिवार के पिता पुत्री सहित चार लोगों को चोट आई है। परिजनों ने सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थरियांव थाना क्षेत्र के मवैया गांव के रहने वाले मोहनलाल की बकरी पड़ोसी के खेत में लगी टमाटर की फसल को खा रही थी। इसको देखकर पड़ोसी ने अपने परिवार के साथ मिलकर मोहनलाल से शिकायत की तो दोनों पक्ष में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर पड़ोसी ने लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से मोहनलाल, रामबाबू भाई और बेटी शिवांगी व भतीजी शालिनी पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीणों ने किसी तरह मामले को शान्त कराया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। थाना प्रभारी रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि मवैया गांव के रहने वाले मोहनलाल की बकरी पड़ोसी के खेत में लगे टमाटर को खा रही थी। उसी बात को दोनों पक्ष की महिलाएं आपस में लड़ रही थीं। विवाद बढ़ने पर पड़ोसी ने मारपीट कर चार लोगों को घायल कर दिया।

### बुआ के घर में भतीजी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**फतेहपुर।** चांदपुर थाने के आजमपुर गड़वा में बुआ के रहने वाली भतीजी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सिर व गले में चोट के निशान मिले हैं। बांदा जिला बबेरू थाना क्षेत्र के बगेटा गांव निवासी रमेश दिवाकर की पुत्री बेबी (17) बचपन से बुआ रेखा पत्नी राजेश के यहां रहती थी। मद्रास में राजेश कमाता है। बेबी बुढ़वा इंटर कालेज में हाईस्कूल की छात्रा थी। बुआ रेखा ने बताया कि भतीजी को कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटकता देखा। उसे फंदा काटकर नीचे उतारा। पति व भतीजी के परिजनों को खबर दी। भतीजी का चाचा सुरेश शाम को घर आया। उसने पुलिस को खबर दी। पुलिस ने मौके पर किशोरी के सिर में चोट व गले में फंदे का निशान देखा।

### शार्ट सर्किट से कोल्ड ड्रिंक की दुकान में लगी आग

**जाफरगंज।** कोल्ड ड्रिंक की एक दुकान में गुरूवार को शार्टसर्किट से आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा लाखों का माल जलकर राख हो गया। दुकान पहुंचे दुकानदार ने दुकान खोलने का प्रयास किया तो दुकान में करंट आने से वह दुकान नहीं खोल सका। जिससे पूरा माल जलकर राख हो गया। जाफरगंज थाना क्षेत्र के उमरिहा बाजार में अंगदपुर गांव निवासी शिव लखन साहू कोल्ड ड्रिंक की दुकान चलाते हैं। रोज की तरह गुरूवार की रात में वह दुकान बंदकर घर चला गया था। दुकान के बगल में गेस्ट हाउस में बारात आई थी। बारातियों के अगवानी का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान किसी बाराती की नजर दुकान की तरफ पड़ गई तो देखा कि दुकान के अंदर से धुआं निकल रहा है। पास जाकर देखा तो दुकान के अंदर आग लगी थी। दुकान के बोर्ड में लिखे मोबाइल नंबर के माध्यम से बाराती ने दुकान मालिक शिवलखन साहू को सूचना दी। सूचना मिलते ही सारा परिवार दुकान पहुंच गया लेकिन शटर में करंट होने के कारण दुकान का ताला नहीं खुल सका और दुकान में रखा फ्रिज और करीब दो लाख रुपये कीमत का माल जलकर राख हो गया।

### पशुबाड़े में लगी आग पर पाया काबू

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र के सिजौली निवासी रामचरण उर्फ कल्लू विश्वकर्मा के पशु बाड़े में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों की मदद से पशुओं को बाहर निकाला गया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस दमकल को बुलाया। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से काबू पा लिया।






# बूढ़ेदासमंदिरमेंशिवपार्वती की हुई प्राण प्रतिष्ठा



शिव पार्वती की होती प्राण प्रतिष्ठा। अमृत विचार

संवाददाता खागा फतेहपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के अढ़ौली बाजार में सुप्रसिद्ध महात्मा बूढ़ेदास बाबा के नाम से नवनिर्मित मंदिर में प्रसिद्ध महात्मा के अतिरिक्त अन्य देवी देवताओं के विराजमान होने के साथ शिव पार्वती की प्राण प्रतिष्ठा के चलते एक सप्ताह पूर्व से कलश यात्रा एवं कथा के कार्यक्रम के बाद आज शिव विवाह का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें धूमधाम से ओम गेस्ट हाउस से मंदिर तक के लिए वर यात्रा निकाली गई। वरपक्ष की भूमिका सुरेंद्र सिंह एवं कन्या पक्ष की भूमिका अमित सिंह मुखिया द्वारा अदा की गई।

बाबा बूढ़ेदास मंदिर में देवी देवताओं की मूर्ति पूजा का कार्यक्रम होता रहता था, लेकिन मंदिर दो-तीन वर्ष पूर्व ग्रामीणों के सहयोग से बनाया गया। जिसमें शिव पार्वती की मूर्ति स्थापना के बाद प्राण प्रतिष्ठा के लिए कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दस अप्रैल कलश यात्रा के साथ की।

# रसूखदारों की मध्यस्थता में कराया गया बाल विवाह

**फतेहपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में बाल विवाह को बढ़ावा देने का मामला सामने आया है। गांव के रसूखदार की चौखट में पंचायत के बाद नाबालिगों की शादी करा दी गई। 15 दिन पहले घर से नाबालिग किशोर व एक किशोरी भाग गए थे।

इस दौरान उनके परिजनों ने उनकी तलाश की तो दोनों मिल गए और दोनों को गांव लाया गया। मामले में गांव के एक रसूखदार की मध्यस्थता में पंचायत हुई और उसके बाद दोनों नाबालिगों की शादी करा दी गई। हालांकि गांव में रसूखदार पंचायत कर दोनों की शादी कराने का काम कर दिया। मामले में थाना प्रभारी कांति सिंह ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। अब मामले की जानकारी हुई है, जांच पड़ताल की जायेगी।

# ट्रेन पकड़ने के प्रयास में छूट गया बैग

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** ट्रेन पकड़ने की जल्दबाजी में महिला का नकदी व जेवरात से भरा बैग रूरा रेलवे स्टेशन पर छूट गया। झींझक कंट्रोल रूम से सूचना के बाद रूरा स्टेशन मास्टर ने कर्मियों द्वारा दिए गए बैग को महिला के सुपुर्द किया।

रूरा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर एक लावारिस लेडीज बैग पड़ा मिला। जिसे कर्मचारियों ने स्टेशन अधीक्षक के केबिन में रखवा दिया है। शुक्रवार शाम करीब 16.53 बजे झींझक रेलवे स्टेशन के कंट्रोल रूम से रूरा रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर को बैग स्टेशन पर छूट जाने की सूचना मिली। जिसके बाद स्टेशन अधीक्षक ने बैग को अपने पास होने की सूचना कंट्रोल रूम को दी और महिला से अपना बैग ले जाने के लिए कहा। महिला शाम छह बजे रूरा स्टेशन पहुंची।

स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पुरवा कड़री सहायल जिला औरैया निवासी महिला सपना देवी रूरा अपने रिश्तेदारी में आई थी, जो रूरा स्टेशन से दोपहर वाली पैसेंजर से झींझक जाने के लिए ट्रेन में सवार हुई। पहले ट्रेन प्लेटफार्म नंबर तीन पर आनी थी। बाद में प्लेटफार्म नबर एक पर आने की सूचना हुई तो जल्दबाजी में बैग वहीं छोड़ दिया। जिसमे पचास हजार रुपये व करीब दो लाख रुपये के जेवरात भी थे। महिला से पूंछतांछ कर उसका सामान व उसका बैग उसे सौंप दिया गया है।



महिला को बैग सौंपते रूरा स्टेशन मास्टर अशोक कुमार। अमृत विचार

- रूरा स्टेशन मास्टर ने वापस कराया कैश व जेवरों से भरा बैग

दिशा-निर्देश | बीआरसी में उपलब्ध किटों से नामांकित बच्चों के बन रहे आधार कार्ड

# दाखिले के लिए आधार नंबर जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। हालांकि शासन की ओर से आए एक आदेश ने प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों को परेशान कर दिया है। कक्षा एक में प्रवेश के लिए आधार अनिवार्य कर दिया गया है। एक अप्रैल तक छह वर्ष की आयु पूरा करने वाले छात्र का ही कक्षा एक में प्रवेश होना है। ऐसे में जिन अभिभावकों ने आधार नहीं बनवाया है। वह नामांकन कराने के दौरान परेशानी झेल रहे हैं। आधार से जुड़ी यह समस्या प्रधानाध्यापकों के लिए परेशानी का सबब बन गई है।

बीते दिनों शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह बघेल ने सभी बीएसए को शैक्षिक सत्र 2024-25 में छात्र-छात्राओं के नामांकन के संबंध में आदेश जारी किया था। इसके तहत निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 के तहत छह से 14 वर्ष आयु वर्ग के शत-प्रतिशत बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जानी है। कक्षा एक में ऐसे छात्रों का नामांकन होना है, जिनकी आयु एक अप्रैल 2024 को छह वर्ष पूर्ण हो चुकी हो।

छह वर्ष से कम आयु के बच्चों का नामांकन किसी भी दशा में नहीं लिया जाएगा। नामांकन के समय बच्चों का आधार नंबर भी अंकित किया जाना है। बच्चे का आधार न होने की दशा में माता-पिता का आधार नंबर लिखा जाएगा। यदि माता-पिता का भी आधार नहीं है तो नामांकन के दो सप्ताह के अंदर उन्हें आधार बनवाना होगा। इतने कम समय में आधार कैसे बन पाएगा, जब आधार गिने चुने स्थानों पर ही बनाए जा रहे हैं। इसी चक्कर में अभिभावक व शिक्षक परेशान हैं।



### आधार किट से बनेंगे कार्ड

बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि शासनादेश के अनुरूप कार्य किए जाएंगे। किसी भी दशा में बच्चों के नामांकन में कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। बीआरसी में उपलब्ध कराई गई आधार किटों से नामांकित बच्चों के आधार कार्ड बनवाए जाएंगे। हालांकि एक अप्रैल को 6 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों के ही नामांकन कक्षा एक में होंगे। इससे कम आयु के बच्चों का नामांकन आंगनबाड़ी केंद्रों में किया जाएगा।

# सड़क हादसे में तीन युवक घायल

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार देर शाम बाइक सवार तीन युवक अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरे, जिससे तीनों घायल हो गए। तीनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हवासपुर पहुंचाया गया, जहां डॉ. वैभव कटियार ने दो की हालत चिंताजनक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जानकारी के मुताबिक गोपालपुर निवासी शिवम अपने साथी अर्पित और सोनज के साथ सिकंदरा से बनीपारा शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। लौवा पेट्रोल पंप के पास बाइक अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सीएचसी हवासपुर पहुंचाया गया, जहां से डॉक्टर ने सोनज और शिवम की हालत चिंताजनक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# टूंडला पैसेंजर में मिला वृद्ध का शव



पैसेंजर ट्रेन से उतारकर प्लेटफार्म पर रखे गए शव की छानबीन करती पुलिस।

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** कानपुर से टूण्डला जा रही पैसेंजर ट्रेन में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। जिससे यात्रियों ने हड़कंप मच गया।

शुक्रवार को कानपुर से चलकर टूण्डला जा रही पैसेंजर ट्रेन के गार्ड विजय सिंह ने बताया कि मैथा स्टेशन पर शाम करीब 15.40 पर यात्रियों से सूचना मिली की ट्रेन की आखिरी बोगी में एक 60 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। उन्होंने इस बावत सूचना स्टेशन रूरा को दी और ट्रेन को प्लेटफार्म नंबर एक पर खड़ा करा दिया। जहां पर आरपीएफ व रेल कर्मियों ने शव को उतार कर जीआरपी झींझक को मेमो भेजकर सूचना दी। मौके पर पहुंची जीआरपी कर्मियों ने छानबीन की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस दौरान पैसेंजर ट्रेन करीब 23 मिनट तक स्टेशन पर खड़ी रही।




# इस बार अब तक का सबसे गर्म दिन रहा शुक्रवार

## पारा 43 पार: आसमान से बरस रही आग, सड़कों पर अभी से पसरा सन्नाटा, गर्म हवाओं ने किया परेशान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** मौसम का मिजाज हर दिन तल्ख होता जा रहा है। उमस और गर्मी से लोग बेहाल हैं। शुक्रवार को पारा 43.2 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। दिन में धूप इतनी तेज थी कि मानो आसमान से आग बरस रही हो।

शुक्रवार को दिन की शुरुआत पिछले कई दिनों की तरह तेज धूप से हुई। सूरज की किरणें शरीर को चुभ रही थीं। दिन चढ़ने के साथ-साथ पारा भी चढ़ता गया। सुबह 10 बजे 38 डिग्री सेल्सियस तो 11 बजे तक तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। ऐसे में जो भी जरूरी काम से बाहर निकला वह धूप और गर्मी से परेशान दिखा। सड़क पर ज्यादातर लोग धूप से



बचने के लिए चेहरा कपड़े से ढके रहे। धूप और गर्मी का असर यह रहा कि दोपहर के समय बाजारों में सन्नाटा जैसा नजारा रहा। दिन में तेज हवा भी चली, गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को घरों में ही कैद करने को मजबूर कर दिया। इससे एक दिन पहले 40.0 डिग्री सेल्सियस पारा दर्ज किया गया था। मौसम विज्ञानी की मानें तो आगामी



मुंह ढककर जातीं युवतियां।

24 घंटे तक मौसम तल्ख बना रहेगा। दोपहर में तेज हवा चलने की संभावना है।

**बाजार में बढ़ी सनस्क्रीन लोशन की मांग:** गर्मी ने कहर दिखाना शुरू कर दिया है। सूरज की तीखी धूप त्वचा को झुलसा रही है। पारा 43 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है। ऐसे में सन स्क्रीन लोशन की मांग बढ़ गई है। सबसे अधिक मांग 50 एसपीएफ (सन प्रोटेक्शन फैक्टर) क्रीम की है। चौक स्थित सौंदर्य प्रसाधन के दुकानदार राजेश लोधी ने बताया कि सनस्क्रीन क्रीम की बिक्री प्रतिदिन हो रही है। अलग-अलग कंपनियों के यह लोशन 200 से 1000 रुपये में प्रति पीस हैं। बताया कि सूरज की किरणों से बचने के लिए युवाओं में सनस्क्रीन लोशन की मांग है। फुटकर दुकानों पर प्रतिदिन 8-10 पीस बिक्री हो रही है।

### गमछा और टोपी की बिक्री बढ़ी

गर्मी हो या सर्दी दुकानदारों के लिए दोनों ही मौसम बिक्री के लहजे से अच्छे हैं। इन दिनों रेडीमेड के साथ सामान्य कपड़ा दुकानों के बाहर गमछा और टोपी सजे हैं। साथ ही तरह-तरह की वैरायटी रखकर दुकानदार ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। कपड़ा व्यापारी पीयूष शुक्ला ने बताया कि सूती कपड़े खासकर टी-शर्ट ज्यादा बिक रहे हैं।

### गर्मी से करें बचाव

बदलते मौसम में सतर्क रहें। दोपहर के वक्त धूप में बेवजह जाने से बचें। यदि घर या प्रतिष्ठान से कहीं बाहर जाएं तो सिर व चेहरे को गमछे से ढक लें। समय समय पर पानी जरूर पीते रहे। मौसमी फलों का जूस, गन्ने व बेल का जूस पीने से भी गर्मी का असर कम होगा।

-डॉ. रघुनाथ सिंह, फीजिशियन

# गर्मी में बिजली कटौती कोढ़ में खाज

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- ग्रामीण क्षेत्रों में मुश्किल से मिल रही आठ से दस घंटे बिजली आपूर्ति
- भयंकर गर्मी में परेशान हो रहे ग्रामीण, बिजली विभाग नहीं दे रहा ध्यान



**अमृत विचार।** गर्मी का मौसम आते ही बिजली की अघोषित कटौती लोगों को रुलाने लगी है। ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को लगातार 8 से 10 घंटे तक भी बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है। बिजली विभाग के कर्मचारी लाइन बन्द होने के समय फाल्ट ठीक न करके आपूर्ति चालू होने पर फाल्ट को सही करते हैं।

एक तो गर्मी का सीजन शुरू हो गया है। हर रोज बढ़ता तापमान लोगों को परेशान कर रहा है। वहीं गर्मी से राहत के लिए लोगों को बिजली न मिलने के कारण और अधिक परेशानी हो रही है। खागा तहसील के धाता, सदर क्षेत्र के बहुआ समेत अन्य कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति का आलम यह है कि लोगों को पूरे-पूरे दिन लाइट नहीं मिलती है। ग्रामीण फीडरों पर बिजली की आपूर्ति आठ से 10 घंटे तक लोगों को नहीं मिलती है।

खेतों में गेहूं की पकी फसल होने से बिजली के तारों की स्पार्किंग से आग न लग जाये इस सुरक्षा के चलते बिजली विभाग दोपहर 11 व 12 बजे से ग्रामीण क्षेत्र के फीडरों की बिजली आपूर्ति बंद कर देता है। जो शाम को 5 से 6 बजे तक बंद रहती है। उतने समय तक ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति नहीं होती है। लेकिन इसके बाद जब आपूर्ति चालू होती है तो लाइन में फाल्ट सही होने के कारण ग्रामीण फीडर की आपूर्ति ठप रहती है। ग्रामीण क्षेत्र के फीडरों में इसके बाद भी दो से तीन घंटे तक बिजली की आपूर्ति बंद रहती है।

### ट्रांसफार्मर फुंकने पर कई गांवों में रहता है अंधेरा

ग्रामीणों का कहना हैं कि परेशानी केवल यही नहीं हैं बल्कि गांव में खराब ट्रांसफार्मर को भी बिजली चालू होने के समय बदला जाता है। ट्रांसफार्मर के बदलने में लगने वाले समय एक से डेढ़ घण्टे तक सम्बंधित पूरे फीडर की आपूर्ति बंद रहती है। एक गांव के ट्रांसफार्मर बदलने के दौरान उस फीडर लाइन से जुड़े 20 से 30 गांव की आपूर्ति भी बंद रहती है।

# चुनाव देश का गर्व, अवश्य करें मतदान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में 20 मई को अधिक से अधिक मतदान कराने को लेकर प्रशासन स्तर पर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को लोकतंत्र का पर्व देश का गर्व, थीम के साथ जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी सी. इंदुमती के मार्गदर्शन में स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा आरएस एक्सेल इंग्लिश अकादमी स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक शिवपूजन द्विवेदी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने सहयोग किया। डॉ अनुराग ने बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों को 20 मई को मतदान के लिए जागरूक किया। साथ ही सभी नागरिकों, वृद्धजनों व दिव्यांगजनों को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए अपील की। बताया कि अभी भी वोटर हेल्पलाइन एप व फॉर्म 6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विवेक कुमार द्विवेदी, आकांक्षा सिंह, अभिलेख कुमार, वीना श्रीवास्तव, अनामिका सचान सहित अन्य सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



मेहंदी लगाकर मतदान करने का संदेश देतीं छात्राएं। अमृत विचार

### छात्राओं ने मेहंदी रचा कर दिया मतदान का संदेश

बेसिक शिक्षा विभाग अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 तक अध्यनरत बालिकाओं द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मतदाताओं को 20 मई को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही विद्यालयों में मतदाता जागरुकता के लिए आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड भी बनवाए गए।

# चोरी के माल के साथ पांच गिरफ्तार

**फतेहपुर।** जहानाबाद पुलिस को शुक्रवार को बड़ी सफलता मिली है। टप्पेबाजी करने और चोरी करने वाले गैंग के पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि पुलिस ने जहानाबाद स्थित देवी स्कूल के सामने मैदान से श्रृषि शुक्ला, शिवम, शोभित दुबे, दो महिलायें छुन्ना तिवारी उर्फ उमा तिवारी, ऊषा दुबे को गिरप्तार किया गया है।

उनके पास से दो तमंचा, चार जिंदा कारतूस, दो सोने के लाकेट, दो चांदी की पायल, 7150 रुपये, चार मोबाइल और एक कार बरामद की है।

पुलिस ने बताया कि कार से यह लोग जगह जगह जाकर दो ग्रुपों में बंटकर ज्वैलरी की दुकान को टारगेट करते हैं। ज्वैलरी की दुकान में जेवरात खरीदने देखने के बहाने काफी सामान निकलवाने के बाद ग्रुप का कोई सदस्य धोखाधड़ी से सामान चुरा लेता हैं। पुलिस का कहना कि अभी इनकी निशादेही पर और पड़ताल की जा रही है।

# लोगों की कमर तोड़ रहे खखरेरु कोट मार्ग के ब्रेकर

संवाददाता, खागा फतेहपुर

**अमृत विचार।** खखरेरु-कोट मार्ग में बने बेवजह हाई स्पीड ब्रेकर दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। हर दिन हो रहे हादसों के बाद भी पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों में गम्भीरता नहीं दिख रही है। वाहनों की गति कम करने तथा दुर्घटनाएं रोकने के लिए सड़कों पर बनाए गए स्पीड ब्रेकर अब दुर्घटना के कारण बनते जा रहे हैं।

विभाग ने स्पीड ब्रेकर बनाने के साथ ही मार्किंग नहीं की। जिससे वाहन सवार को दूर से ब्रेकर नहीं दिखाई देते हैं। जबकि स्थानीय लोगों को स्पीड ब्रेकर की जानकारी जरूर रहती है। गैर जनपद से आने वाले वाहन सवार को जानकारी न होने के कारण दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। खागा व खखरेरु कोट मार्ग में बेवजह बनाए गए दर्जन भर से ज्यादा स्पीड ब्रेकर से प्रतिदिन राहगीर गिरकर चुटहिल हो रहें है। पूर्व में समस्या के बावत विभाग के जेई राम लखन द्वारा कहा गया था कि बहुत जल्द इन ब्रेकर को हटवा कर मार्ग को दुरुस्त करा दिया जाएगा। फिलहाल की स्थिति यही बयां कर रहीं है कि न हाई स्पीड ब्रेकर मार्ग से हटे न ही दुर्घटनाएं कम होने का नाम ले रही हैं। अब इसे विभाग की मनमानी कही जाए या फिर लोगों की जान के साथ खिलवाड किया जा रहा है।

### इन जगहों पर बने मानक विहीन स्पीड ब्रेकर

क्षेत्र के शिवपुरी, रहमतपुर, कुल्ली, मानुपुर मोड़ समेत अन्य गांव जबकि स्थानीय लोगों ने बताया की जहां स्पीड ब्रेकर की जरूरत है वहां विभाग ने अनदेखी की है। जबकि मार्ग के किनारे बने स्कूल व जहां लोगों का आवागमन ज्यादा हो रहा हो उन जगहों पर ब्रेकर होना जरूरी है। लोगों ने बताया कि शिवपुरी व कुल्ली गांव में तो हर घर के सामने मानक विहीन स्पीड ब्रेकर बने हैं। इनको हटना चाहिए ताकि राहगीरों को सही समय पर उसकी दूरी तय करने में दिक्कत न हो साथ ही आए दिन हो रहीं दुर्घटनाओं से लोगों को निजात मिल सके। पप्पू सिंह कुल्ली, नरसिंह पटेल, चरन सिंह, छवि लाल, अतुल मिश्रा, बब्लु निषाद, व छोटे लाल, का कहना था की 12 किलोमीटर की दूरी में कई स्थानों पर स्पीड ब्रेकर इतने ऊंचे बना दिए गए हंर कि वाहन चालक धोखा खा जाते हैं। नियम के मुताबिक स्पीड ब्रेकर लगाने से पहले ड्राइवर को सचेत करने के लिए 50 से 80 मीटर पहले चेतावनी बोर्ड लगाना आवश्यक है। नियम अनुसार इस पर पेंट के साथ थर्मोप्लास्टिक बार मार्किंग होना जरूरी है। इन्होंने यह भी बताया कि बेवजह बने स्पीड ब्रेकर को विभाग को जल्द से जल्द हटवाना चाहिए और जहां जरूरत है वहां ब्रेकर का होना जरुरी है।

### स्थानीय लोगों की जुबानी



नरसिंह पटेल निवासी कुल्ली ने बताया कि मार्ग पर अनगिनत बने स्पीड ब्रेकर से हर दिन हो रहे हादसे विभाग को जागने की जरूरत है। वाहन से गिरकर महिलाएं व बच्चे दुर्घटनागस्त होते रहते हैं।



पप्पू सिंह निवासी कुल्ली का कहना रहा कि यह मार्ग खखरेरु नगर समेत तहसील व जनपद को जोड़ता है। स्पीड ब्रेकर होने के कारण इमरजेंसी में लोगों के वाहन सही समय पर दूरी तय नहीं कर पाते।

### क्या बोले जिम्मेदार

अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग एके शील का कहना रहा कि स्पीड ब्रेकर विद्यालय के सामने बनाए गए हैं। बाकी बने ब्रेकर की जानकारी नहीं है। वहीं प्रांतीय जेई अरविंद कुमार का कहना रहा कि अधिक जो भी ब्रेकर बने हैं वह स्थानीय लोगों की मनमानी से बनाए गए हैं, जिन्हे बहुत जल्द हटवाए जाएगा।

# शहर में गला तर करने के लिए खरीदकर पीना होगा पानी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गर्मी अब अपना असर दिखाने लगी है, लेकिन शहर में आम लोगों के लिए पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। जगह-जगह लगाए गए वाटर कूलर खराब हैं। प्याऊ के लिए बनीं पानी टंकियां भी बेकार हो चुकी हैं। कहीं टोटी खराब है तो, कहीं टंकियां ही गायब हैं। तपिश बढ़ने के बाद भी नगर पालिका इनकी मरम्मत नहीं करा रही। हालत ये कि शहर में गला तर करने के लिए लोगों को पानी खरीदना पड़ेगा।

नगर पालिका परिषद की ओर से पूर्व में राहगीरों के साथ ही आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर के विभिन्न स्थानों पर वाटर कूलर के साथ ही प्याऊ के लिए पानी टंकी का निर्माण कराया गया था। करीब दो-तीन वर्ष पूर्व नगर के पटेल नगर, जिला अस्पताल, बस स्टाप आदि जगहों पर वाटर कूलर लगाए गए थे। वर्तमान में सभी वाटर कूलर खराब होने से शो-पीस बने हुए हैं।



कलेक्ट्रेट स्थित वाटर कूलर बना शो-पीस। अमृत विचार

### संस्थाओं ने लगवाये थे वाटर कूलर जो अब हो गये बेकार

शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराए जाने के लिए नगर में कई स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर से प्याऊ व वाटर कूलर की व्यवस्था की गई थी। लगाए जाने के बाद फिर संस्थाओं ने इनकी सुधि नहीं ली। जिससे उनकी ओर से लगाए गए प्याऊ व वाटर कूलर अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं।

### रोडवेज बस स्टेशन पर भी है पानी की परेशानी

परिवहन विभाग की ओर से शहर के रोडवेज स्टेशन पर यात्रियों को पेयजल उपलब्ध कराए जाने के लिए लगाए गए वाटर कूलर बेमकसद साबित हो रहे हैं। यात्रियों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। यही हाल शहर के अन्य प्रमुख चौराहों में लगे वाटर कूलर का है। पिछले एक साल से खराब पड़े वाटर कूलर की मरम्मत नहीं कराई गई। जिससे यात्री बोतल बंद पानी खरीदने के लिए मजबूर हैं।

### टंकियों की टोटी और पाइप तक हो गए गायब

गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के लिए नगर पालिका की ओर से करीब दो से तीन वर्ष पूर्व जगह-जगह गोल आकार में पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। प्याऊ के ऊपर पानी की टंकी लगाई गई थी। टंकी को भरने के लिए सबमर्सिबल की बोरिंग से पाइप को जोड़ा गया था। लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए टोटियां लगाई गई थीं। शहर के हिकमतउल्ला पार्क, वर्मा तिराहा समते आदि स्थानों पर इस तरह के प्याऊ की व्यवस्था की गई थी। वर्तमान में दो-तीन को छोड़कर अधिकतर टंकियां खराब पड़ी हैं। किसी की टोटी, किसी की टंकी और किसी का पाइप गायब है।

शहर में लगे वाटर कूलर व प्याऊ की जांच कर मरम्मत कराए जाने का निर्देश जलकल के जेई को दिया गया है। जल्द ही मरम्मत कराकर चालू कराया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों में प्याऊ भी खुलवाए जाएंगे।

-समीर कश्यप, ईओ- नगर पालिका

# नेताओं के सामने हुआ ईवीएम का रेंडमाइजेशन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- डीएम की अध्यक्षता में वीडियोग्राफी के बीच खोला गया वेयर हाउस
- विधान सभावार ईवीएम सीयू एवं वीवीपैट का हुआ रेंडमाइजेशन

**अमृत विचार।** लोक सभा चुनाव में मतदान को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम सी.इंदुमती की अध्यक्षता में ईवीएम का रेंडमाइजेशन किया गया।

मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों में भाजपा से मनोज कुमार मिश्रा, सपा से केपी सिंह, बसपा से काजी अब्दुल रहमान, कांग्रेस से बीरेंद्र सिंह चौहान, राजीव लोचन निषाद, सीपीआई से आलोक प्रकाश की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में बैलेट यूनिट-3311, कंट्रोल यूनिट-2704, वीवी पैट-2917 विधान सभावार प्रथम रेंडमाईजेशन किया गया। उसके बाद वेयर हाउस का जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के समक्ष वीडियोग्राफी के साथ सील खुलवाकर ईवीएम मशीनों को देखा और कहा कि वीडियोग्राफी कराते हुए विधान सभावार ईवीएम (वीवी पैट, कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट) की एफएलसी की हुई मशीनों को स्कैन करते हुए रेंडमाईजेशन का कार्य पूरा किया जाए। इस अवसर पर सीडीओ पवन कुमार मीना, एडीएम वित्त एवं राजस्व अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, सभी विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, उप निदेशक कृषि राममिलन सिंह समेत अन्य सम्बंधित मौजूद रहे।




रेंडमाइजेशन में मौजूद अधिकारी व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि। अमृत विचार

सियासत

## फतेहपुर लोकसभा सीट से अभी भाजपा के अलावा सिर्फ बसपा ने ही खोले हैं अपने पत्ते, बसपा के प्रत्याशी से सपा में बढ़ी हलचल

# भाजपा की हैट्रिक रोकने को सपा नहीं खोज पा रही ट्रंप कार्ड

नीरज यादव, फतेहपुर

**अमृत विचार।** फतेहपुर लोकसभा सभा सीट में भाजपा की साध्वी निरंजन ज्योति दो बार परचम लहरा चुकी हैं। यहां से अब वे हैट्रिक लगाने को बेताब हैं तो वहीं सपा समेत अन्य दल इनकी हैट्रिक रोकने के लिए कड़ी टक्कर देने का ताना बाना बुन रहे हैं। फिलहाल अभी सपा से जो नाम सामने आ रहे हैं उनमें सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष समरजीत सिंह व पूर्व सांसद डॉ .अशोक पटेल के नाम पर मुहर लग सकती है। वहीं बसपा ने डॉ. मनीष सचान को प्रत्याशी बना दिया है।

सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल राज्यमंत्री भी रह चुके हैं। वहीं भाजपा ने तीसरी बार केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को प्रत्याशी घोषित किया । निस्तेज पड़ी बहुजन समाज पार्टी ने सोच समझकर अपना प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतार दिया है, वहीं कांग्रेस-सपा के हुए गठबंधन के बाद समाजवादी पार्टी यहां जीत के लिये ट्रंप कार्ड खोज रही है। इसी का नतीजा है कि कभी सवर्ण तो कभी पिछड़े प्रत्याशी की उधेड़बुन में मजबूत प्रत्याशी उतारने की लंबी कवायद कर रही है, जिससे भाजपा को विजयश्री से रोका जा सके।

**सपा में प्रत्याशिता की लम्बी फेहरिस्त :** स्वर्ण प्रत्याशी के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष समरजीत सिंह का नाम सबसे आगे है। समरजीत सिंह की बिरादरी में मजबूत पकड़ मानी जाती है और उनका स्वभाव एवं व्यक्तित्व ऐसा है जिसमें ब्राह्मण के अलावा अन्य स्वर्ण जातियों के साथ पिछड़ी वोट बैंक पर मजबूत पकड़ रखते हैं। उनकी फतेहपुर जिले के साथ कानपुर के मतदाताओं में भी मजबूत पकड़ है। इसके अलावा पूर्व सांसद डॉ.अशोक पटेल टिकट की लाइन में है। वे जिले से दो बार सांसद भी रह चुके हैं। वैसे जिस तरह से प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल कुछ दिनों से जिले में चहल कदमी बढ़ाए हैं उससे उनके चुनाव लड़ने की संभावनाएं भी प्रबल नजर आ रही हैं। लेकिन उन्हें जमीनी जनाधार साबित करना कठिन साबित होगा। पिछड़ा एवं स्वर्ण की ऊहापोह में प्रत्याशी की घोषणा की देरी के पीछे जीत का ट्रंप कार्ड ढूंढना ही फिलहाल माना जा रहा है। नेतृत्व प्रत्याशी घोषणा से पहले हर उस पहलू पर मजबूत होमवर्क करना चाह रहा है जिससे पीड़ीए एवं स्वर्ण मतदाताओं के नफा-नुकसान का वह आकलन कर सकें।



### बसपा ने कुर्मी पर लगाया दांव

बसपा ने संसदीय क्षेत्र के अनंतापुर पुखरायां कानपुर देहात के रहने वाले डॉ. मनीष सिंह सचान को प्रत्याशी बना दिया है, जिनके नाम की घोषणा कोआर्डिनेटर ने की है। बसपा से कुर्मी प्रत्याशी होने पर भाजपा के लिए बेचैनी बढ़ गई है, क्योकि कुर्मी बिरादरी के बढ़ा वोट बैंक किस ओर खिसकेगा अभी गर्त में छिपा है लेकिन चुनावी पंडित कयास लगाते नजर आये कि भाजपा को नुकसान हो सकता है।

### 1952 से लेकर 1984 तक रहा कांग्रेस का दबदबा

- गंगा-यमुना के दोआबा में बसा जिला वैसे तो कृषि प्रधान जिला है लेकिन यहां कभी औद्योगिक इकाइयों ने जिले को विकास की राह पर आगे ले जाने का भी काम किया। समय के साथ स्थितियां सुधरी जरूर लेकिन 1989 में कांग्रेस प्रत्याशी हरिकृष्ण शास्त्री की पराजय के बाद औद्योगिक इकाइयों का भी पराभव शुरू हो गया। वैसे तो स्वतंत्रता के बाद हुए पहले आम चुनाव 1952 से लेकर 1984 तक कांग्रेस का ही दबदबा रहा लेकिन एक समय ऐसा भी आया जब बहुजन समाज पार्टी का गढ़ जिला बन गया। यहां 1996 एवं 2004 के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी ने जीत दर्ज कर संसद की दहलीज पार की जबकि 1998,1999,2009,2014 एवं 2019 के चुनाव में दूसरे नंबर की पार्टी रही। केंद्र में कांग्रेस गठबंधन और प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार के बावजूद यहां 2009 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राकेश सचान (मौजूदा भाजपा) ने शानदार जीत दर्ज की। लेकिन 2014 के हुए चुनाव में मोदी की आंधी में सपा प्रत्याशी भी अपना तख्त नहीं बचा सके। हालांकि समाजवादी पार्टी का एक बड़ा वोट बैंक सदा प्रत्याशियों के साथ रहा। मौजूदा समय में पीडीए की वकालत करने वाला समाजवादी नेतृत्व भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए मंथन में लगा है।

### 19.32 लाख मतदाता चुनेंगे जनपद का सांसद

- 18वीं लोकसभा के लिए यहां चुनाव पांचवें चरण में होगा और 26 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। जिले के 19,31,895 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर नए सांसद का चुनाव करेंगे। लोकसभा चुनाव के इतिहास में अभी तक किसी भी प्रत्याशी ने जीत की हैट्रिक नहीं लगाई है। इस तिलिस्म को तोड़ने के लिए भारतीय जनता पार्टी पूरी शिद्दत के साथ चुनाव मैदान में उतर चुकी है तो प्रमुख विपक्षी समाजवादी-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी के साथ-साथ बसपा प्रत्याशी की ओर निगाहें लगी हुई हैं। समाजवादी पार्टी पिछड़े एवं स्वर्ण प्रत्याशी के दोराहे में फंसी है। चुनावी नैया पार करने को लेकर नेतृत्व जिले के करीब 6 लाख स्वर्ण मतदाताओं के बीच एक संदेश छोड़ने का प्रयास करना चाह रही है। जिससे आम लोगों तक यह संदेश न जाए कि सपा केवल पिछड़ा, दलित और मुस्लिम की बात करने वाली पार्टी है।

# डीएम ने कराई गेहूं की क्राप कटिंग

**फतेहपुर।** किसानों के खेतों में गेहूं उत्पादन का आकलन करने के लिए शुक्रवार को डीएम सी. इंदुमती खेतों में पहुंची और अपने समक्ष गेहूं की क्राप कटिंग कराई।

सदर तहसील के विकास खंड बहुआ के ग्राम पंचायत शाह में जिलाधिकारी सी.इंदुमती ने किसान ननकी देवी एवं कामता प्रसाद के के खेत में 43.3 वर्ग मीटर में गेंहू की क्रॉप कटिंग व मड़ाई कराई। किसान ननकी के गेंहू फसल की पैदावार 18.300 किग्रा पाया गया, जिसका औसत लगभग 42 कुंतल प्रति हेक्टेयर एवं किसान कामता प्रसाद के गेंहू की फसल की पैदावार 20.900 किग्रा पाया गया, जिसका औसत लगभग 48 कुंतल प्रति हेक्टेयर रहा। जिलाधिकारी ने सम्बंधित को निर्देश दिये कि जनपद में शासन द्वारा निर्धारित सीसीई एग्री एप में उपज का आकलन फीड किया जाए। उन्होंने ग्रामवासियों से लोकसभा चुनाव में 20 मई को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित भी किया। इस मौके पर तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार, अपर सांख्यिकी अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, लेखपाल, ग्राम प्रधान सहित किसान मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

मैं **अशोक कुमार पुत्र रमाशंकर राम, निवासी- 148 कमला नेहरू नगर, कमता चिनहट, लखनऊ,** मैंने भविष्य के सभी उद्देश्यों हेतु अपनी अवयस्क पुत्री का नाम AISHANEE KUMAR से बदल कर AISHANEE SINGH कर दिया है।

सूचना

सूचित हो कि सर्विस बुक में मेरा नाम नाले शरद महादेव पुत्र महादेव गंगाराम नाले है। लेकिन आधार कार्ड में मेरा नाम शरद महादेव नाले पुत्र महादेव गंगाराम नाले दर्ज है। ऐसे में मुझे शरद महादेव नाले के नाम से जाना और पहचाना जाए। **-शरद महादेव नाले पुत्र महादेव गंगाराम नाले, निवासी- श्री रेसिडेंसी, अपना बाजार सेजारी, लक्ष्मी नगर फलटन, सतारा महाराष्ट्र।**

# सिपहसालारों को भेज व्यूह भेदने की तैयारी !



कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 'साइकिल' छोड़ चलती गाड़ी पर सवार हो रहे सपाई
- अगर यह रणनीति है तो बढ़ सकतीं सत्ता पक्ष की मुश्किलें

**अमृत विचार।** 'राजनीति की मंडी बड़ी नशीली है, इस मंडी में सबने मदिरा पी ली है' यह पंक्तियां बरसों पहले कवि रामेंद्र मोहन त्रिपाठी ने लिख दीं थीं। यह आज की राजनीति पर सटीक बैठ रहीं हैं। इधर, मुख्य प्रतिद्वंद्वी मानी जा रही समाजवादी पार्टी छोड़ रहे सिपहसलार लगातार चलती गाड़ी (भाजपा) पर सवार हो रहे हैं। यह संदेह पैदा कर रहा है कि कहीं यह भारतीय जनता पार्टी का व्यूह भेदने की रणनीति तो नहीं है?

गुरुवार 18 अप्रैल को चौथे चरण के चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इधर, विगत लगभग एक पखवारे से समाजवादी पार्टी छोड़कर कमल का दामन थामने का सिलसिला चल रहा है। इसी क्रम में अब पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिल्पी कटियार के पति संजू कटियार ने भाजपा की सदस्यता ले ली है।

यह लंबे समय से समाजवादी पार्टी से जुड़े थे और सपा मुखिया के खास कहे जाते थे। इससे पहले भी दो दिग्गज भगवा चोला ओढ़ चुके हैं। कन्नौज ही नहीं देश व प्रदेश स्तर पर भी इस तरह की भगदड़ जारी है। इन गतिविधियों के देख कहीं न कहीं 'महाभारत' का दृश्य उपस्थित हो रहा है जब पांडवों के मामा शल्य को कौरवों की तरफ से युद्ध करवाया गया था। तब श्रीकृष्ण ने शल्य को निर्देशित किया था कि वे रथ तो कर्ण का हांकेंगे लेकिन प्रशंसा अर्जुन की कर उसका मनोबल तोड़ेंगे। यही रणनीति इस समय सपा मुखिया तो नहीं अपना रहे हैं। नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने के बाद भी एक तो प्रत्याशी घोषित नहीं किया है और ऊपर से इस तरह उनके 'खास' ही दामन छुड़ा रहे हैं। राजनीति के खेल निराले होते हैं तो बहुत संभव है कि प्रतिद्वंद्वी की सेना में अपने 'गुप्तचर' उनके ही चोले में भेजे जा रहे हों। ये भीतर रहकर सपा के लिए ही काम करें और भाजपाई खेमा खुश है कि सपा की सेना टूट रही है जिससे आत्मविश्वास भी दिन पर दिन मजबूत हो रहा है। यदि यह सपा की रणनीति का हिस्सा है तो भाजपा के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है।

हालांकि भाजपा के लोगों का कहना है कि दल छोड़ने वाले वास्तव में अपनी पूर्व पार्टी में उपेक्षित महसूस कर रहे थे और इसीलिए वे जगह बदल रहे हैं। दावा यह भी है कि सपा में जबर्दस्त कलह है जिससे उनके अन्य पुराने निष्ठावान सिपाही भी पाला बदलने को तैयार बैठे हैं। क्या सही है क्या गलत यह तो वक्त बताएगा लेकिन फिलहाल तो कन्नौज की जनता को सपा के प्रत्याशी की घोषणा का इंतजार है।

## ट्रक चालक की जेब से 48 हजार उड़ाए

**सौरिख।** नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी मुवीन अहमद ने बताया कि उसका ट्रक गुरुवार शाम फरुखाबाद में मौरंग उतार कर लौटा था। उसने चालक नीरज पुत्र देशराज व परिचालक प्रयांशु पुत्र प्रेमनरायन निवासीगण मुखड़ा थाना सौरिख को पुनः घाट से मौरंग लेने के लिये रोकड़ (रकम) दी तथा गाड़ी में डीजल डलवाया। चालक ने कहा, वह विधूना रोड स्थित होटल पर गाड़ी खड़ी कर नहाने के बाद खाना खा कर दो घंटे आराम करेगा। इसके बाद मौरंग लेने निकल जाएगा। लगभग रात एक बजे गाड़ी में दोनों लोग सो गये। सुबह लगभग पांच बजे चालक उठा तो देखा उसकी पैंट की जेब कटी थी और 48 हजार रुपये गायब थे। मोबाइल फोम भी गायब था। गाड़ी का पीछे का शीशा निकला था। घटना की सूचना उसको दी। मालिक ने पुलिस को तहरीर दी है।

# इमाम चौक : झंडा लहराने पर 4 दबोचे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



जानकारी देते एसपी अमित कुमार आनंद व पीछे खड़े आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रामनवमी शोभायात्रा के दौरान इमाम चौक पर चढ़कर भगवा झंडा लहराने के आरोप में चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। युवकों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की थी, जिसको लेकर सदर कोतवाली में एक एफआईआर दर्ज की गई थी। आरोपी ने बताया कि उसके साथियों ने 100 रुपये का लालच देकर उसे इमाम चौक पर झंडा लहराने के लिए कहा था।

शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि 17 अप्रैल की रात रामनवमी के उपलक्ष्य में शहर में एक शोभायात्रा निकाली जा रही थी। उसी दौरान रास्ते में बने इमाम चौक पर एक युवक भगवा झंडा लेकर चढ़ गया। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने उसे नीचे उतारा और पकड़ने का प्रयास किया लेकिन भीड़ का फायदा उठाकर वह भाग निकला। सदर कोतवाली में युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई और सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने उसे चिन्हित कर लिया। प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह, कलां चौकी प्रभारी अजब सिंह, सरायमीरा चौकी प्रभारी शेखर सैनी व मकरंदनगर चौकी प्रभारी दीपक चौधरी ने आरोपी मोहल्ला नटियाना निवासी अभय उर्फ मुर्गी पुत्र भीमसेन, अशोक नगर तिर्वा क्रॉसिंग निवासी राहुल कश्यप व विशाल कश्यप पुत्र रामचंद्र तथा नगरकोट कॉलोनी निवासी आशीष कश्यप पुत्र रामजी को गिरफ्तार कर लिया।

मुख्य आरोपी अभय उर्फ मुर्गी ने बताया कि राहुल, विशाल व आशीष ने उसे 100 रुपये लेकर उसने इस घटना को अंजाम दिया था।

# नशे में ईंट से कुचलकर पिता की हत्या कर डाली

## वारदात कर आरोपी पुत्र फरार, दूसरे ने लिखाई एफआईआर

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज



जसवंत सिंह।



घटना के बाद मृतक के घर पर बैठीं गमगीन महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सगे भाइयों को लड़ता देख बीचबचाव करने आए पिता पर शराबी पुत्र ने ईंट से हमला कर दिया। पुत्र ने ताबड़तोड़ वार कर पिता को मौत के घाट उतार दिया और फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के दूसरे पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने हत्यारोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

कोतवाली के वंशीपुर्वा गांव निवासी जसवंत सिंह के चार पुत्र हैं। वह अपने पुत्रों के साथ ही रह रहा था। गुरुवार की देर रात उसका बड़ा पुत्र सोनू शराब के नशे में घर आया और छोटे भाई सचिन को गालियां देने लगा। जब बड़े भाई का विरोध किया तो दोनों में मारपीट शुरू हो गई। भाइयों के बीच मारपीट होते देखकर पिता जसवंत बीचबचाव करने आ गया। पिता की बात को सुनकर सचिन चुप हो गया।

इधर शराब के नशे में होने से सोनू और भड़क गया और पिता के साथ ही मारपीट कर दी। फिर मौके पर पडी ईंट से पिता के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। यह देख आरोपी मौके से फरार हो गया। परिजन घायलावस्था में चिकित्सा महाविद्यालय ले आए। यहां डॉक्टरों ने देखते ही जसवंत को मृत घोषित कर दिया। मौत का समाचार सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र मोनू की तहरीर पर पुलिस ने हत्यारो बेटे सोनू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। सीओ प्रियंका बाजपेयी ने बताया कि मामले में अभियोग पंजीकृत किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभियुक्त की तलाश की जा रही है।

# डीजे पर नाचने को लेकर भिड़े जनाती, तीन घायल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- द्वारचार के समय शराब के नशे में हुआ विवाद, रिपोर्ट दर्ज
- मौके पर पुलिस के पहुंचते ही भाग गए चारो आरोपी



**अमृत विचार।** बारात में डीजे पर नाचने को लेकर जनाती आपस में ही भिड़ गए और जमकर मारपीट हुई, जिसमें लड़की के भाई समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस पहुंची तो आरोपी भाग निकले। पीड़ित भाई ने गांव के दो लोगों समेत चार के खिलाफ सदर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करनजौली निवासी विकास पुत्र विश्वनाथ ने बताया कि गुरुवार रात को उसकी बहन की शादी थी। दरवाजे पर डीजे लगा था, जिसमें रिश्तेदार महिलाएं डांस कर रहीं थीं। उसी समय द्वारचार की रस्म भी हो रही थी। वह व्यवस्थाएं करने में लगे थे। उसी समय गांव का ही एक युवक मोहित पुत्र तुलसीराम तथा उसके रिश्तेदार उमेश, आशीष व अनुज पुत्रगण राजकुमार निवासी बिहारीपुरवा थाना शिवली जनपद कानपुर देहात वहां शराब के नशे में आए और वैवाहिक कार्यक्रमों में बाधा डालकर डीजे पर नाचने लगे। जब उसने विरोध किया तो चारों आरोपियों ने लाठी-डंडों, थप्पड़-घूसों से उसे बेरहमी से पीट दिया। जब उसके साले रवींद्र व मोनू बचाने आए तो आरोपियों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जब तक पुलिस पहुंची, तब तक आरोपी भाग चुके थे। इस दौरान काफी देर तक विवाह कार्यक्रम बाधित रहा। सुबह पुलिस ने विकास की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी की प्रयास किए जा रहे हैं।

## अनियंत्रित टेंपो पलटने से एक की मौत, पांच घायल

**तिर्वा-कन्नौज।** अनियंत्रित टेंपो पलट जाने से उसमे सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

औरैया जनपद के याकूबपुर गांव के पास शुक्रवार की दोपहर तेज गति से जा रहे टेंपो के सामने एक बाइक सवार आ गया। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में टेंपो पलट गया। हादसा होते ही चीख पुकार मच गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने टेंपो को सीधा कराया।

घटना में खनकरी शिवली कानपुर निवासी विशाल (15) पुत्र पूरनलाल, ठठिया थाना के मिरुअनमढहा निवासी सरिता पत्नी जनेश, नादेमऊ निवासी बेबी पत्नी रामबाबू, जदेपुर्वा निवासी अरविंद पुत्र लालाराम, तालग्राम के निवासी बदरूद्दीन, मलिकपुर खड़िनी निवासी शमशेर को ग्रामीण मेडिकल कालेज ले आए। यहां डॉक्टरों ने विशाल को मृत घोषित कर घायलों को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया।

मौत का समाचार मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# कोर्ट के आदेश पर फायर कर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- जमीन के विवाद में 28 जून 2023 को हुई थी घटना
- दो महिलाओं समेत चार आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज

**अमृत विचार।** जमीन के विवाद को लेकर गांव के लोगों ने गालीगलौज कर महिला से मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद खेत पर काम कर रहे पुत्र को भी फायर कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुत्र का उपचार कराने के बाद कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम रामपुर भुड़िया निवासी सोनपाल की पत्नी अनुराधा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि गांव के शिशुपाल, राहुल, रंजना व मनोरमा जमीन के विवाद को लेकर उससे रंजिश मानते हैं। इसी बात को लेकर 14 जून 2023 को उसे मारपीट कर घायल कर दिया।

मामले की महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी की रंजिश मानते हुए 28 जून 2023 की शाम लगभग सात बजे अनुराधा का पुत्र गगन खेत से घर आ रहा था। जैसे ही वह सबमर्सिबल के पास पहुंचा पहले से घात लगाए बैठे गांव के शिशुपाल व राहुल ने गगन पर तमंचों से फायर कर दिया। इससे गगन घायल होकर जमीन पर गिर गया। चीख पुकार सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे जिन्हे आता देख राहुल व शिशुपाल धमकी देते हुए चले गए। परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल भर्ती कराया।

आरोप है कि कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। अब दो महिलाओं समेत चारों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू हो गई है।

### बस की टक्कर से कार सवार महिला घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** हरदोई के थाना अरवल ग्राम बानामऊ निवासी बदन सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 18 अप्रैल की रात लगभग 09.15 बजे वह पत्नी पुष्पा देवी के साथ कार से रामाश्रम स्थित मैरिज प्लेस में जा रहा था। तभी फर्रुखाबाद रोड स्थित कोल्ड स्टोरेज के निकट पीछे से आ रही बस के अज्ञात चालक ने उसकी कार में टक्कर मार दी। इससे कार सवार उसकी पत्नी घायल हो गई जबकि कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। कोतवाली पुलिस ने बस के अज्ञात चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# धूल भरी गर्म हवाओं ने झुलसाया, और चढ़ेगा पारा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**39.7** अधिकतम तापमान दर्ज किया गया

**21.7** डिग्री सेल्सियस न्यूनतम रहा

**अमृत विचार।** ज्यों-ज्यों दिन आगे बढ़ रहे हैं त्यों-त्यों सूर्य के तेवर भी कड़क हो रहे हैं। शुक्रवार को दिन भर चलीं धूल भरी गर्म हवाओं ने लोगों को झुलसने का अहसास कराया। जहां अब तक कूलर शुरू नहीं हुए थे वह चालू कर दिए गए। अधिकतम तापमान 39 डिग्री के पार चला गया तो न्यूनतम भी उछलकर 21.7 डिग्री पर जा पहुंचा जिससे गर्मी ने ज्यादा बेहाल किया। मौसम विभाग की मानें ते आने वाले दिनों में पारा और चढ़ेगा।

शुक्रवार को सुबह 10 बजे के बाद से ही गर्मी का रूप प्रचंड हो गया जिससे लोग घरों से निकलने में संकोच करते दिखे। हालांकि जिनको जरूरी काम था वे धूप से बचाव के तमाम इंतजाम कैप, फुल आस्तीन के कपड़े, अंगौछा, छाता आदि लेकर ही बाहर निकले। तेज रफ्तार से चल रहीं गर्म हवाओं के कारण शहर में कई जगह धूल के बवंडर से उठते दिखे। इससे भी लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। अभी तक न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा था जिससे कुछ राहत महसूस की जा रही थी। हालांकि अब भी रात के तीसरे पहल में तापमान में खासी गिरावट आ रही है।

कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र ने बताया कि अभी आगामा दिनों में तापमान में बढ़ोतरी जारी रहेगी। 21, 22 और 23 अप्रैल को जिले में कहीं-कहीं आंधी के साथ बूंदाबांदी की संभावना है। इसके बाद 25 अप्रैल से 10 मई तक तापमान में बढ़त जारी रहेगी तथा बारिश की कोई संभावना नहीं है। अधिकतम तापमान 43 तो न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस तक जाने का अनुमान है। इसके साथ ही तेज गति से लू चलने का भी अनुमान है।

### खतरनाक है मौसम, करें बचाव : सीएमएस



जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु का कहना है कि गर्मी का प्रकोप तेज होने लगा है। ऐसे में सावधान रहने की आवश्यकता है। तेज धूप व लू से बचाव करें। इसके लिए पहले तो जरूरी न हो तो दोपहर के समय घर से न निकलें। निकलना पड़े तो पूरी बांह के कपड़े पहनने के साथ ही सिर को पूरी तरह से कैप या अंगौछे से ढककर और पानी पीकर ही निकलें। थोड़ी-थोड़ी देर में तरल पेय का सेवन करते रहें ताकि डिहाइड्रेशन की समस्या से न जूझना पड़े।

# मोपेड के पहिए में फंसा पल्लू महिला की गिरकर मौत

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** नवीगंज से पति के साथ मोपेड से गांव लौट रही महिला की साड़ी का पल्लू पहिये में फस गया। इससे महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

बिधूना थाना क्षेत्र के ग्राम नगला गोसाई निवासी मीना देवी अपने पति चरण सिंह के साथ मोपेड से नवीगंज निवासी अपनी भांजी खुशबू के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए गई थी। वहां से शुक्रवार की दोपहर गांव जाते समय सौरिख रोड स्थित ग्राम जरारा के पास उसकी साड़ी का पल्लू मोपेड के पहिये में फंस गया। इससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। यहां इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतका अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गई।

## सार-संक्षेप

### वृद्ध को रौंदते हुए अनियंत्रित वैन विद्युत खंभे से टकराई



रामनाथ।

**तिर्वा, कन्नौज।** अनियंत्रित ओमनी कार सड़क किनारे खडे वृद्ध को कुचलते हुए बिजली के खंभे में घुस गई। सवार मौके पर कार छोड़ फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मेडिकल कालेज मर्चरी मे रखाकर परिजनों को सूचना दी। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थाना इंदरगढ के रतनपुर सरैया गांव निवासी रामनाथ (60) पुत्र मंगली प्रसाद शुक्रवार को दोपहर बाद करीब तीन बजे घर से सरसों का तेल निकलवाने के लिए कोतवाली के कनौली गांव आया था। सरसों चक्की पर डालकर वह नाई की दुकान पर बाल कटाने सड़क के किनारे-किनारे जा रहा था। उसी दौरान तिर्वा से तेज गति मे जा रही ओमनी कार ने उसे कुचल दिया और सड़क किनारे लगे बिजली के खंबे मे टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणो ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस पहुंची तो इससे पहले ही वैन पर सवार दोनो लोग फरार हो चुके थे। पुलिस गंभीर हालत में वृद्ध को मेडिकल कॉलेज ले आई। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के घर घटना की जानकारी। सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को मेडिकल कालेज की मर्चरी हाउस मे रखा दिया। परिजनो ने पुलिस को तहरीर दी।

### सड़क हादसे में युवक की मौत पर रिपोर्ट

**तिर्वा।** सड़क हादसे में घायल युवक की मौत के मामले में दो महीने वादा रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। थाना ठठिया के दलेलपुर गांव निवासी अशोक कुमार पुत्र गेंदनलाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसका भाई 12 जनवरी को तिर्वा आ रहा था। जैसे ही वह तिलसरा पुलिया के पास पहुंचा तो कानपुर निवासी वीरेंद्र ने अपनी कार से भाई की बाइक में टक्कर मार दी। भाई गंभीर घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां से उसे कानपुर भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान तीन फरवरी को मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### अभिलेख न देने पर प्रधानाचार्य से मांगा स्पष्टीकरण

**कन्नौज।** डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने ठठिया स्थित एपीएस इंटर कॉलेज हरिनाथ नगर का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां छात्र-छात्राओं की कक्षावार संख्या मांगी गई जो नहीं बताई गई। इसको लेकर नाराजगी जताई गई। साथ ही प्रबंधक व प्रधानाचार्य को नोटिस जारी कर दो दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है। बताया गया है कि 18 अप्रैल को डीआईओएस के निरीक्षण के समय मध्यावकाश की वजह से कक्षा में विद्यार्थी भोजन कर रहे थे। डीआईओएस ने वहां मौजूद जिम्मेदारों से कार्यालय अभिलेख एवं विद्यार्थियों की संख्या कक्षावार व उपस्थिति दिखाने को कहा। इस पर ध्यान नहीं दिया गया। डीआईओएस ने बताया कि यह स्थिति ठीक नहीं है। दूसरी ओर डीआईओएस ने बेनीमाधौ अग्निहोत्री इंटर कॉलेज ठठिया में पहुंचकर मतदाता जागरुकता वाले बैनर में हस्ताक्षर किए।

### किशोरी को ले गया युवक, अपहरण की रिपोर्ट

**कन्नौज।** पत्नी को छोड़ देने के बाद युवक ने आधी से भी कम उम्र की एक किशोरी को प्रेमजाल में फंसा लिया और उसे भगा ले गया। वह अपने साथ माल जेवर भी ले गई है। किशोरी की मां ने आरोपी युवक समेत उसके पिता व बहन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। शहर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि वह पिछले 10 साल से मोहल्ले में रह रहीं हैं और उनकी 17 वर्षीय बेटी भी उनके साथ रहकर पढ़ाई कर रही है। पड़ोस में रहने वाला 40 वर्षीय शिवपाल तिवारी उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। आरोपी की शादी हो चुकी है और उसने पत्नी को छोड़ दिया है, जिसका मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। उनकी बेटी जेवर समेत 20 हजार रुपये नकद लेकर गई है। खोजबीन में पता चला कि उनकी बेटी शिवपाल तिवारी के घर में है तो वह मौके पर गई। वहां उसके पिता ओमप्रकाश तिवारी व बहन ऊषा ने मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीनों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, अपहरण, मारपीट व जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज की है।

**प्रेरक पहल** जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुबह छह बजे के बाद चलाया जागरुकता अभियान

# मतदान करने के लिए मतदाताओं को बांटे गए आमंत्रण पत्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 13 से पूर्व बीएलओ को मतदाता पर्ची बांटने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शहर के मोहल्ला बाजार कला में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। साथ हर जिला निर्वाचन अधिकारी ने 13 मई को वोट करने के लिए आमंत्रण पत्र बांटे।

शुक्रवार को सुबह करीब छह बजे के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत शुक्ल वार्ड संख्या-15 में पहुंचे। यहां राम नारायण चौराहे से भारतीय स्टेट बैंक शाखा होते हुए प्रिंटिंग प्रेस वाली गली होते हुए मेडिकल स्टोर से वापस प्राइमरी स्कूल बाजार कला तक मतदाताओं को जागरुक किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मताधिकार सशक्त लोकतंत्र बनाकर बेहतर भविष्य का मौका देता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि शांतिपूर्ण वातावरण में निर्भीक होकर मतदान करें। बीएलओ को निर्देश दिए कि 13 मई के पहले सभी मतदाताओं को मतदाता पर्ची उपलब्ध करा दी जाए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह, सीडीओ राम कृपाल चौधरी, एसडीएम अविनाश गौतम, एसडीएम न्यायिक नवनीता राय, ईओ श्यामेंद्र मोहन उपस्थित रहे।





कन्नौज नगर पालिका क्षेत्र में मतदाताओं को संबोधित करते जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल। अमृत विचार

### पहले मतदान फिर जलपान की अपील

**गुरसहायगंज।** नगर पालिका परिषद ने शुक्रवार को मोहल्ला गांधी नगर के वार्ड चार पटेल नगर में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम व गोष्ठी हुई। जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में आयोजित कार्यक्रम में पालिका टीम ने भ्रमण कर नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। गोष्ठी में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने मतदाताओं को सबसे पहले मतदान, उसके बाद जलपान के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद वार्ड में भ्रमण कर 13 मई को मतदान के लिए नागरिकों को आमंत्रण पत्र वितरित किए। नागरिकों को मतदान करने की शपथ भी दिलाई। नागरिकों से सफाई व्यवस्था में सहयोग तथा गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग देने की अपील की। इस दौरान कानूनगो कौशलेंद्र दुबे, लेखपाल कौशल पांडेय, कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, जर्नादन मिश्रा, मनोज तिवारी, प्रसन्नजीत मिश्रा, संजीव सिंह, अनिल प्रजापति, आकाश सक्सेना, एजाज, शहनवाज खान, नसीम खान, गुड्डू, रियाजुद्दीन, कैसर, शकील आदि मौजूद रहे।



मतदाताओं को शपथ दिलाते अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित। अमृत विचार

### प्राइवेट प्रकाशन की पुस्तकों से हो रही पढ़ाई, जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया स्कूलों का निरीक्षण तो खुली पोल

# अभिभावकों को लूट रहे हाईटेक बताने वाले शिक्षा मंदिर

**कन्नौज।** खुद को नामीगिरामी स्कूलों की सूची में बताने वाले कई निजी विद्यालय अभिभावकों को लूट रहे हैं। स्कूल में हाईटेक सुविधाएं मुहैया कराने का दावा करने वालों के दावे कितने सटीक हैं, यह डीआईओएस के निरीक्षण में सामने आ गया। एनसीईआरटी की बजाय प्राइवेट प्रकाशन की किताबों से पढ़ाई होती मिली। प्रयोगशालाओं में गंदगी व पर्याप्त उपकरण नहीं मिले। इसके बावजूद छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों से भारी-भरकम फीस वसूल की जाती है।



निरीक्षण करते डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह व प्रभारी प्रधानाचार्य जितेंद्र यादव। अमृत विचार



प्रयोगात्मक कक्ष में बिखरा सामान व सफाई का अभाव। अमृत विचार

## कैप्टन बीपीएस स्कूल में एनसीईआरटी की किताबों से नहीं हो रही पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- उपस्थिति रजिस्टर में शिक्षकों का नहीं लिखा पदनाम
- प्रयोगशाला में उपकरणों व साफ-सफाई का अभाव मिला

**अमृत विचार।** तिर्वा क्षेत्र के टूसावरी गांव निकट चल रहे कैप्टन बीपीएस पब्लिक स्कूल का डीआईओएस ने शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे निरीक्षण किया। विद्यालय में पीजी से कक्षा 12 तक की कक्षाएं सीबीएसई बोर्ड से संचालित मिलीं।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि शिक्षक उपस्थिति रजिस्टर में किसी भी शिक्षक का पदनाम नहीं लिखा गया है। निरीक्षण के समय प्रधानाचार्य उपस्थित नहीं थे। विद्यालय मे नर्सरी कक्षा में 38, पीजी में 26, यूकेजी में 50, कक्षा एक में 50, कक्षा दो में 43, कक्षा तीन में 34, कक्षा चार में 44, कक्षा पांच में 29, कक्षा छह व सात में 55-55, कक्षा आठ में 39, कक्षा नौ में 40, कक्षा 10 में 52, कक्षा 11 में 35 और कक्षा 12 में 35 छात्र-छात्राएं पंजीकृत पाए गए।

उन्होंने कक्षा एक, तीन, चार व कक्षा 11 में पहुंचकर निरीक्षण किया। इसमें पाया कि बच्चों को एनसीईआरटी की पुस्तकों से नहीं पढ़ाया जा रहा था। इनके स्थान पर प्राइवेट प्रकाशन की पुस्तकों से पठन पाठन हो रहा था।

विद्यालय में अभिलेखीय विवरण सही नहीं मिला। साथ ही भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान की प्रयोगशालाओं के निरीक्षण में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। प्रयोगशाला में उपकरण की कमी मिली। संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## शहीद चंद्रभान स्कूल में बिना मान्यता के पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 351 छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में, मांगे गए अभिलेख
- प्राइवेट प्रकाशन की पुस्तकों से पढ़ते मिले विद्यार्थी

**अमृत विचार।** डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि शहीद चंद्रभान मेमोरियल एकेडमी सरायमीरा का शुक्रवार को सुबह 10.20 बजे निरीक्षण किया गया। विद्यालय में पीजी से कक्षा आठ तक की कक्षाएं चलती मिलीं। कक्षा नौ से इंटरमीडिएट तक की कक्षाएं चलना भी प्रतीत हुआ।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि बीएसए कार्यालय ने कक्षा छह से आठ तक की तीन साल के लिए मान्यता दी थी, जिसका समय गुजर गया है। साथ ही विद्यालय का यू-डायस भी नहीं लिया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानाचार्य प्रीती मौके पर मौजूद थीं। विद्यालय में नर्सरी में सात, एकेजी में 20, यूकेजी में 42, कक्षा एक में 36, कक्षा दो में 22, कक्षा तीन में 34, कक्षा चार में 44, कक्षा पांच में 29, कक्षा छह में 42, कक्षा सात में 34, कक्षा आठ में 41 छात्र-छात्राएं पंजीकृत मिले। अनियमित रूप से अमान्य कक्षाएं संचालित मिलने पर नाराजगी जताई गई। विद्यालय में एनसीईआरटी की पुस्तकों का प्रयोग न करके प्राइवेट पुस्तकें चलाई जा रहीं हैं। विद्यालय में भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान व रसायन विज्ञान की प्रयोगशालाओं में साफ-सफाई नहीं थी। साथ ही उपकरण भी कम मिले। विद्यालय के जरूरी अभिलेख भी मांगे गए।

> दोनों प्रधानाचार्यों के लिए निर्देश दिए गए हैं कि एनसीईआरटी से मान्य पाठ्यक्रम से पढ़ाई कराई जाए। बाजार या विद्यालय से प्राइवेट पैटर्न की पुस्तकों को खरीदने के लिए न कहा जाए। अगर किताबों का अभाव है तो वेबसाइट से पाठ्यक्रम अपलोड कर शिक्षा दी जाए। सुधार न हुआ तो कार्रवाई की जाएगी।
> -डॉ. पूरन सिंह, डीआईओएस

## सौरिख में हुए सांप्रदायिक दंगे के सभी 19 आरोपी बरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- साक्ष्य के अभाव में विशेष न्यायाधीश ने किया दोषमुक्त
- 27 अगस्त 2015 को सौरिख में हुई थी घटना

**अमृत विचार।** कस्बा सौरिख में दो समुदायों बीच हुए सांप्रदायिक दंगे के सभी 19 नामजद आरोपियों को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। कोर्ट ने दोषमुक्त करते हुए बांड भी निरस्त कर दिए हैं। आठ साल पहले हुए दंगे में पुलिस ने दोनों पक्षों के 19 नामजद तथा 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई थी, तब से यह मामला विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) कोर्ट में विचाराधीन था।

शासकीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पांडेय ने बताया कि 27 अगस्त 2015 को नादेमऊ चौकी प्रभारी चंद्रपाल सिंह सोलंकी ने मुकदमा दर्ज कराया था कि वह शाम को सात बजे मोहल्ला संजय नगर में गए तो दो पक्षों में ईंट-पत्थर चल रहे थे और एक-दूसरे को जान से मारने की नीयत से फायरिंग भी कर रहे हैं। वह एचसीपी नरेंद्र कुमार गिरि, ईश्वरदयाल, कांस्टेबल अवनीश व रामकिशोर वर्मा को लेकर मौके पर गए तो वहां काफी भीड़ थी और लोग एक-दूसरे के संप्रदाय को लेकर गालियां व अपशब्द कह रहे हैं। जब उन्होंने रोकने की कोशिश की तो दोनों पक्षों ने पुलिस पर भी पत्थर फेंके।

इस पर उन्होंने उच्चाधिकारियों को सूचित किया। उपद्रव करने वालों में सुभांश दुबे पुत्र राजीव, मुकीम पुत्र मल्लू उर्फ मतीन, मोहम्मद आलम पुत्र लड्डन, राखे अग्निहोत्री, मोहम्मद वारिस पुत्र निजाम अली, राहुल गुप्ता पुत्र प्रमोद कुमार, सुनील पुत्र विजय कुमार, अयूब रजा पुत्र मजहर हुसैन, संजय गुप्ता पुत्र रामआसरे, प्रमोद पुत्र शांतिस्वरूप, रोहित वर्मा पुत्र विघ्नेशचंद्र, ओमी चतुर्वेदी पुत्र विनोद कुमार, मुजीब हुसैन उर्फ राजू पुत्र अनीस हुसैन, अहमद रजा पुत्र अयूब रजा, शानू पुत्र कादिर अली, आशुतोष पुत्र महेशचंद्र, चेतन चौबे पुत्र गजेंद्र कुमार, तालिब पुत्र मुशीद अली, लकी चौबे पुत्र प्रवीन चतुर्वेदी, रहमान आलम पुत्र जुम्मन समेत 50 अज्ञात लोग शामिल थे। उपद्रव के कारण लोग भाग रहे थे और लोगों ने अपने घरों के खिड़की दरवाजे बंद कर लिए थे। पुलिस ने इनमें से कई आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि कई आरोपी कोर्ट में हाजिर हुए थे।

### दरोगा को नहीं रही घटना की याद

सांप्रदायिक दंगे की एफआईआर कराने वाले दरोगा सीपी सिंह सोलंकी को घटना की याद नहीं रही। वह डिग्नेशिया (भूलने की बीमारी) से ग्रसित हैं, जिसके चलते वह कोर्ट में भी हाजिर नहीं हुए। वहीं दूसरे साक्षी सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक ईश्वर दयाल ने बयान दिया कि उन्होंने घटना नहीं देखी है। साक्ष्यों के अभाव में विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) नंद कुमार ने सभी आरोपियों को दोषमुक्त करते हुए बरी कर दिया और उनके जमानत के बंधपत्रों को भी निरस्त कर दिया।

## तेजी से फैल रहा सर्वाइकल कैंसर

संवाददाता, जलालाबाद-कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला कारागार अनौगी में लगे शिविर में डॉ. निलिका त्रिपाठी ने बताया कि महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर आम बीमारी की तरह फैल रहा है। प्रारंभिक अवस्था में जानकारी होने पर 70 प्रतिशत मामलों में मरीज को बचाया जा सकता है। रोग से बचने के लिए सुरक्षा एवं जागरुकता की आवश्यकता है। उन दिनों के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर मुख्य रूप से कम उम्र में बालिकाओं का विवाह व उनसे मिलने पर होता है। महिलाओं में किसी भी प्रकार के संचारी यौन रोग सर्वाइकल कैंसर का कारण बन सकते हैं। कमजोर प्रतिरक्षा, किडनी व एड्स आदि के रोगियों को असुरक्षित संबंध बनाने से रोग का खतरा हो सकता है।




शिविर में महिला बंदी को जानकारी देती सिमरन शर्मा। अमृत विचार

- जिला कारागार में शिविर लगाकर महिला बंदियों को किया जागरूक

अनियमित रक्त अथवा सफेद आंव प्रारंभिक लक्षण हो सकते हैं। किसी भी प्रकार का यौन लक्षण या संदेह होता है तो जांच जरूरी है। सर्वाइकल कैंसर का टीका नौ से 12 वर्ष की अवस्था में लग सकता है। एनजीओ संचालक सिमरन शर्मा ने को समान कार्य का समान वेतन, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न कानून, महिला उत्पीड़न को लेकर जरूरी जानकारियां दीं। इस दौरान दीपक कुमार, मोहम्मद सैफ, नितिन सक्सेना व जगदीश यादव मौजूद रहे।

## चार प्रत्याशियों ने लिए पर्चे, नहीं हुआ नामांकन

**कन्नौज।** लोकसभा चुनाव के नामांकन के दूसरे दिन चार प्रत्याशियों ने सात नामांकन पत्र लिए। निर्धारित समय तक एक भी नामांकन नहीं हुआ, जबकि अब तक 28 नामांकन पत्र लिए जा चुके।

शुक्रवार को कलक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, सहायक रिटर्निंग ऑफीसर अविनाश कुमार गौतम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा सहित कई अधिकारी बैठे रहे। तीन बजे तक कोई भी प्रत्याशी नामांकन करने नहीं आया।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि शुक्रवार को छिबरामऊ क्षेत्र के ग्राम मेंदेपुर निवासी अंकुर प्रताप सिंह ने एक सेट, जरामऊ अलमापुर निवासी अल्का ने एक सेट, अनारक्षित समाज पार्टी से हरेईपुर निवासी रामलखन ने एक सेट तो सैय्यदपुर सकरी निवासी मेराजुल अली ने चार सेट नामांकन पत्र लिए।

## 11 पीठासीन अधिकारी समेत 22 गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दूसरे दिन नहीं लेने आए प्रशिक्षण, अप्रैल का वेतन रोकने के निर्देश
- प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने रिपोर्ट दर्ज कराने को भी कहा

**अमृत विचार।** शहर के पुलिस लाइन मार्ग स्थित एक निजी विद्यालय में चल रहे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के दूसरे दिन 22 पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम गैरहाजिर रहे। सभी का वेतन रोकने व रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

शुक्रवार को दोनों पालियों से 11 पीठासीन व इतने ही मतदान अधिकारी प्रथम प्रशिक्षण लेने नहीं पहुंचे। प्रभारी अधिकारी कार्मिक राम कृपाल चौधरी ने बताया कि जवाहर लाल नेहरू इंटर कॉलेज सकरावा के प्रवक्ता हरी नरायन पाल, बिजली विभाग के लेखाकार दिलीप अग्रवाल, कृषि उत्पादन मंडी समिति के प्रधान लिपिक देवेंद्र निगम, कंपोजिट विद्यालय बलारपुर के सहायक अध्यापक हरीओम, कंपोजिट स्कूल मानीमऊ के सहायक अध्यापक विमल पाल, श्रम प्रवर्तन अधिकारी के पीसीसी अजय चतुर्वेदी, आर्यावर्त बैंक हसेरन के सहायक प्रबंधक मयंक यादव, उमर्दा के ग्राम विकास अधिकारी विपिन द्विवेदी, बंदोबस्त अधिकारी छिबरामऊ के चकबंदी लेखपाल विवेक दुबे, आर्यावर्त बैंक विशुनगढ़ के सहायक प्रबंधक अभिनव दीक्षित, छिबरामऊ के चकबंदी लेखपाल प्रेम सिंह, बृजभूषण हजेला भारतीय इंटर कॉलेज तालग्राम के प्रवक्ता योगेश कुमार, गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज गुरसहायगंज के सहायक अध्यापक आशुतोष वाजपेयी, छिबरामऊ के चकबंदी लेखपाल सुमित कुमार, मदरसा गुलशने रजा बिरतिया छिबरामऊ के सहायक अध्यापक नईम अहमद, छिबरामऊ के चकबंदी लेखपाल गनेश सिंह, उच्च प्राथमिक स्कूल सौंसरापुर गुगरापुर के सहायक अध्यापक प्रकाश चंद्र राठौर, मदरसा अरबिया फैजल उलूम तालग्राम के मोहसिन खान आदि गैरहाजिर रहे।



मतदानकार्मिकों को प्रशिक्षण देतीं मास्टर ट्रेनर पूनम पांडेय व रोहित द्विवेदी।

### मतदानकार्मिक की बिगड़ी तबीयत

प्राथमिक स्कूल अनिभोज के सहायक अध्यापक अब्दुल शुक्रवार को दूसरी पाली में प्रशिक्षण ले रहे थे। इसी दौरान उनकी हालत खराब हो गई। मेडिकल टीम की डॉ. रेनू ने स्वास्थ्य की जांच की। उन्होंने बताया कि सहायक अध्यापक पहले से ही अस्थमा के मरीज हैं। कुछ दिक्कत हुई तो दवा दे दी गई।

## पहली बार चुनाव ड्यूटियों में मिलीं कई खामियां

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- रोज आ रहे नए-नए मामले, प्रशिक्षण स्थल पर भी पहुंच रहे कई फरियादी
- रिटायर, निलंबित, मृतक समेत कई अपात्रों को मतदान कार्मिकों की जिम्मेदारियां

**अमृत विचार।** पहली बार जनपद में लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर लगाई गई मतदान कार्मिकों की ड्यूटियों में खामियों की भरमार है। बताया जा रहा है कि इतनी गलतियां पहले कभी नहीं हुईं हैं, जो वर्तमान में दिख रहीं हैं। रिटायर, निलंबित की तो बात छोड़िए मृतकों को भी चुनाव कराने की जिम्मेदारियां मिलीं हैं। इस तरह के हर रोज नए-नए मामले सामने आ रहे हैं।

इन दिनों शहर के पुलिस लाइन मार्ग स्थित एक निजी विद्यालय में मतदानकार्मिकों का प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण लेने के दौरान कई सरकारी कर्मचारी ऐसे भी पहुंच रहे हैं जो अपनी व्यथा बता रहे हैं। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र का चुनाव 13 मई को होना है। इसको लेकर 18 से 21 अप्रैल तक मतदानकार्मिकों का प्रशिक्षण चल रहा है। दूसरे चरण का प्रशिक्षण तीन से आठ मई के बीच होगा। इससे पहले ही कई सरकारी कर्मचारी रिटायर हो गए हैं या इसी महीने होने वाले हैं, उनको भी मतदान कार्मिक बना दिया गया है। इसका जवाब देने वाला कोई नहीं है कि आखिर उनको ड्यूटी कैसे दे दी गई। कई दिव्यांग व बीमार चल रहे कर्मियों को भी चुनाव कराने का पत्र मिल गया है। ऐसे लोग वॉकर व परिजनों का सहारा लेकर प्रशिक्षण स्थल पहुंच रहे हैं। कुछ विकास भवन में भी जाकर समस्या बता रहे हैं। गर्भवती, बीमार के लिए जिला अस्पताल में मेडिकल चेकअप कराने के बाद आने वाली रिपोर्ट के आधार पर ही कार्मिकों की ड्यूटी काटी जाएगी।

### डाटा में पूरा ब्योरा, फिर भी गड़बड़ियां

बताया गया है कि दिसंबर 2023 से लेकर जनवरी 2024 में सभी विभागों से कर्मचारियों का ब्योरा मांगा गया था। उसमें सेवानिवृत होने वाले समय का भी जिक्र था। इसके बाद भी चुनाव ड्यूटी में खामियां निकलीं हैं। हालांकि कुछ विभागों ने भी ब्योरा देने में त्रुटियां की हैं, ऐसा कहा जा रहा है।

## छह घंटे तक बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विद्युत समस्या से निजात दिलाने के लिए बिजली विभाग अनौगी उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर की क्षमता को बढ़ाया जा रहा है। इससे छह घंटे तक आपूर्ति बाधित रहेगी।

एसडीओ ब्रजेश सिरोही ने बताया कि अनौगी फीडर पर पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर लगा है। कम क्षमता का ट्रांसफार्मर होने के कारण ओवरलोडिंग की समस्या है।

## सार-संक्षेप

### तीन दिवसीय प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा शुरू

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के नंगापुर्वा रोड स्थित सीता राम आश्रम पर मां दुर्गा, मां काली व रामलला की प्रतिमा का विधि विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुरू हो गया है। शुक्रवार को सीता राम महाराज, पंडित रामानुज पांडेय, दीनबंधु पाठक, राहुल सहित अन्य प्रकांड विद्वानों ने तृतीय दिवस की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान संपन्न कराया। इसमें वैदिक मंत्रोच्चार पर यजमान अतुल गुप्ता ने धर्मपत्नी के साथ प्रतिमाओं की पूजा अर्चना की। आयोजक ने बताया कि तृतीय दिवस पर प्रतिमाओं का पुष्पवास व औषधिवास कराया गया। 20 अप्रैल को फलवास कराया जाएगा। 21 तारीख को प्रतिमाओं के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके बाद भंडारा व प्रसाद वितरण होगा। इस दौरान डॉ. सुधीर दीक्षित, एडवोकेट सुभाष चंद्र गुप्ता, सुशील कुमार, ललित मोहन सिंह, गगन मनीष गुप्ता, गौरव वर्मा मौजूद रहे।



पूजा-अर्चना करते सीताराम महाराज।

### फूस बंगले में लगी आग, भाई-बहन की खुशियां जलीं

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम सराय दायमगंज निवासी युवती की शादी है तथा उसके भाई की 25 को बारात जानी है। घर में खुशी का माहौल था। मिठाइयां बन रही थीं। तभी सिलेंडर में आग लग गई और देखते ही देखते लपटें उठने लगीं। इसमें लाखों की नगदी सहित सामान भी जल गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सराय दायमगंज निवासी प्रदीप उर्फ दीपू पुत्र शैलेंद्र सिंह शाक्य ने बताया कि वह सात भाई और एक बहन है। शुक्रवार को बहन सुनैना की बारात थाना बेवर क्षेत्र के ग्राम मेरापुर छदामी से आनी और भाई गुरदीप की बारात 25 तारीख को मोहम्मदाबाद के सिकंदरपुर जानी है। दोनों के विवाह का खरीदा गया सामान एक ही जगह पर एकत्रित था। उसी जगह पर डेढ़ लाख रुपये भी रखे थे। पास में मिठाई बन रही थी। तभी गैस सिलेंडर में आग लग गई। कुछ ही देर में बढ़ी आग से सभी कुछ जलकर राख हो गया।

### रंजिश में युवक को जहर खिलाने का आरोप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम नगला बौरी निवासी एक युवक को पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही दबंगों द्वारा जहर खिलाए जाने का परिजनों ने आरोप लगाया है। क्षेत्र के ग्राम नगला बौरी निवासी प्रभा देवी पत्नी श्रीकृष्णा ने बताया कि पुत्र प्रसाद शुक्रवार की शाम 4 बजे घर से किसी कार्य के लिए बाहर निकाला था। तभी गांव के ही निवासी पुरानी रंजिश को मानने वाले दबंगों ने उसे जहर पिला दिया। परिजनों ने सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया।

**भाजपा का सम्मेलन** — उपमुख्यमंत्री ने बूथ अध्यक्षों को दिया 'बूथ जीतो-चुनाव जीतो' का मंत्र, कहा-समाजवादी पार्टी की गाड़ी हुई डिरेल, नहीं मिल रहे प्रत्याशी

## सपा का समाजवाद छलावा, परिवारवाद पर भारी पड़ेगा राष्ट्रवाद : बृजेश पाठक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी की गाड़ी डिरेल हो गई और पूरे प्रदेश में उसे प्रत्याशी ढूंढ़े नहीं मिल रहे हैं। यही हाल कन्नौज सीट पर भी है, जहां प्रत्याशी घोषित करने के लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को अच्छे दिन नहीं मिल रहे हैं। भाजपा राष्ट्रवाद और अंत्योदय के सिद्धांत पर चल रही है। किसी को नहीं पता कि कब कोई बूथ अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पहुंच जाए। इस बार सपा के परिवारवाद पर राष्ट्रवाद भारी पड़ेगा।

शुक्रवार को शहर के मानपुर रोड स्थित गेस्ट हाउस में हुए भाजपा बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में यह बात प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कही। उन्होंने कहा कि बूथ कमेटी ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और इस चुनाव में उनकी सबसे अहम भूमिका होगी। समाज और राष्ट्र विरोधी ताकतों को जवाब देना होगा।

सपा का समाजवाद एक छलावा है, जबकि वह केवल परिवारवाद के सिद्धांत पर चल रही है। इंडी गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस में हमेशा गांधी परिवार ही हावी रहा तो बसपा में मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को उत्तराधिकारी बना दिया। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने अपनी राजनीतिक विरासत बेटे अखिलेश यादव को सौंप दी, इसके बाद अर्जुन यादव होंगे। कार्यक्रम को लोकसभा क्षेत्र संयोजक नरेंद्र राजपूत, पूर्व विधायक अरविंद प्रताप सिंह, समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण, सांसद सुब्रत पाठक, भाजपा नेता संजू कटियार व दिनेश यादव ने भी संबोधित किया।



संबोधित करते डिप्टी सीएम बृजेश पाठक।



सम्मेलन में उपस्थित बूथ अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ता।

### 115 सपा कार्यकर्ता हुए भाजपा में शामिल

सपा सरकार में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिल्पी कटियार के पति संजू कटियार ने समाजवादी पार्टी छोड़कर आए 115 कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल कराया। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने सभी को भाजपा का अंगवस्त्र पहनाया। जिला महामंत्री सौरभ कटियार, अवधेश राठौर, रामवीर कठेरिया, ठाकुर हरिबख्श सिंह, शैलेंद्र दुबे, शरद कटियार, अनिल शुक्ला आदि उपस्थित थे।

### 25 को नामांकन कराएंगे सुब्रत पाठक

भाजपा के लोकसभा क्षेत्र संयोजक नरेंद्र राजपूत ने बताया कि 25 अप्रैल को सांसद सुब्रत पाठक नामांकन करेंगे। इससे पहले शहर के बोर्डिंग मैदान में नामांकन सभा की जाएगी और वहां से पैदल जुलूस निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। नामांकन में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के उपस्थित रहने की संभावना है।

## एक नजर

### युवती ने जहर पीया

**कायमगंज।** क्षेत्र के गांव गढ़ी इज्जत खां निवासी गौसिया ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। परिजन सीएचसी लाए। जहां उसका इलाज किया गया।

### मार्ग दुर्घटनाओं में तीन हुए घायल

**कायमगंज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में नगर के रेलवे रोड निवासी संतोष कुमार, नगर से सटे गांव लालपुर पट्टी निवासी सुनील, मेहंदीबाग निवासी अनुभव शाक्य घायल हो गए। आसपास के लोगों सीएचसी लेकर आए। तीनों का इलाज किया गया।

### ट्रेन से कटा गोवंश, 15 मिनट खड़ी रही एक्सप्रेस

**क़ायमगंज-फर्रुखाबाद।** क़ायमगंज कोतवाली क्षेत्र में ट्रेक पार कर रहा गोवंश फर्रुखाबाद से आ रही एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। गोवंश के कट जाने पर ड्राइवर ने ट्रेन रोकी और ट्रैक से गोवंश को गेटमैन की सहायता से हटवाया। तब कहीं जाकर ट्रेन को वहां से रवाना किया गया। मौके पर सवारी तथा स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। लोग तरह-तरह की चर्चाएं करने लगे। दुर्घटना से लगभग ट्रेन 15 मिनट तक खड़ी रही।

# खेत जा रहे किसान की ट्रैक्टर से दबकर मौत

## कड़क्का बांध के समीप ट्रैक्टर पलटने से हुआ हादसा

संवाददाता, अमृतपुर-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** राजेपुर थाना क्षेत्र मे गेहूं की मड़ाई करने जा रहे थ्रेसर लगे ट्रैक्टर के अचानक पलट जाने से युवा किसान की दबकर मौत हो गई। वहां मौजीद लोगों ने उसे निकाला।


मृतक किसान।

जानकारी के अनुसार ग्राम राजेपुर राठौरी निवासी त्रिलोक यादव (33) पुत्र मौजीलाल लाल रात दो बजे गेहूं की मड़ाई करने के लिए बिचपुरिया के खेतों मे अपना ट्रैक्टर ले जा रहा था। कड़क्का बांध के नजदीक अचानक ट्रैक्टर पलट गया। जिससे ट्रैक्टर चला रहा किसान त्रिलोक उसके नीचे दब गया। साथी ने भागकर परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने घटना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से गंभीर रूप से घायल त्रिलोक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर ले गए। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने त्रिलोक को मृत घोषित कर दिया। वह तीन भाई था और उसके दो बेटियां गुनगुन, बाबू हैं। एक नवजात पुत्र है। उसका 23 अप्रैल को नामकरण संस्कार होना था, जिसकी तैयारियां घर मे चल रही थीं। अचानक घटी इस घटना से नामकरण की खुशियां मातम मे बदल गईं। परिजनो मे कोहराम मच गया। पत्नी सोनी पति की मौत की खबर सुनकर बदहवास हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है इसी युवा परिवार के ऊपर गृहस्थी का भार था।

### कार व टेंपो की सीधी भिड़ंत में तीन लोग हुए घायल

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर मेबटेंपो तथा मारुति वैन की आमने-सामने टक्कर में टेंपो पर सवार तीन लोग घायल हो गए। शुक्रवार को टेंपो फर्रुखाबाद की ओर जा रहा था। फर्रुखाबाद की ओर से आ रही मारुति बैन दोनों वाहनों की जमापुर के निकट आमने-सामने टक्कर होगई। टेंपो सवार विमल कुमार (30) निवासी पंडरी थाना मोहम्मदी जनपद लखीमपुर खीरी, बिशम्वर दयाल (75) तथा उनकी पत्नी राम जानकी निवासी कस्बा राजेपुर राठौरी घायल हो गईं। घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने विमल कुमार को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर ठगी, रिपोर्ट दर्ज

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** पटवनगली मोहल्ले में एक व्यक्ति से स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर रुपए ठग लिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोरी दर्ज कर ली है।

नगर के मोहल्ला पटवनगली पानी टंकी के पास निवासी रणधीर कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है 16 अक्टूबर 2023 को उसके मोबाइल नंबर 7355679793 पर मोबाइल नंबर 7066220637 व 7388072807 से स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग के नाम से काल आई, जिसमें उससे 2 लाख 45 हजार रुपए जमा करने को कहा। कालकर्ता ने कहा इससे स्टॉक मार्केट में जो फायदा होगा, वह शेयर कराया जाएगा। इस पर उसने अपने मोबाइल नंबर से 2 लाख 45 हजार रुपए यूपीआई किया। शक होने पर रणधीर ने बैंक से शिकायत की तो बैंक द्वारा दो लाख रुपए वापस कर दिए गए। पुलिस ने अज्ञात साइबर ठग के लिए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कटरी में जन्मे अनुपम ने यूपीएससी परीक्षा में हासिल की 699वीं रैंक

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद


अपने भाइयों के साथ अनुपम। अमृत विचार

- दिल्ली से बीटेक करने के बाद दूसरे प्रयास में सामान्य श्रेणी में पाई सफलता

**अमृत विचार।** कायमगंज के गंगा कटरी क्षेत्र में पले बड़े हुए अनुपम सिंह ने यूपीएससी की परीक्षा की जनरल कैटागिरी में 699 की रैंक हासिल कर जिले का नाम को रोशन किया है। इस होनहार बेटे ने आईआईटी दिल्ली से बीटेक करने के बाद दूसरे प्रयास में उसने सफलता पाई है। परिजनों व पैतृक गांव में खुशी का माहौल है। परिवार व मित्रो ने एक दूसरे का मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया।

तराई क्षेत्र के गांव छोटी खजुरिया निवासी राजेश सिंह आजाद के पुत्र अनुपम सिंह ने यूपीएससी में जनरल कैटागिरी में 699वीं रैंक पाकर जनपद का नाम तो रोशन किया। वही कायमगंज क्षेत्र का नाम भी रौशन किया।

जैसे ही यूपीएससी का रिजल्ट आया तो अनुपम परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके पैतृक गांव में भी उनके चाचा प्रेमसिंह व उनका परिवार व आसपास के लोग खुशी से फूले नहीं समा रहे है। राजेश का एक मकान नगर के मोहल्ला नोनियमगंज में भी है। वहां भी खुशी देखी गई। अनुपम का जब रिजल्ट आया तो सबसे पहले उसने अपनी मां राजेश कुमारी को बताया। इस तरह अनुपम के छोटे भाई मृदुल सिंह को भी पता चला तो पूरा परिवार सगे संबंधी, नाते रिश्तेदार व आसपास के लोगों का खुशी का ठिकाना नहीं रहा। राजेश सिंह वर्तमान में राजकीय सर्वोदय विद्यालय शकरपुर दिल्ली में अंग्रेजी के प्रवक्ता है तो मां बैंगलोर में नवोदय विद्यालय पीटीआई के पद पर तैनात है।

# बिजली की ट्रिपिंग शुरू कायमगंज का बुरा हाल

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- 50 मिनट तक की जा रही बिजली कटौती
- मई-जून में उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ सकती

**अमृत विचार।** तापमान चढ़ते ही बिजली ट्रिपिंग शुरू हो गई है। सबसे बुरा हाल कायमगंज व नीबकरोरी डिवीजन का है। इन डिवीजनों से जुड़े फीडरों के एक दिन के आंकड़े पर नजर डालें तो सात से लेकर 50 मिनट तक बिजली कटौती हो रही है। अप्रैल में यह हाल है तो मई और जून में उपभोक्ताओं को और ज्यादा परेशानी उठानी पड़ेगी। हालांकि विभागीय अधिकारियों का दावा है कि जनपद में लगातार ओवरलोड फीडरों व ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि आदि के कार्य चल रहे हैं। मई तक ट्रिपिंग से निजात मिल जाएगी।

शासन के आदेश हैं कि उपभोक्ताओं को गर्मी में चौबीस घंटे निर्वाध बिजली आपूर्ति हो। इसके लिए बिजली विभाग संसाधनों पर करोड़ों रुपये खर्च भी कर रहा है। मगर गर्मी आते ही जनपद में ट्रिपिंग की समस्या फिर शुरू हो गई है। यह हाल तब है, जब अभी अप्रैल का महीना ही चल रहा है। 18 अप्रैल को जनपद में की गई बिजली ट्रिपिंग पर नजर डालें तो कायमगंज व नीबकरोरी डिवीजन में सबसे ज्यादा बिजली कटौती हो रही है। नीबकरोरी डिवीजन के 11केवी फीडर मोहम्मदाबाद में पांच से 19 मिनट और कायमगंज डिवीजन के फीडर तृतीय में सात से 50 मिनट बिजली कटौती हुई।

# विद्युत केंद्रों की बढ़ेगी क्षमता

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- 47.90 करोड़ होंगे खर्च, नए केंद्र भी बनेंगे

**अमृत विचार।** जनपद को बिजनेस प्लान 2024-25 के तहत 47.90 करोड़ का बजट मिला है। इस बजट से जनपद में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्रों की क्षमतावृद्धि के साथ ही इतने ही केवी के नए उपकेंद्र भी बनेंगे। जून तक सभी कार्य पूर्ण करवाए जाने के निर्देश भी दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम ने जनपद के अधिकारियों को दिए हैं। इसको लेकर जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी।

तमाम प्रयासों के बावजूद अभी भी जनपद में बिजली व्यवस्था निर्बाध तरीके से उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रही है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों के कई उपकेंद्र ओवरलोड चल रहे हैं। इसके चलते गर्मी में सबसे ज्यादा समस्या उत्पन्न होती है। उपकेंद्रों की क्षमतावृद्धि और नए उपकेंद्र बनाए जाने समेत अन्य



कार्यों के लिए जनपद से बिजली विभाग को प्रस्ताव भेजे गए थे, जिसे मंजूरी मिल गई थी। करीब एक सप्ताह पहले विभाग ने जनपद को विद्युतीकरण कार्य कराए जाने के लिए जनपद को 47.90 करोड़ का बजट भी भेज दिया है। इसी माह के अंतिम सप्ताह तक टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कार्य शुरू करा दिए जाएंगे। दो माह के अंदर कार्यों को पूर्ण कराए जाने के निर्देश भी उच्चाधिकारियों ने दिए हैं।

### यह होंगे कार्य

- ओवरलोड 11 केवी फीडर के 36 कार्य, 33 केवी लाइन के चार, एक 33/11 विद्युत उपकेंद्र का निर्माण, 11 विद्युत उपकेंद्रों की क्षमतावृद्धि (33/11 विद्युत उपकेंद्र), दो 33 केवी लाइन के निर्माण, एक 33 केवी नवीन वे उपयोगार्थ लाइन निर्माण, अलग-अलग क्षमतावार ट्रांसफार्मरों को बदलने के साथ ही अन्य कार्य शामिल हैं।

> बिजनेस प्लान 2024-25 के तहत जनपद में विद्युतीकरण कराए जाने को 47 करोड़ 90 लाख 57 हजार रुपये का बजट मिला है। टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू करवाई जाएगी। ठेकेदारों को निर्देश दिए जाएंगे कि दो माह के अंदर कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। गर्मी में उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति दी जाएगी।
>
> – सुरेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता ग्रामीण

## बैंडबाजा का भुगतान न करने पर बारात में पहुंची पुलिस

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर थाना क्षेत्र में बीती रात आयी बारात के बैंड का भुगतान न करने पर मामला पुलिस के पास पहुंच गया। बैंड कर्मियों नें पुलिस को तहरीर दी तो पुलिस मामले की जांच में लग गई।

थाना क्षेत्र के ग्राम उधरनपुर निवासी ऋषिदेव की पुत्री की बारात आयी थी। जिसमें वर पक्ष की तरफ से बैंड 27 हजार रूपये में नन्हे खां का बैंक बुक किया था। नन्हे खां नें बताया कि उन्हें 3 हजार रूपये नकद दिये गये थे और 24 हजार बारात वाले दिन देने की बात कही गई थी। नन्हे का आरोप है कि बैंड बजानें के बाद जब बचे हुए 24 हजार रूपये की मांग की गयी तो वर पक्ष नें मना कर दिया। वर पक्ष नें बैंड कम बजानें का आरोप लगाया। जिस पर बैंड मास्टर नन्हे नें डायल 112 को सूचना दी।

# लेंटर गिरने से मजदूर की मलबे में दबकर मौत

संवाददाता, नवाबगंज-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नबावगंज थाना क्षेत्र में पुराना लेंटर तोड़ते समय वह पूरा गिर गया। लेंटर तोड़ रहे मजदूर की मलबे में दबकर मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव उखरा निवासी श्रीकांत दीक्षित का पुराना मकान जिसका लेटर तोड़ने के लिए उन्होंने पड़ोसी गांव बीसलपुर निवासी रजत कठेरिया (22) पुत्र सुभाष कठेरिया, श्रीकांत दीक्षित और उनका पुत्र सूरज दीक्षित सुबह लगभग 8:15 बजे लेटर तोड़ रहे थे। अचानक लेटर भरभरा कर नीचे गिर गया जिसमें रजत श्रीकांत भी मलबे के नीचे दब गए। उनका पुत्र बाल बाल बच गया। लेंटर गिरने की सूचना पर गांव वाले घटनास्थल पर दौड़े। जैसे तैसे उन्होंने श्रीकांत को बाहर निकाल कर इलाज हेतु फर्रुखाबाद भेजा। वही रजत को जब तक मलवे से निकाला गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उसके परिजनों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। उन्होंने श्रीकांत दीक्षित पर आरोप लगाया कि उनके पुत्र को इलाज नहीं मिला, जिसके चलते वह घटनास्थल पर ही मर गया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के पिता राज मिस्त्री का कार्य करते हैं। मृतक अपने परिवार में भाई बहनों में सबसे अकेला था। मृतक की मां पतंनो देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। उसके पिता सुभाष चंद्र ने श्रीकांत दीक्षित के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर दी है।

# श्री राम जन्म पर कवियों ने पढ़ीं रचनाएं

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** साहित्यिक सांस्कृतिक और सामाजिक संस्था वीणा साहित्य परिषद ने श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया।

नगर के बजरिया हरलाल स्थिति वरिष्ठ कवि राम अवतार शर्मा के आवास पर आयोजित काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री ने की। उन्होंने कहा कि आज भी संस्कृत का प्राचीन साहित्य प्रासंगिक है। महाकवि कालीदास से लेकर अनेकों महान रचनाकारों की भरत भूमि भारत है युवा प्राचीन ग्रंथों के अनुवाद को पढ़कर साहित्य के बारे में जाने। संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि हजारों की तपस्या के बाद आज राम लला अयोध्या में विराजमान है। यह गौरव का विषय है, श्री राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े अनेकों वीरों ने अपने जीवन को त्याग दिया


काव्य गोष्ठी में मौजूद रचनाकार। अमृत विचार

था। संजय गर्ग ने कहा कि आज भी जनपद का साहित्य गौरव का विषय है। कन्नौज से आए अतिथि कवि उमाशंकर वर्मा साहिल ने कहा कि- है राम नाम अपराजित पौरुष का प्रतीक, है राम नाम अस्मिता हमारे भारत की रचना पढ़ी। राष्ट्रीय कवि डाक्टर सन्तोष पाण्डेय ने कहा कि-अंगारों से डरती रहती है जब तक तरुणाई श्रृंगारों में सजती रहती है जब तक तरुणाई, तब तक नहीं देश का बेड़ा पार हुआ करता है। उपदेशों से नहीं राष्ट्र उद्धार हुआ करता है। गज़लकार नलिन श्रीवास्तव ने कहा कि- जिंदगी में जब हमारी घुप्प अंधेरे छा गए, तुम न जाने तब कहां से चांद बनकर आ गए। महामंत्री राम मोहन शुक्ल ने कहा- उठो पार्थ गांडीव उठाओ सुध लो सारे कौरव की। राम शंकर अवस्थी ने वाणी वंदना की। कृष्ण कांत, अनुराग दीक्षित आदि रहे।

## नोएडा में कायमगंज के युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**क़ायमगंज फर्रुखाबाद।** नोएडा की फिल्म सिटी में रह कर कोर्स कर रहे क़ायमगंज के युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई।



कोतवाली कायमगंज के मोहल्ला आजम खान निवासी राजीव गुप्ता का 21 वर्षीय पुत्र ओम गुप्ता की नोएडा में मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। मोहल्ला काजमखा निवासी राजीव गुप्ता ने बताया कि उनकी पुलगालिव पर मोटरसाइकिल पार्ट्स की दुकान है। उनका 21 वर्षीय पुत्र ओम गुप्ता आठ माह से नोयडा के सेक्टर 163 में रहकर फिल्म सिटी में कोर्स कर रहा था। गुरुवार को वह शाम को बाइक से होटल से खाना लेकर वापस आ रहा था। तभी वाहन की टक्कर से ओम की घटनास्थल पर मौत हो गई।

# भाजपा, सपा, बसपा सहित 13 दावेदारों ने लिये पर्चे

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- लोकसभा चुनाव के नामांकन का दूसरा दिन

**अमृत विचार।** 13 मई को होने जा रहे चुनाव के लिए चल रही नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन भाजपा, सपा व बसपा प्रत्याशी सहित 13 नें नामांकन पत्र खरीदे। लेकिन अभी किसी नें भी अपना नामांकन दाखिल नही किया है।




शुक्रवार को बहुजन क्रांति पार्टी से रंजित सिंह पुत्र जीवा लाल निवासी धन्सुआ फतेहगढ़, समाजवादी पार्टी से नबल किशोर शाक्य पुत्र सूरज पाल निवासी श्याम नगर मझोला कायमगंज, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से दिनेश सक्सेना पुत्र जीवा लाल निवासी उम्मरपुर कायमगंज, संयुक्त जनादेश पार्टी से इरशाद पुत्र इमदार हुसैन निवासी जरारी जहानगंज, किसान क्रांति दल नरेंद्र सिंह पुत्र राजवीर सिंह निवासी भऊआ नगला पांचाल घाट, बहुजन समाज पार्टी से क्रांति पाण्डेय पुत्र बृजेश पाण्डेय निवासी नई बस्ती फर्रुखाबाद, आजाद समाज पार्टी से सुनील कुमार पुत्र रामप्रकाश निवासी अम्बेडकर नगर कमालगंज, भाजपा से मुकेश राजपूत व उनकी पत्नी सौभाग्यवती राजपूत नें निर्दलीय पर्चा खरीदा है। सहायक रिटर्निंग आफिसर नें बताया की शुक्रवार को 19 अप्रैल को एक भी नामांकन नही हुआ। 13 नामांकन पत्रों की विक्री हुई है।

## सार-संक्षेप


विसर्जन करने जा रहे भक्त।

### विसर्जन यात्रा में डीजे की धुनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

**फर्रुखाबाद।** नवरात्र समापन पर मां दुर्गा की विसर्जन यात्राएं धूमधाम से निकाली गईं। विसर्जन यात्राओं में डीजे की धुनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। गंगा नदी में मां दुर्गा की प्रतिमाएं विसर्जित की गईं। नवरात्र को लेकर शहर से लेकर गांव तक श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की थीं। बुधवार को नवरात्र समाप्त हो गए तो गुरुवार को कई जगह से मां दुर्गा की विसर्जन यात्राएं पांचाल घाट पहुंचीं। गांव अलादादपुर से ट्रैक्टर-ट्राली पर मां दुर्गा की छह फीट की प्रतिमा लेकर श्रद्धालु डीजे की धुनों पर झूमते-गाते हुए चल रहे थे। गर्मी का भी इन लोगों पर कोई असर नहीं था। यात्रा पांचाल घाट स्थित दुर्वाषा ऋषि आश्रम पहुंची, जहां विधि-विधान से मां दुर्गा की प्रतिमा को गंगा नदी में विसर्जित किया गया। इस अवसर पर राजवीर सिंह राजपूत, ब्रजेश, ध्रुव कुमार, पंकज, अमित कुमार और हिमांशु आदि मौजूद रहे। वहीं गांव खैराबाद से निकली विसर्जन यात्रा में डीजे की धुन पर युवक, युवतियां, महिलाएं, पुरुष व बच्चे नाचते हुए चल रहे थे। दुर्वाषा ऋषि आश्रम के सामने गंगा नदी में भक्तों ने मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया। दुर्विजय सिंह, नेहा, पंकज कुमार, धीरज कुमार, सर्वेश, रिंकू, सतीश कुमार और राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।


मतदान करने के लिए शपथ दिलाते डॉक्टर। अमृत विचार

### मतदान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने किया जागरूक

**फर्रुखाबाद।** आगामी 13 मई को होने वाले आमचुनाव के लिए सभी लोग अपील कर रहे हैं कि सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए और अपने मनमुताबिक सरकार को चुनना चाहिए। जिससे देश का विकास हो सके। इसी क्रम में मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए होमियोपैथिक विभाग भी सामने आया। राजकीय होमियोपैथिक चिकित्सालय कढहर में चिकित्साधिकारी डॉ सुरेंद्र सिंह ने राष्ट्र के बेहतर विकास के लिए अस्पताल में आए हुए समस्त रोगियों, उनके परिजनो और अन्य ग्रामीण वासियों को उनके वोट डालने के अधिकार के प्रति जागरूक किया और साथ ही सभी रोगियों ने चिकित्सालय परिसर में चिकित्साधिकारी के साथ मतदान करने की शपथ ली। इस अवसर पर डॉ सिंह ने बताया कि मतदान के दिन अन्य कामों के साथ-साथ मतदान अवश्य करें और साथ ही घर में अन्य व्यक्तियों को भी मतदान के लिए अपने-अपने पोलिंग बूथ पर समय से भेजें। राष्ट्रहित में अपने वोट से योगदान जरूर करें।

# राज्य कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने खिलाड़ी रवाना

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जनपद के छह खिलाड़ी शुक्रवार को ट्रेन से लखनऊ के लिए रवाना हुए। 20 व 21 अप्रैल को चौक स्टेडियम लखनऊ में राज्य स्तरीय जूनियर कराटे प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।


लखनऊ जा रहे खिलाड़ी। अमृत विचार

- तिलक लगाकर चयनित खिलाड़ियों को लखनऊ के लिए रवाना किया गया

राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जनपद की कराटे टीम में अर्पिता भारद्वाज, पाखी सक्सेना, उमंग तिवारी, आयुष राजपूत, निष्ठा मल्होत्रा और कृष्णा गुप्ता का चयन हुआ था। शुक्रवार सुबह तिकोना सब्जी मंडी स्थित पुष्कर कराटे एकेडमी में इन खिलाड़ियों को तिलक लगाकर लखनऊ के लिए रवाना किया गया। यह सभी खिलाड़ी कोच पारस भारद्वाज व आरती भारद्वाज के साथ ट्रेन से लखनऊ के लिए रवाना हुए। कोच पारस भारद्वाज ने बताया कि चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के करीब 40 जनपदों के कराटे खिलाड़ी खेलने आएंगे।

**लापरवाही की हद** विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे विद्यालय

# बिना यू-डायस कोड के चल रहे कई स्कूल

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार ने जहां एक ओर शैक्षिक सत्र 2024-25 से छात्र-छात्राओं के लिए परमानेंट एजूकेशन नंबर (पेन) अनिवार्य किया है। वहीं जनपद में कई स्कूल बिना यू-डायस कोड के ही चल रहे हैं। इनमें ऐसे स्कूल भी शामिल हैं, जिन्होंने यू-डायस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने को आवेदन तक नहीं किया है। ऐसे में हजारों विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटक सकता है। ऐसा इसलिए कि जिन बच्चों का यू-डायस प्लस पोर्टल पर डाटा अपलोड नहीं होगा, उनका पेन नंबर जारी नहीं होगा। जिला प्रशासन व विभागीय अधिकारी भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

नए शैक्षिक सत्र 2024-25 से केंद्र सरकार ने कक्षा एक से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए पेन नंबर अनिवार्य कर दिया है। जनपद में अभी भी लगभग एक सैकड़ा विद्यालय बिना यू-डायस नंबर के ही चल रहे हैं। विभागीय सूत्रों ने बताया कि लगभग 64 विद्यालय यू डायस के लिए ऑनलाइन आवेदन कर चुके हैं, लेकिन इनका रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। वहीं लगभग आधा सैकड़ा स्कूल ऐसे चल रहे, जिन्होंने यू-डायस पर रजिस्ट्रेशन कराने के लिए आवेदन तक नहीं किए हैं। इनमें कई नामी-गिरामी स्कूल शामिल हैं। इन स्कूलों में हजारों बच्चे मौजूदा समय में पढ़ रहे हैं, जिनका भविष्य अधर में लटक सकता है।

### सितंबर में खुलेगा यू-डायस प्लस पोर्टल

जिन विद्यालयों का आवेदन यू-डायस पोर्टल के लिए हो गया है, उन्हें 2024-25 में छात्र जोड़ने का ऑप्शन मिलेगा। सितंबर में ऐसे स्कूल यू-डायस प्लस पोर्टल पर छात्रों का डाटा अपलोड कर सकेंगे।

### क्या है पेन नंबर

यू-डायस पोर्टल पर छात्र-छात्राओं का विवरण अपलोड किया जाएगा, जिसमें छात्र का नाम, पिता, माता का नाम, जन्मतिथि, आधार नंबर, अभिभावक व विद्यार्थी का बैंक खाता, कक्षा, सेक्शन सहित अन्य जरूरी सूचनाएं शामिल रहेंगी। छात्र-छात्राओं का यू-डायस पोर्टल पर विवरण अपलोड होने के बाद उन्हें परमानेंट एजुकेशनल नंबर (पेन) दिया जाएगा। इससे किसी दूसरे स्कूल में प्रवेश लेने पर छात्र का पेन नंबर डालते ही उसका पूरा विवरण खुल जाएगा। इससे स्कूल अब फर्जी टीसी नहीं काट सकेंगे।

> जनपद में बिना यू-डायस कोड रजिस्ट्रेशन के स्कूल संचालित होने की जानकारी नहीं है। अगर ऐसा है तो वह मामले की जांच कराएंगे। ऐसे स्कूलों को चिह्नित कर उनसे यू-डायस कोड के लिए आवेदन करवाया जाएगा। यू-डायस कोड केंद्र सरकार जारी करती है। जो विद्यालय यू-डायस पोर्टल पर पंजीकृत हैं, वह लोग बच्चों की फीडिंग एक-दो दिन में कर लें। फीडिंग न होने पर स्कूल स्वयं जिम्मेदार होंगे।'
>
> – गौतम प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी

# ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत

संवाददाता जसवंतनगर (इटावा)

**अमृत विचार।** जिले के अलग-अलग स्थानों पर हुए ट्रेन हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सभी के शवों का पंचनामा भरकर उनका पोस्टमार्टम कराया है।

पहली घटना जसवंत नगर थाना क्षेत्र के ग्राम भतौरा के पास हुई। जहां ट्रेन की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। गांव भतौरा निवासी 55 वर्षीय अतर सिंह पुत्र केशव दयाल गुरुवार देर शाम को ग्राम नगला भीखन के पास रेलवे लाइन पार करके खेत में पानी लगाने जा रहा था। उसी समय ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने शव पड़ा देखकर परिजनों को सूचना दी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष कपिल दुबे ने बताया कि हादसे की सूचना दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

दूसरी घटना पछायगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई जहां ट्रेन की चपेट में आने से रंजीत सिंह (30) पुत्र राम प्रकाश निवासी जैतपुरा की मौत हो गई। तीसरी घटना जीआरपी क्षेत्र के अंतर्गत हुई जहां ट्रेन की चपेट में आने से सुमित (22) पुत्र मेहरबान सिंह निवासी कुदरकोट की मौत हो गई।

### दुर्घटना में मां-बेटा घायल

**महेवा।** थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम उझियानी के निकट मारुति वैन में विपरीत दिशा से आए वाहन चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वैन में सवार मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने उन्हें महेवा सीएचसी में भर्ती कराया। ग्राम बीकापुर निवासी राघवेंद्र उर्फ रामू शर्मा अपने बेटे अंश शर्मा को दिखाने के लिए मारुति वैन से पत्नी रानी देवी के साथ जा रहे थे। उझियानी ग्राम के निकट विपरीत दिशा से आ रहे वाहन चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वह लोग घायल हो गए।

## आग लगने से गेहूं की 30 बीघा फसल राख

**भरथना।** भरथना कोतवाली ग्रामीण क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम निवार मौजा राजीपुर में करीब 30 बीघा गेंहू की फसल भीषण आग में धू धूकर जलकर राख हो गई।

अग्निकांड में ग्रामीण अन्नदाता हरनाम सिंह की 12 बीघा, अशोक कुमार की 3 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। अग्नि कांड के दौरान दोपहर में चली गर्म तेज हवाओं ने अपना रुख अन्य खेतों की ओर कर लिया। जिनमें ग्राम पंचायत रतहैरी व बेलाहार के ग्राम नगला गजा निवासी सतीश कुमार लाखन सिंह की चार बीघा व उमेश चंद पुत्र करन सिंह की दो बीघा सहित ग्राम बनसियपुरा के शंकर लाल पुत्र हेतराम की तीन बीघा,बहादुर सिंह की 2,2 बीघा गेंहू की फसल सहित अन्न कई किसानों की गेंहू की फसल जल कर राख हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड मशीन ने ग्रामीणों के सहयोग से खेतों में लगी भीषण आग पर काबू पाया।

# सपा प्रत्याशी जितेन्द्र दोहरे ने कराया नामांकन



कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में नामांकन पत्र भरे जाने के दूसरे दिन शुक्रवार को सपा प्रत्याशी जितेन्द्र दोहरे ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने सपा व कांग्रेस नेताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम के समक्ष नामांकन पत्रों के चार सेट दाखिल किए।

इससे पहले समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेता जिला पंचायत अध्यक्ष के आवास पर एकत्रित हुए। वहां से नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए कलेक्ट्रेट गए। नामांकन पत्र दाखिल किए जाने के दौरान जिलापंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव, दिबियापुर के विधायक प्रदीप यादव, सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य और कांग्रेस जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव उनके साथ रहे। सपा प्रत्याशी ने सादगी के साथ नामांकन पत्र दाखिल किए और नामांकन सभा भी नहीं हुई। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद, माकपा नेता प्रेम शंकर यादव, सपा नेता उदयभार्न सिंह यादव आदि मौजूद रहे। नामांकन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में सपा प्रत्याशी जितेन्द्र दोहरे ने कहा कि भाजपा जो वादे करके सत्ता में आई थी लेकिन एक भी वादे को पूरा नहीं किया। भाजपा ने कहा था कि किसानों की आय दोगुना की जाएगी और रोजगार दिया जाएगा लेकिन ऐसा कुछ नही होगा। उन्होने यह भी कहा कि भाजपा साम्प्रदायिक रंग देने का प्रयास कर रही है लेकिन जनता सब समझती है। जनता भाजपा के झूठे वादों में अब आने वाली नहीं है। उन्होने यह भी दावा किया कि वे दो लाख वोटो से चुनाव जीतेंगे।

● कांग्रेस व सपा नेताओं के साथ पहुंचे कलेक्ट्रेट



जिलाधिकारी अवनीश राय के समक्ष नामांकन पत्र प्रस्तुत करते समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे के साथ पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव व अन्य। अमृत विचार

### तीन प्रत्याशियों ने खरीदे नामांकन पत्र

**इटावा।** शुक्रवार को कुल तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। इनमें सुधीर सिंह यादव लोहिया नगर ककराही बाजार औरैया, सारिका सिंह बघेल बहुजन समाज पार्टी, जसकरन सिंह मधुपुरी मैनपुरी सर्वजन सुखाए पार्टी ने अपने नामांकन पत्र खरीदे।

### दो करोड़ की भूमि, दो कारों व दो असलहों के मालिक हैं जितेन्द्र

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जितेन्द्र दोहरे ने शुक्रवार को अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। उन्होने नामांकन पत्रों के चार सेट दाखिल किए। इसके साथ ही सम्पत्ति का ब्योरा भी दिया है। इसके अनुसार जितेन्द्र दोहरे दो करोड़ की जमीन के मालिक हैं। उनके पास दो कारें है। दो असलहों के भी जितेन्द्र दोहरे मालिक हैं। सपा प्रत्याशी ने अपनी सम्पत्ति का ब्योरा दिया है। इसमे बताया गया है कि उनके दो बैंक खाते हैं। इनमे से एक खाते में 6 लाख 89 हजार 834 रुपये जमा हैं। एक अन्य बैंक खाते में 12 लाख 80 हजार 395 रुपये जमा है। जितेन्द्र दोहरे ठेकेदारी करते हैं और एक बैंक खाता उनकी फर्म के नाम हैं। इस खाते में 13 लाख रुपये हैं। जितेन्द्र दोहरे के पास दो असलहे हैं। इनमे एक रिवाल्वर और एक राइफल शामिल है। इसके साथ ही उनके पास दो कारें हैं और उनके पुत्र के पास एक ट्रैक्टर है। सपा प्रत्याशी के पास कृषि योग्य और गैर कृषि योग्य भूमि भी है। उनके पास कुल मिलाकर दो करोड रुपये की भूमि है। इसके साथ ही उनके पास करीब 13 लाख रुपए की कीमत का 200 ग्राम सोना भी है।

# बालक की सिर काटकर नृशंस हत्या, शव को गड्ढे में दबाया

## पांच दिन पहले खेलते-खेलते लापता हो गया था, जसवंतनगर थाना क्षेत्र का मामला

संवाददाता जसवंतनगर, (इटावा)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसा की मड़ैया में आठ वर्षीय बच्चे की धड़ से सिर काटकर नृशंस हत्या कर शव गड़्ढे में दबा दिया गया। यह बालक पांच दिन पहले घर से गायब हो गया था। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। बालक का शव यमुना किनारे स्थित बीहड़ के एक गड्ढे में दबा मिला। शव मिलने से गांव में दहशत फैल गई वहीं परिजनों में कोहराम मच गया।



ओमजी।

क्षेत्र के गांव ग्राम सिरसा की मड़ैया निवासी मुलायम सिंह का आठ वर्षीय पुत्र ओमजी उर्फ लकड़ी 14 अप्रैल की सुबह घर से बाहर खेलने गया था। देर शाम तक नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। सभी रिश्तेदारों के यहां भी फोन किया पर उसका कोई सुराग नही लग सका। अनहोनी की आशंका से बालक के पिता मुलायम सिंह ने जसवंतनगर थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिजनों समेत पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी।

शुक्रवार की सुबह ओमजी की मां विमला देवी अपने घर के पीछे यमुना किनारे जंगल मे लापता पुत्र की तलाश में थीं तो उसे घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर जंगल के एक गड्ढे से बदबू आई। उसने परिजनों को बुलाकर देखा तो उसमें बच्चे का शव पड़ा मिला।

उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने पुलिस व ग्रामीणों की सहायता से गड्ढे की तलाशी ली तो लापता बालक का शव गड्ढे से दो टुकड़ो में बरामद किया है।

बालक के शरीर से सिर अलग था। शव को देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बालक के पिता मुलायम सिंह ने बताया कि उनके पुत्र की हत्या कर उसको छुपाने की कोशिश की गई है।

क्षेत्राधिकारी विवेक जावला ने बताया है कि लापता बालक का शव बरामद किया गया है। उसकी हत्या करने के बाद सबूत मिटाने के लिए गड्ढे में शव को छिपाया गया है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

एसएसपी संजय कुमार ने भी गांव जाकर पीड़ित परिवार के सदस्यों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि बालक की हत्या की गई है। आगरा जनपद के एक व्यक्ति का नाम प्रकाश में आया है। पुलिस पूछताछ कर रही है।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व परिवार के लोग। अमृत विचार



मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते बच्चे। अमृत विचार

# मतदाताओं को बच्चों की टोली ने किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● बकौली गांव में नारे लगाकर ग्रामीणों में जगाई अलख

**अमृत विचार।** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बच्चों की बुलावा टोली बनाई गई। अब ये टोली मम्मी-पापा, ताई-ताऊ, चाचा-चाची, भाभी-भैया को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।

बीईओ सर्वेश कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में कंपोजिट विद्यालय बकौली में बाल संसद के पदाधिकारियों की बुलावा टोली बनाई गई। ब्लॉक व्यायाम शिक्षक अवधेश सिंह के नेतृत्व में बुलावा टोली ने बकौली गांव में घर जाकर संपर्क किया। बच्चे चुनाव का पर्व, देश का गर्व, पहले मतदान फिर जलपान, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, अपनी ताकत को पहचान, चलो करें हम सब मतदान आदि नारों का उदघोष करते हुए दिखे। टोली में अनूपा, प्राची, मोहिनी, सानिया, दिव्यांशी, ईशा शर्मा, अर्पित, आशू समेत कई बच्चे शामिल थे। टोली बनाने मंर बाल संसद की सयोजक गीता ने सहयोग किया।

## सार-संक्षेप

### महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**भरथना,इटावा।** भरथना कोतवाली कस्बा क्षेत्र अन्तर्गत मोहल्ला यादव नगर की नवीन बस्ती सोहम नगर में पूनम 28 बर्ष पत्नी धर्मेंद्र प्रजापति ने जहरीला पदार्थ का सेवन करके अपनी जीवन लीला समाप्त करली है। पुलिस ने मृतका के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को मुख्यालय भेजा है।

### थ्रेसर पलटने से मजदूर घायल

**बसरेहर।** चौबिया थाना क्षेत्र के गांव ऊनवा संतोषपुर में ट्रैक्टर में लगे थ्रेसर पलट जाने से मजदूर अजीत कुमार पुत्र पातीराम निवासी ऊनवा संतोषपुर घायल हो गए। खेतों पर काम कर रहे ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर दबे मजदूरों को ग्रामीणों ने बाहर निकाला। घायल व्यक्ति को अपने प्राइवेट वाहन से सैफई पीजीआई में भर्ती कराया।

### सरकारी धन खर्च पर काम नहीं हुआ

**बसरेहर, इटावा।** विकास खंड बसरेहर क्षेत्र की ग्राम पंचायत ऊनवा संतोषपुर में विकास कार्य के नाम पर लाखों रुपये फर्जी निकाल लिए। ग्राम पंचायत में निर्माणधीन पंचायत घर में टायल्स का निर्माण कार्य एक वर्ष पहले ही कराया लिया गया। धरातल पर पंचायत घर में टायल्स ही नहीं लगाये गये हैं। देखने की बात है यह है कि जिले के अधिकारी उसी पंचायत घर का कई बार वहां का निरीक्षण भी कर चुके। सहायक विकास अधिकारी पंचायत से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पंचायत घर का कार्य अभी निर्माणाधीन है।

### आग लगने से भूसा जलकर हुआ राख

**बसरेहर, इटावा।** चौबिया थाना क्षेत्र के गांव ऊनवा संतोषपुर में दोपहर के समय मशीन से कटे गेहूं के भूसे में आग लगने से करीब 25 बीघा खेत का भूसा जल गया है। किसान, सुरेन्द्र सिंह पुत्र अभयराम यादव, सुरेश चंद्र पुत्र बनवारीलाल, रामप्रकाश पुत्र पुत्तूलाल निवासी ऊनवा संतोषपुर थाना चौबिया, वहीं गांव चौबिया में जमादार सिंह पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी चौबिया का भी कंपायन से गेहूं को काट लिया गया। दोपहर भूसे में आग लग जाने से 10 बीघा खेत का भूसा जलकर राखहो गया। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है।



सैफई में पहुंचे स्कूल ऑफ पालिटिक्स टीम के सदस्य। अमृत विचार

### स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स की टीम पहुंची सैफई

**सैफई।** स्कूल ऑफ पालिटिक्स संस्था की टीम ने देश के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के गांव सैफई का दौरा किया। कहा हर नेता को मुलायम सिंह यादव जैसी राजनीति सीखने की जरूरत है। मालूम हो स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स एक ऑनलाइन प्रशिक्षण संस्थान है। जो राजनीतिक उत्साही लोगों और राजनीति में सक्रिय रूप से शामिल व्यक्तियों को व्यापक राजनीतिक शिक्षा प्रदान करती है। स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स संस्था की तरफ से देश के 18 राज्यों से 30 सदस्यों की टीम देश का भ्रमण करते हुए पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के गांव सैफई में पहुंची। अखिलेश यादव ने अपने गांव में कराए गए विकास कार्य जैसे ग्रामीण क्षेत्र में मेडिकल यूनिवर्सिटी, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक स्टेडियम, अंतर्राष्ट्रीय तरण ताल, स्पोर्ट्स कॉलेज, देख कर प्रसन्नता जाहिर की। संस्थापक अभिमन्यु भारती ने बताया कि दिल्ली से शुरू की यात्रा विभिन्न राज्यों में भ्रमण करके कोलकाता में समाप्त होगी। जिसमें महाराष्ट्र से हर्षल वैद्य, अर्चना सुर्वे, सुरभि सुर्वे, गौरव दुबे उत्तर प्रदेश, शिवांशु सिंह, युवराज चतुर्वेदी, पंजाब लखवीर सिंह, दिल्ली जगनीत सिंह, सक्षम सिंह, मध्यप्रदेश तेजस गांधी, पुष्पराज सिंह, तमिलनाडु बालासुब्रमण्यम, कर्नाटक मुकेश प्रकाश, रमाकांत दाश, संजय कुमार आदि शामिल हैं।

### ऑटो पलटने से दो बच्चों सहित पांच लोग हुए घायल

**ताखा, इटावा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को गांव कुदरैल के पास सवारियों भरा ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे चीख-पुकार मच गई। थाना क्षेत्र के गांव नगला पछांय से सवारियां लेकर ड्राइवर मोहित जिला अस्पताल कन्नौज जा रहा था। अचानक अनियंत्रित होकर ऑटो पलट गया। ऑटो में बैठी सवारी गीता पत्नी विनोद, सीमा पत्नी शिव प्रताप, पांच साल की आस्था पुत्री भानु प्रताप, तीन साल की लक्ष्मी पुत्री भानु प्रताप तथा ड्राइवर को चोटें आईं। जिनको सैफई मेडिकल कॉलेज भिजवा दिया गया। कुदरैल चौकी इंचार्ज जगराम सिंह ने बताया कि ऑटो हटवाकर यातायात सामान्य कराया।

### लेखपाल को पितृशोक

**महेवा, इटावा।** ग्राम पंचायत दिलीपनगर के मजरा बंगलन निवासी और लेखपाल नरेंद्र सिंह राजपूत के वयोवृद्ध पिता अवकाश प्राप्त एडीओ कृषि स्वामी दीन राजपूत का बीमारी के चलते निधन हो गया। निधन पर ग्राम प्रधान दिलीप नगर विनीता कुमारी, राजीव चौधरी, लेखपाल लक्ष्मी शंकर तिवारी, महेंद्र सिंह यादव, नवीन तिवारी, सुधीर कुमार चौबे, अर्जुन सिंह, मदन परिहार, जयंत कुमार, जितेंद्र सिंह सहित पूर्व बीडीसी भारत सिंह राजपूत, कपिल राजपूत, डीलर महेंद्र सिंह आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### विद्युत कनेक्शन करा लें, मीटर से न करें छेड़छाड़

**सैफई, इटावा।** अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड तृतीय कृष्ण कुमार ने कहा कि उपभोक्ता अधिक से अधिक विद्युत कनेक्शन कराएं, मीटर से छेड़छाड़ न करें। उन्होंने एसडीओ और जेई के साथ बैठक कर बकाया वसूली और बिजली चोरी की समीक्षा की। निर्देश दिए कि हर हाल में बिजली चोरी रोककर बिल की वसूली के लिए अभियान जारी रखें। उन्होंने कहा कि अगर कोई बिजली चोरी कराने में शामिल होगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। ड़े बकाएदारों की सूची बनाई जाए। बिजली कटौती के समय जेई और एसडीओ अपने मोबाइल ऑन रखें। कॉल रिसीव करके सही जानकारी दें।

### बीएलओ घर-घर पहुंचकर बांटेंगे मतदाता पर्ची

**जसवंतनगर, इटावा।** माडल तहसील सभागार में शुक्रवार को एसडीएम कुमार सत्यम जीत के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव को लेकर बीएलओ व सुपरवाइजरों के साथ बैठक की गई। उन्होंने बीएलओ और सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर मतदाता पर्ची पहुंचाएं। एसडीएम ने क्षेत्र के सभी 164 बीएलओ के साथ बैठक कर निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ मतदाता सूची व पर्ची बीएलओ के पास पहले पहुंचा दी जाएंगी। तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का अटेवा ने किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● ब्लाक संसाधन केंद्र भरथना के सभागार में हुआ समारोह

**अमृत विचार।** ऑल टीचर्स इम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) भरथना के तत्वावधान में ब्लाक संसाधन केंद्र भरथना के सभागार में सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अटेवा जिला अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि बेसिक शिक्षकों का सेवानिवृत के बाद विदाई समारोह न होना हम सभी को बहुत कचोटता था। अतः सर्वसम्मति से अटेवा ने हर वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक महेश चन्द्र शुक्ल, कमलेश कुमार, राजेन्द्र सिंह, असित पाल, उर्मिला पाल, रेखा सक्सेना, सत्यरूपा गुप्ता, आनन्द बाबू को सम्मानित किया।

ब्लाक अध्यक्ष पवन दीक्षित ने कहा बुजुर्ग शिक्षकों का सम्मान सभी को करना चाहिए। महामंत्री राहुल कुमार, कोषाध्यक्ष रईश अहमद, शिवसंगी कमल, विष्णु यादव, राकेश कुमार, प्रमोद कुमार, विनोद चौहान, गौरव गुप्ता, प्रवीण यादव, कीर्तिवर्धन सिंह, सन्दीप त्यागी, रंजना द्विवेदी, एआरपी जौली शाक्य, एआरपी सलीम अशरफ आदि मौजूद रहे।

# कब्रें तोड़े जाने के विरोध में मनाया काला दिवस

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जन्नतुल बक़ी कब्रिस्तान की 100 वर्ष पूर्व सऊदी हुकूमत द्वारा कब्रें तोड़े जाने के विरोध में शुक्रवार को शिया जामा मस्जिद पंजतनी में काला दिवस मनाया गया। मौलाना अनवारुल हसन जैदी के नेतृत्व में जुमे की नमाज के बाद जन्नतुल बक़ी की कब्रों के निर्माण की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया।

मौलाना अनवारुल हसन जैदी ने कहा कि जन्नतुल बक़ी में रसूल की बेटी फ़ातिमा ज़हरा, इमाम हसन, इमाम जैनुल आबेदीन, इमाम मो. बाकिर, इमाम जाफर सादिक़ रसूल के भाई, चचा, फुफियों, मौला अब्बास की मां उम्मे बनीन सहित सहाबियों की कब्रें हैं। सऊदी हुकूमत ने जन्नतुल बक़ी की कब्रो की तौहीन की, आज इसे 100 साल हो गए। मस्जिद में हस्ताक्षर अभियान चलाकर केंद्र सरकार से मांग की कि वह सऊदी हुकूमत से जन्नतुल बक़ी की कब्रों के निर्माण के लिए दबाव डाले। हाजी अरशद मरगूब, राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी, तनवीर हसन, मो. अब्बास, मो. मियां, अली मेहदी, तसलीम रज़ा, सलीम रजा, मौलवी ताबिश रिज़वी, हसन अब्बास, समर अब्बास, अख्तर अब्बास, राहत हुसैन रिज़वी, इबाद रिजवी, शौजब रिज़वी, जीशान हैदर ने भाग लिया।

● जुमे की नमाज के बाद चलाया गया हस्ताक्षर अभियान



जामा मस्जिद पंजतनी में विरोध जताते शिया समाज के लोग। अमृत विचार

### बनामई गांव में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा तोड़ी

**भरथना।** ग्राम पंचायत के बनामई के मजरा नगला राधे में स्थापित बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा गांव के कुछ नामजदों ने तोड़ दी। ग्रामीणों के आक्रोश से प्रशासन ने नई प्रतिमा लगवाकर मामला शांत किया। तहसीलदार राजकुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह, कई उपनिरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपाल, ग्राम प्रधान बृजराज सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। श्याम बाबू, ब्रजेश कुमार,कृपाल सिंह, जागेश्वर दयाल ने बताया कि बाबा साहेब की मूर्ति तीन साल पहले गांव के ही श्याम बाबू ने अपने निजी खेत में स्थापित कराई थी। दो दिन पहले नामजद दबंग मूर्ति तोड़ने की धमकी देकर चले गए। धमकी देने के दो दिन बाद दबंग और उसके रिश्तेदार ने योजनाबद्ध तरीके से गुरुवार दो बजे बाबा साहेब की मूर्ति तोड़ दी।

**आयोजन** तीन दिन चलने वाले कार्यक्रम के पहले दिन निकाली गई शोभायात्रा, शाम को हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

# महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** तीन दिवसीय श्री 1008 महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव 2024 की शुरुआत गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा के साथ हो गई। सुबह पंच परमेष्ठी विधान के बाद शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

महोत्सव के प्रथम दिन प्रातः 6.30 बजे कलश यात्रा शोरावाल इंटर कालेज से शुरू हुई। इसमें नमिता जैन, मधु जैन, पुष्पा जैन, प्रीति जैन, अंजू जैन, निशी जैन, कमलेश, नीता, अंजली, ममता, अनीता, सुनीता, मंजू, अंशुल, रीना, नीलम, कोमल, दीक्षा पलक, ज्योति, पूजा, प्रिया, चांदनी, शोभा, नीरू आदि पीले वस्त्रों को धारण कर सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। यात्रा जैन मंदिर डॉडा पहुंची। जहां पर मंत्रोच्चार के साथ रानी देवी जैन ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात जिनेन्द्र अभिषेक एवं नित्य पूजन के बाद श्री पंच परमेष्ठी पूजन विधान संगीत मय सम्पन्न हुआ। शाम सात बजे जिनेन्द्र भक्ति, शास्त्र प्रवचन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

संयोजक जितेन्द्र जैन हैप्पी, अध्यक्ष प्रदीप जैन, महामंत्री अरूण जैन, संयुक्त मंत्री वैभव जैन, कोषाध्यक्ष सुमत जैन, सह कोषाध्यक्ष प्रमोद जैन, अंकित जैन, अवनीत जैन, जैकी, विनोद, छदामी लाल जैन, चन्द्र कुमार जैन, सुनील जैन, पंकज जैन, प्रभास जैन, श्रेय, आकाश अर्पित, विकास आदि उपस्थित रहे।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

### महोत्सव में आज

- मीडिया प्रभारी नितिन जैन ने बताया कि महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को प्रात: 6.30 बजे से नगर की सड़कों पर स्वामी जी का संदेश जिओ और जीने दो के साथ प्रभातफेरी निकाली जाएगी। तदोपरान्त जैन मंदिर डॉडा में प्रतिष्ठाचार्य पं. अजित अलवर राजस्थान द्वारा पंच परमेष्ठी पूजन विधान सम्पन्न कराया जायेगा।

## चालक-परिचालक ने लौटाया रुपये भरा बैग

**सैफई।** 17 अप्रैल को सैफई डिपो की बस लखनऊ से आगरा के लिए रवाना हुई। चालक पदम सिंह, परिचालक सोनपाल सिंह बस के साथ में थे। बस आगरा पहुंची जहां पर यात्री उतरे। इसी बीच परिचालक की निगाह बैग पर पड़ी। इसी बीच लखनऊ से आगरा के लिए यात्रा कर रहे जिला बहराच के चिलवरिया निवासी हरिवंश दास नामक यात्री ने मिली हुई टिकट के पीछे लिखे हुए ऑनलाइन नंबर पर संपर्क किया और इटावा डिपो पर जानकारी दी कि वह बस संख्या 78 जे टी 0106 से लखनऊ से सवार होकर आगरा तक आया था। इस बीच उसका 84, 500 से भरा हुआ नोटों का बैग बस में छूट गया। उच्च अधिकारी ने यात्री को सैफई डिपो पर बुलाकर वरिष्ठ केंद्र प्रभारी शांति स्वरूप ने रोडवेज के अधिकारियों की मौजूदगी में नोटों से भरे बैग को वापस कर दिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दण्ड : स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्दंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह सन्धि नकुर्य्यात् ॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं, जैसे सूखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती हैं। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# वर्षा का पूर्वानुमान सुखद

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा में परिवर्तन हो रहा है। वर्ष-दर-वर्ष प्राकृतिक परिवर्तनशीलता भी हो रही है। देश के कुछ हिस्सों में 1950 के बाद से मानसूनी वर्षा में कमी आई है। देश का करीब 46 फीसदी कार्यबल कृषि क्षेत्र में काम करता है, इसलिए मानसून भारतीय कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए काफी मायने रखता है। कई राज्यों में बढ़ते तापमान और लू के मद्देनजर, भरपूर बारिश का पूर्वानुमान सुखद है। 1 जून से 30 सितंबर तक पूरे देश में कुल वर्षा का औसत 87 सेंटीमीटर औसत के साथ 106 प्रतिशत रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार 1971 से 2020 तक के वर्षा के आंकड़ों के अध्ययन में नई दीर्घकालिक औसत और सामान्य शुरुआत की। भारत में अच्छे मानसून से जुड़ी ला नीना की स्थिति अगस्त-सितंबर के बीच विकसित होगी। आईएमडी के अनुमान और आकलन के अनुसार चूंकि बीते साल सामान्य से कम बारिश हुई थी, लिहाजा इस बार यह संभावना सुखद लग रही है। यदि बारिश सामान्य से अधिक हुई तो मानसून खरीफ की फसलों के लिए लाभकारी हो सकता है। सवाल उठता है कि क्या अब भी कृषि, किसान और उनके जरिए देश की अर्थव्यवस्था मानसून की बारिश के भरोसे है?

2002 और 2009 में कृषि का उत्पादन घटा था, क्योंकि बारिश कम हुई थी, लेकिन खाद्य सुरक्षा का कोई भी संकट सामने नहीं आया, लिहाजा उन दोनों अनुभवों को भूल जाना चाहिए। आईएमडी जून और जुलाई में बारिश की मात्रा को लेकर मौन है, लेकिन उम्मीद है कि उस समय "तटस्थ स्थिति" (न तो अल नीनो, न ही ला नीना) व्याप्त होगी। दो शुष्क मानसून महीने और आखिरी दो महीनों में मूसलाधार बारिश कृषि के लिए मुफीद हो सकती है, लेकिन इसके परिणामस्वरूप अत्यधिक बाढ़ आने की संभावना है। भारत प्राकृतिक आपदाओं के मामले में असुरक्षित है। आईएमडी के वर्तमान संकेत पर तत्काल ध्यान दिया जाना चाहिए। राज्यों को आपातकालीन योजनाएं बनानी चाहिएं कि बुनियादी ढांचे मजबूत हों, लोगों की निकासी की योजनाएं तैयार रहें, बांधों की संरचनात्मक स्थिरता एवं उनके संकट-संकेतन नेटवर्क की पर्याप्त जांच-परख हो और व्यापक पूर्व-चेतावनी नेटवर्क मौजूद रहे। यदि मौसम विभाग का अनुमान सही साबित हुआ, भूजल को रिचार्ज करने का भी सकारात्मक प्रयास किया जा सकता है। बारिश के पानी को जमा करने और फिर उसे भूजल के तौर पर इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति हमारे देश में 100 फीसदी नहीं है। शोधकर्ता अभी भी जांच कर रहे हैं कि भविष्य में जलवायु परिवर्तन से मानसूनी वर्षा की मात्रा कैसे प्रभावित होगी? कृषि की नियति जलवायु-परिवर्तन पर भी आश्रित होगी, इसके आसार दुनियाभर में बनते जा रहे हैं, लिहाजा मानसून की बारिश के पानी को सहेजना सीखें।

# जायंट किलर बन रही हैं सड़कें



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

अपने देश में सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क सुरक्षा के बारे में बच्चों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 'स्वच्छ सफर' और 'सुरक्षित यात्रा' नाम से दो कॉमिक बुक्स जारी की गई हैं।

देश में एक तरफ सड़कों का निरंतर विस्तार हो रहा है तो दूसरी तरफ उस पर वाहनों की बढ़ती रफ्तार जन-धन की क्षति भी बढ़ाते जा रहा है। तेज रफ्तार की इस जिंदगी में पल-प्रतिपल मौत तेजी से जिंदगी से आगे निकलती जा रही है। अंधाधुंध रफ्तार के साइड इफेक्ट में सड़क दुर्घटनाओं में प्रतिदिन जाने-अनजाने लोग लगातार बिछड़ रहे हैं। सही कहते हैं कि काल का दूसरा नाम सड़क दुर्घटना हो गया है। पिछले एक दशक में देश में सड़क दुर्घटनाओं में 13 लाख से भी ज्यादा लोगों की जानें जा चुकी हैं। सड़क परिवहन की इसी खतरनाक स्थिति पर चिंता जताते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कभी देश की सड़कों को 'राक्षसी हत्यारे' या जायंट किलर कहा था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अपने रिपोर्ट में सड़क दुर्घटनाओं को "सबसे बड़े कातिल" की संज्ञा दी थी। रिपोर्ट में कहा गया कि हर साल दुनियाभर में सड़क हादसों में 1.2 मिलियन लोगों की मृत्यु हो जाती है और 50 मिलियन लोग इससे प्रभावित होते है। साल 2022 में 4.6 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं जिनमें 1.68 लाख लोगों की मौत हो गई। वहीं लाखों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, इनमें से कई लोग ऐसे भी हैं, जिन्होंने अपने शरीर के अंग हमेशा के लिए खो दिए। प्रत्येक घंटे सड़क दुर्घटना में लगभग 19 लोगों की मौत होती है। भारत में दुर्घटनाओं की संख्या 2021 की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत बढ़ गई है और मरने वालों की संख्या 9.4 प्रतिशत बढ़ गई है। भारत को प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाला नुकसान भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग तीन प्रतिशत है। भारत में हरेक मिनट में सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत होती है। लगभग 75 प्रतिशत दुर्घटनाओं का कारण वाहनों की तेज रफ्तार है। लगभग 42 प्रतिशत मामलों में पैदल चलने वाले होते हैं। लगभग 33 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं एक्सप्रेस वे सहित राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुई हैं। राज्य राजमार्गों पर लगभग 23 प्रतिशत दुर्घटनाएं हुई हैं। विश्व में सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली कुल मौतों में से 11 प्रतिशत भारत में होती हैं। विश्व में सड़क दुर्घटनाओं के कारण प्रत्येक 23 सेकंड में एक व्यक्ति की मृत्यु होती है। कुल सड़क दुर्घटनाओं में से 76 प्रतिशत दुर्घटनाएं ओवर स्पीडिंग और गलत साइड पर गाड़ी चलाने जैसे यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण होती हैं। सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहनों और पैदल चलने वालों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। देश में दोपहिया वाहनों पर दुर्घटना के शिकार होने वाले 73 प्रतिशत लोग हेलमेट नहीं पहनते हैं, जबकि चार पहिया वाहनों में सीट-बेल्ट का प्रयोग नहीं करना है। गलत दिशा में ड्राइविंग के कारण लगभग छह प्रतिशत दुर्घटनाएं होती है। नशे में गाड़ी चलाना और गाड़ी चलाते समय फोन का उपयोग करना अन्य बड़े कारण हैं। भारत में अनिवार्य सीट बेल्ट नियम लागू करने के बावजूद, 2022 में इसे न पहनने के कारण लगभग 17 हजार लोगों की जानें चली गईं। इसका बहुत बड़ा उदाहरण उद्योग पति साइरस मिस्त्री की मौत है। हालांकि भारत में विश्व के लगभग 10 प्रतिशत वाहन ही हैं, लेकिन सड़क हादसों में एक चौथाई लोग भारत में जान गंवाते हैं। इसके पीछे अंधाधुंध रफ्तार, ट्रैफिक नियमों को तोड़ना, नशे में गाड़ी चलाना, गाड़ी चलाने के दौरान नींद आना, खस्ताहाल सड़कों या उन पर अतिक्रमण, गाड़ियों की खराब हालत और तत्काल चिकित्सा सहायता की अनुपलब्धता होना है। बिना हेलमेट लगाए स्कूटर सवार, एक बाइक पर एक साथ बैठे चार लोग, बिना सीट बेल्ट लगाए कार ड्राइवर, बिना लाइट का ट्रक और यात्रियों से ठसाठस भरी बस के खुले दरवाजे पर लटके तथा छत पर बैठे बीसियों लोग इत्यादि दुर्घटना और मौत के कारण हैं। बहुत सी सड़क-दुर्घटनाएं बस, ट्रक या कार ड्राइवर द्वारा शराब पीकर गाड़ी चलाने तथा लापरवाही से या गंतव्य पर पहुंचने की जल्दी में तेज गति से गाड़ी चलाने के कारण भी होती हैं।

> आस्ट्रेलिया ने प्रायोगिक तौर पर 'इग्निशन लाकिंग सिस्टम' लागू किया है जिसमें जब ड्राइवर अपनी श्वास का सैंपल देता है, तभी उसकी गाड़ी स्टार्ट होती है। अगर उसने शराब पी रखी है तो उसका वाहन स्टार्ट ही नहीं होगा। सिंगापुर में हेलमेट के लिए वायरलेस सेंसर बनाया गया है।

हालांकि सड़क परिवहन के संबंध में सरकारी नियम कानून पहले से बने हैं, परंतु उसे कठोरता से लागू करने की आवश्यकता है। हाल ही में भारतीय न्याय संहिता के उस प्रावधान का वाहन चालकों द्वारा विरोध किया गया जिसमें सड़क दुर्घटना में हिट एंड रन मामलों के लिए अधिकतम 10 साल तक की सजा एवं भारी जुर्माना का प्रावधान किया गया है। कानूनों के अलावा सड़क दुर्घटनाओं से बचने का सबसे प्रभावी उपाय है कि तकनीक में निवेश किया जाए। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई तकनीक इसमें काफी उपयोगी साबित हो सकती है। वाहनों को एआई से लैस करके उनकी ट्रैकिंग संभव है। इससे वाहन की ड्राइविंग और रफ्तार के पैटर्न पर नजर रखी जा सकती है और ड्राइवर का संपर्क स्टीयरिंग व्हील से टूटते ही इससे पता लगाकर ड्राइवर को सतर्क किया जा सकता है। यदि हम इसे जीपीएस से जोड़ दें और 'जियो-फेंसिंग' जैसी तकनीक का इस्तेमाल करें तो शहरी एवं दुर्घटना आशंकित क्षेत्रों में वाहनों की अधिकतम गति को अपने आप ही नियंत्रित कर सकेंगे जिससे हादसे का खतरा कम हो जाएगा। इसी तकनीक का इस्तेमाल रात के वक्त या घने कोहरे के समय भी किया जा सकता है। स्टेयरिंग व्हील के पैटर्न से लेकर ड्राइवर की आंखों और चेहरे की लगातार निगरानी की जाती है ताकि उसकी थकान का पता चल सके।

आस्ट्रेलिया ने प्रायोगिक तौर पर 'इग्निशन लाकिंग सिस्टम' लागू किया है जिसमें जब ड्राइवर अपनी श्वास का सैंपल देता है, तभी उसकी गाड़ी स्टार्ट होती है। अगर उसने शराब पी रखी है तो उसका वाहन स्टार्ट ही नहीं होगा। सिंगापुर में हेलमेट के लिए वायरलेस सेंसर बनाया गया है। यह चालक को पहुंचने वाली किसी भी चोट की खबर उसकी लोकेशन के साथ उसके परिवार और दोस्तों को देता है जिससे उसका बचाव तत्काल संभव हो सकता है। एआई से किसी भी ओवरलोडेड ट्रक और ट्राली को ट्रैक किया जा सकता है और उनके आकार को देखकर उन्हें रोका जा सकता है। किसी भी दुर्घटना के बाद पहले घंटे को 'गोल्डन आवर' कहते हैं। यदि इस आरंभिक एक घंटे में पीड़ित व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा मिल जाए तो दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की जान बचाने में मदद मिल सकती है। इस गोल्डन आवर के उपयोग के संबंध में ड्राइविंग लाइसेंस लेते समय लोगों का 'फर्स्ट एड' टेस्ट पास करना अनिवार्य बनाया जा सकता है। इसके लिए सामान्य रूप से स्कूलों और कालेजों में भी युवाओं को आकस्मिक प्राथमिक चिकित्सा में दक्ष बनाना होगा। यूरोपीय देशों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वाहन चलाने के संबंध में एक आचार संहिता लागू है जिसका ज्यादातर देश पालन करते हैं। इसके अनुसार यदि किसी कार की गति 35 किमी प्रति घंटा है तो दो कारों के बीच की दूरी 74 फीट होनी चाहिए। 40 मील प्रतिघंटा की रफ्तार होने पर यह अंतर 104 फीट और 45 फीट की गति पर यह अंतर 132 फीट होना चाहिए। यदि चालक की मुट्ठी बंद करने की ताकत पौने सोलह किलोग्राम से कम निकलती है तो यह माना जाना चाहिए कि यह व्यक्ति वाहन चलाने लायक नहीं है। वाहन चलाने लायक उस व्यक्ति को माना जाएगा, जो 20 मीटर आगे चल रहे वाहन का नंबर आसानी से पढ़ ले। तीन चौथाई दुर्घटनाएं चालकों की लापरवाही के चलते होती हैं।

अपने देश में सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क सुरक्षा के बारे में बच्चों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 'स्वच्छ सफर' और 'सुरक्षित यात्रा' नाम से दो कॉमिक बुक्स जारी की गई हैं। सड़क सुरक्षा को एक गंभीर मुद्दा मानते हुए वर्ष 2015 में भारत ने ब्रासीलिया घोषणा पर हस्ताक्षर किया था और सड़क दुर्घटनाओं तथा मृत्यु दर को आधा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर की थी। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन की सड़क सुरक्षा पर ताजा वैश्विक स्थिति रिपोर्ट के अनुसार सड़क यातायात से होने वाली मौतों की वार्षिक संख्या 5 प्रतिशत घटकर 1.19 मिलियन प्रति वर्ष हो गई है। जबकि भारत में यह संख्या लगातार बढ़ रही है। वहीं विश्व स्तर पर संख्या में थोड़ी कमी आई है। वर्ष 2030 तक सड़क यातायात से होने वाली मौतों और चोटों को आधा करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा कार्रवाई दशक 2021-2030 के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं जिसमें भारत को विशेष प्रयास की आवश्यकता है। बेलारूस, ब्रुनेई दारुस्सलाम, डेनमार्क, जापान, लिथुआनिया, नॉर्वे, रूसी संघ, त्रिनिदाद और टोबैगो, संयुक्त अरब अमीरात और वेनेजुएला जैसे देशों में सड़क यातायात से होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत से ज्यादा कम करने में सफलता पाई है तो भारत भी इसे प्राप्त कर सकता है। इसके लिए सेफ्टी नियमों के कठोरता से अनुपालन सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

## प्रसंगवश

# दयानंद सरस्वती और मूर्ति पूजा

> श्रीकृष्ण के सदृश कोई होता तो इनके धुर्रे उड़ा देता और ये भागते फिरते। भला यह तो कहो कि जिसके रक्षक मार खाएं उसके शरणागत क्यों न पीटे जाएं।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

दयानंद सरस्वती की समाज सुधार आंदोलन में जो भूमिका रही है वह हम सब जानते हैं, लेकिन 1857,58 और 59 में तीन साल तक वे कहां रहे और क्या करते रहे, यह हम सब कम ही जानते हैं। इस प्रसंग में स्वामी दयानंद ने यही लिखा कि मैं "मैं इन तीन वर्षों में नर्मदा तट पर घूमता रहा।" कुछ इतिहासकार यह मानते हैं कि वे इस दौर में स्वाधीनता संग्राम के लिए आम जनता को संगठित करने का काम कर रहे थे। इस संदर्भ में वासुदेव वर्मा की लिखी किताब "अठारह सौ सत्तावन और दयानंद सरस्वती" महत्वपूर्ण कृति है। मूर्तिपूजा और सोमनाथ मंदिर के प्रसंग में दयानंद सरस्वती ने "सत्यार्थ प्रकाश" में लिखा है, एक प्रश्न सोमनाथ मंदिर के बारे में था, " देखो! सोमनाथ जो पृथिवि पर रहता था और बड़ा चमत्कार था। क्या यह भी मिथ्या बात है?" उत्तर, "हां मिथ्या है सुनो! नीचे-ऊपर चुंबक पाषाण लगा रखे थे। उसके आकर्षण से वह मूर्ति अधर खड़ी थी-जब ऊपर की छत टूटी तब चुंबक पाषाण पृथक होने से मूर्ति गिर पड़ी"। (सत्यार्थ प्रकाश, दिल्ली, 1954, पृ.334) इसके बाद अगला प्रश्न है, " द्वारकाजी के रणछोड़ की जिसने 'नरसी महता' के पास हुंडी भेज दी और उसका ऋण चुका दिया इत्यादि बात भी क्या झूठ है?" उत्तर, "किसी साहूकार ने रुपये दे दिए होंगे। किसी ने झूठा नाम उड़ा दिया होगा कि श्रीकृष्ण ने भेजे। जब संवत् 1914 के वर्ष में तोपों के मारे मंदिर-मूर्तियां अंग्रेजों ने उड़ा दी थीं तब मूर्ति कहां गई थी? प्रत्युत बाघेर लोगों ने जितनी वीरता की और लड़े, शत्रुओं को मारा, परंतु मूर्ति एक मक्खी की टांग भी न तोड़ सकी। श्रीकृष्ण के सदृश कोई होता तो इनके धुर्रे उड़ा देता और ये भागते फिरते। भला यह तो कहो कि जिसके रक्षक मार खाए उसके शरणागत क्यों न पीटे जाएं।"

# ईश्वर को जानना या मानना



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> इतना तो समझ में आता है, किंतु इसके आगे? कि स्व-चेतना में ही वैश्विक चेतना समाई है। आत्मा ही परमात्मा है। सबकी चेतना वही है। एक ही है। अहं ब्रह्मास्मि, तत्वमसि, सर्वं खलु इदं ब्रह्म।

मनुष्य की एक आंख विवेक और दूसरी सत्य के प्रति निष्ठा है। ये दोनों आंखें जिसके न हों वह शीघ्र ही अज्ञान के कुंए में गिर जाता है, इसमें कोई संदेह नहीं। विवेक से प्राप्त सत्य के प्रति निष्ठा। न धर्म, न ईश्वर। बस विवेक से जो भी सत्य लगे, उसके प्रति निष्ठा। सत्य को खोजना पड़ता है, फिर बुद्धि विवेक से तय करना पड़ता है कि जो मिला वह सत्य है या असत्य।

ईश्वर को खोजना नहीं, मानना पड़ता है। जाने कितने हजार साल से लोग कहते आए हैं कि वह है। मां-बाप, दादा-परदादा से यही सुनते आए हैं। इसलिए मान लिया। सवाल है कि यदि सबने किसी न किसी से सुना ही तो खोजा किसने, देखा किसने? वह कौन था जो ईश्वर जी से मिलकर आया और ईश्वर जी ने तस्दीक किया कि हां, यह बंदा मुझसे मिलकर जा रहा है, इसकी बात को मेरी बात मानो। कहने को तो कोई भी कह सकता है, ईश्वर जी से मिलकर आ रहा हूं। आगे जो भी कहूंगा, उन्हीं की बात कहूंगा। या जब मन में आए, ईश्वर जी से बात कर सकता हूं।

आदि शंकराचार्य मानव चेतना की रहस्यमयता को पकड़कर बैठ गए। हम सब कुछ जान सकते हैं, किंतु अपनी ही चेतना को, यानी अपने आपको (साधारणतः) नहीं जान सकते। न उसका वर्णन कर सकते हैं, न यह बता सकते हैं कि अगले क्षण वह क्या होगी, उसे क्या अनुभूति होगी, क्या आभास होगा। बस इतना समझ में आता है कि चेतना जो भी जानती है, पार्थक्य भाव से जानती है। जिसे जानना है वह मुझसे भिन्न है। मैं जानने वाला हूं और वह जानने योग्य है। ज्ञाता और ज्ञेय का पार्थक्य। इसलिए चेतना खुद को कैसे जानेगी? शंकर ने कहा, बस उसी को जान लो तो सब कुछ जान जाओगे, क्योंकि सब कुछ तुम्हारी चेतना में ही है। सबकी चेतना में वही है। पूरे ब्रह्मांड में वही है। सबकी चेतना की डोर एक ही स्रोत से बंधी है। सब उसी की प्रतिबिंब हैं। जान लोगे तो ज्ञाता ज्ञेय और ज्ञान का भेद खत्म हो जाएगा। सिर्फ शुद्ध चेतना रह जाएगी। बोध हो जाएगा कि बाकी सब भ्रम है, अध्यास है, माया है, विवर्त है।

क्वांटम भौतिकी की कृपा से अब तो पूरे ब्रह्मांड के बारे में ज्ञात हो चुका है कि इसमें मौजूद जड़, चेतन और रिक्त आकाश तीनों ऊर्जा के क्वांटा फील्ड (इलेक्ट्रॉन) और क्वार्क से बने परमाणुओं के संघटन हैं और सभी क्वांटा फील्ड एक एकीकृत क्वांटा फील्ड के अविभाज्य अंग हैं, जो परस्पर उलझे हुए हैं। करोड़ों प्रकाश वर्ष दूर होने पर भी एक इलेक्ट्रॉन पर पड़ने वाला प्रभाव दूसरे को संप्रेषित हो सकता है। तो समस्त ब्रह्मांड सूक्ष्मतम में एक जैसा नहीं, एक ही है। क्या इलेक्ट्रॉन में भी चेतना जैसी कोई चीज होती है? नहीं हो सकती। इलेक्ट्रॉन पदार्थ और ऊर्जा दोनों एक साथ है। ऊर्जा जो खंडों में काम करती है, लेकिन चेतना न पदार्थ है, न ऊर्जा। ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए पदार्थ को खर्च होना पड़ता है, चेतना की उत्पत्ति के लिए पदार्थ को खर्च नहीं होना पड़ता। वह मानव मस्तिष्क में अभिनिविष्ट होती है।

बच्चा जन्म के समय शरीर के साथ चेतना को भी लेकर आता है। समय बीतने के साथ एक क्षण आता है जब उसे स्वयं का यानी अपनी चेतना का और शेष विश्व का पृथक-पृथक एहसास हो जाता है। इसी को होश संभालना कहते हैं। उसका खुद का शरीर भी विश्व में शामिल होता है, "उसमें" नहीं। उसका शरीर और शरीर के अंग-प्रत्यंग सब "उसके" होते हैं, "वह" नहीं होते। वह माने उसकी चेतना, खुद के होने का एहसास। इतना तो समझ में आता है, किंतु इसके आगे? कि स्व-चेतना में ही वैश्विक चेतना समाई है। आत्मा ही परमात्मा है। सबकी चेतना वही है। एक ही है। अहं ब्रह्मास्मि, तत्वमसि, सर्वं खलु इदं ब्रह्म।

मुश्किल है, लेकिन कोशिश करके देखने में क्या हर्ज! जब तक समझ में नहीं आता, अनजान ही बने रहेंगे। अनजान होना स्वीकार भी कर लेंगे। सत्य और विवेक के सहारे तो इतना ही कह सकते हैं कि भैया, अभी तक स्वयं को, स्वयं की चेतना के आत्मरूप को, जो मेरा, आपका, सबका आत्मरूप हो, नहीं समझ पाया। जीते जी समझ में आ गया तो मान लूंगा। नहीं तो अंतिम क्षण तक अज्ञान में ही रहूंगा। स्वीकार भी करूंगा कि अज्ञान में हूं, लेकिन बिना खुद समझे मानूंगा नहीं।

## सोशल फोरम

# चंदा या धंधा



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

इलेक्ट्रोल बांड पर मुझे कभी हैरानी नहीं हुई। दरअसल ये हमारी चंदाखोर संस्कृति का ही थोड़ा विस्तारित रूप था। चंदे को सामाजिक स्वीकृति तो हासिल है ही, ये चंदा रूपी बांड को भी वैधानिक स्वीकृति देने का प्रयास था। वो तो शुक्र है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी, लेकिन क्या आम जीवन मे हम चंदाखोरी पर रोक लगा पाने में सफल हुए हैं। इस व्यवस्था से परेशान सारे हैं, खासकर व्यापारी वर्ग, लेकिन बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधे?

आजकल सब्जी बाजार जाता हूं तो लोगों के समूह को चंदा मांगते हुए देखता हूं। छोटे-छोटे दुकानदार बेचारे भी परेशान है कि आखिर कितनो को चंदा दें। चंदे से कोई सामाजिक आयोजन करना गलत नहीं। लोगों के सहयोग के बिना बड़े आयोजन सम्भव ही नहीं, लेकिन चंदा श्रद्धा और औकात के हिसाब से ही दिया जाता है। जब धार्मिक आयोजनों में चंदा देने का एक अदृश्य सामाजिक दबाव आप महसूस करने लगे तो मान लीजिए कि समस्या गंभीर है। एक बार मैं हरिद्वार गया। वहां हर की पौड़ी पर कुछ लोग रसीद ले चंदा मांगने पहुंच गए। कहने लगे मां गंगा और स्थान को साफ सुथरा रखने के लिए कुछ दान कीजिए। मैंने कहा मां गंगा खुद को साफ करना जानती हैं। मां को आपकी जरूरत नहीं। आप केवल इसे गंदा करने वाले कृत्य करना बंद कर दीजिए। वही मां गंगा पर आपका बहुत बड़ा अहसान होगा। ये घटना बहुत साल पहले की है। आज अगर ऐसा कुछ होता तो मैंने भी चुप चाप रसीद कटा ली होती।

वैसे कहने को तो मैं बहुत कुछ कहना चाहता हूं कि हजारों लोगों का रोज लंगर कैसे चलता है? कैसे मात्र कुछ रुपये में एमआरआई, सिटी स्कैन और अन्य टेस्ट किए जाते हैं? कैसे किसी आपदा में सबसे पहले यही नजर आते हैं? आखिर इसके लिए पैसा कहां से आता है? ये कभी चंदा मांगने क्यों नहीं जाते? क्यों यहां अपनों के साथ दूसरे लोग भी खुद आगे बढ़कर चंदा देते हैं? क्यों दान का सर्वाधिक सदुपयोग यहीं होता है? मैं इसमें बड़ाई नही कर रहा, लेकिन ध्यान जरूर दिला रहा हूं कि एक दूसरे के धर्म की बेहतर बातों से हम क्यों नहीं सीख सकते? और अगर हम सीखने में रुचि नहीं रखते हैं तो चंदे और धंधे वाला इल्जाम तो लोग लगाएंगे ही। **-फेसबुक वॉल से**

# बरेली में एक थे प्रोफेसर कृपानंदन



सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

वे बरेली कालेज में अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष थे। गांधीवादी थे और खादी पहनते थे। कुर्ता-पाजामा उनकी वेषभूषा थी। एक बार बरेली क्लब में उन्हें इसी पहनावे के कारण घुसने नहीं दिया गया। इससे वे बहुत आहत हुए और गांधी प्रतिमा के समक्ष मौन सत्याग्रह पर बैठ गए। उनकी लड़ाई रंग लाई और बरेली क्लब को माफी मांगनी पड़ी। यह उनकी बहुत बड़ी जीत थी, लेकिन बरेली क्लब आज भी उस अंग्रेजियत से मुक्त नहीं हो सका है। 2005 में 20 अप्रैल को कृपानंदन जी का निधन हुआ तो लगा कि बरेली की जमीन का एक खालिस धर्मनिरपेक्ष और सिद्धांतप्रिय व्यक्ति हमारे मध्य से चला गया।

वे रुहेलखंड विश्वविद्यालय स्थापना समिति के संस्थापक अध्यक्ष थे। धार्मिक विश्वासों में उनकी कतई आस्था नहीं थी, बल्कि वे उन चीजों के विरोध में खड़े थे, जो मनुष्य को धर्म और ईश्वर का गुलाम बनाती हैं। उन्होंने मार्क्सवाद का अध्ययन किया था, पर वे उससे बंध नहीं पाए। यद्यपि अनेक कम्युनिस्ट उनके पक्के मित्र थे। उन्हें दकियानूसी और कट्टरता से सख्त नफरत थी और जातिवाद उनके लिए किसी गैरजरूरी चीज का नाम था। उन्होंने एक मुस्लिम महिला जकिया से विवाह किया था। उन्होंने उनका न तो धर्मपरिवर्तन किया और न ही नाम बदला। दरअसल वे धर्म के प्रति एकदम उदासीन थे। निजी और सार्वजनिक जीवन में भी। सुबह जल्दी उठना। टहलना। बागवानी करना। किताबें बहुत पढ़ते थे। रात में बिना पढ़े नींद नहीं आती थी। उनके पास शेक्सपीयर की काफी किताबें थीं। कुछ भारतीय लेखकों की भी। अंग्रेजी अध्यापन के बाद भी किसी पर रोब झाड़ने के लिए अंग्रेजी बोलना उन्हें स्वीकार नहीं था। उन्होंने कभी नहीं समझा कि वे अंग्रेजी के प्रोफेसर हैं। पहनावे में, न व्यवहार में। 77-78 के बाद उन्होंने खादी का कुर्ता-पाजामा ही पहना। पूरी तरह शाकाहारी थे। खाने के बहुत शौकीन थे। वे अंधविश्वासों के घोर विरोधी थे। निधन के दिन 12-1 बजे तक मित्रों के बीच चर्चा करते रहे और एकाएक रुखसत हो गए।

कृपानंदन जी की खेलों में भी बहुत रुचि थी। क्रिकेट, हॉकी, कैरम आदि उन्हें बहुत प्रिय थे। मेरे पास कृपानंदन जी का एक पुराना चित्र है 1976 में बरेली कालेज के अध्यापकों की हॉकी टीम में प्रोफेसर उस्मान और डॉ. मेहरा उनके साथ थे। 1944 में कृपानंदन जी को लोगों ने हाउजी खेलते-खिलाते भी देखा था। उन दिनों बरेली जंक्शन के रेलवे इंस्टिट्यूट में हाउजी होती थी। उन्हें ताश के पत्तों की रमी खेलने का भी शौक था। एलन क्लब में वह रमी के अच्छे खिलाड़ी रहे थे। एमएन रायवादी निरंकार देव सेवक से उनकी खूब पटती थी। वे 'सैटरडे क्लब' की मीटिंगों में भी जाते थे। सेवक जी के साथ रहकर भी वे एमएन रायवादी नहीं हो पाए। साम्यवाद की खूबियों को मानते हुए कृपानंदन जी गांधी की चीजों में भरोसा करते थे। वे राजनीतिक दर्शन में व्यक्ति चरित्र, सत्यनिष्ठा और नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि मानते थे। धर्मनिरपेक्षता के मामले में वे पंडित नेहरू के अधिक नजदीक थे। उर्दू शायरी का दार्शनिक पक्ष उन्हें पंसद था। उर्दू और फारसी उनकी मातृभाषा जैसी थी। वे रूसी भाषा के भी अच्छे जानकार थे। फिराक, इकबाल, गालिब और चकबस्त उनके पसंदीदा शायर थे।



वर्ष 2000 में उन्होंने हमारी पत्रिका 'संदर्श' के निरंकार देव सेवक विशेषांक के लिए एक संस्मरण लिखा था जिसका शीर्षक था 'मुद्दत हुई कि ग़ालिब मर गया, पर याद आता है' जिसमें सेवक जी से उनकी मित्रता के अछूते प्रसंगों के साथ विभिन्न वैचारिक मुद्दों पर उनकी असहमतियां भी दर्ज हैं। 1937 में जवाहरलाल नेहरू और विजय लक्ष्मी पंडित ने कुतुबखाने के मोती पार्क में जब छात्रों में देशभक्ति का जज्बा फूंका, तब बरेली कालेज के हॉल पर लगा यूनियन जैक जलाकर कृपानंदन जी ने ही तिरंगा फहराया था। वे 1943 में बरेली कालेज छात्र यूनियन के अध्यक्ष भी रहे। अपने बाद के दिनों में कृपानंदन जी बरेली कालेज के शैक्षिक माहौल को लेकर बेहद चिंतित थे। उनके जेहन में संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था थी। बाद के दिनों में पंडित दीनानाथ मिश्र स्कूल के पिछले हिस्से की एक बगिया में अपना छोटा-सा आशियाना बनाकर वे रहने लगे थे। वे निहायत ईमानदार और पारदर्शी व्यक्तित्व के मालिक थे। सही अर्थों में प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को जीवन में उतारने वाले। उनका बाहर और भीतर एक समान था। उनकी सुनाई प्रिय कविता मुझे याद आ रही है, 'नार लव दाइ लाइफ नार हेट/बट व्हाट दो लिवेस्ट लिव वेल/हाउ लांग ऑर शार्ट/परमिट टु हेवेन।' कृपानंदन जी के भीतर कविता की गजब की समझ थी। अक्सर वे कहने लगे थे कि मशीनों के इस हंगामी दौर में जहां हर वक्त हर तरफ शोर ही शोर है, कविता की नर्म-ओ-नाजुक आवाज पनप सकती है कहीं? बालजती मुहल्ले में उनके बेटों की रिहायश और उनके द्वारा संस्थापित दो विद्यालय हमें उनकी याद दिलाने के लिए काफी हैं, पर उनमें उनके विचारों की महक नहीं। विगत दिनों उनकी पत्नी जकिया का भी निधन हो गया जो एक प्रेमकथा का भी अवसान था।

# 400 पार में कितनी धार



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लोकसभा चुनाव प्रारंभ हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने एक आकर्षक नारा दिया है, "अबकी बार चार सौ पार" यानी कुल 543 सीटों में यह पार्टी अपनी झोली में इतनी सीटें आ जाने की दम भर रही है। मीडिया का एक वर्ग तरह-तरह की खींचतान करके यह संख्या पौने चार सौ तक पहुंचा भी रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे मेल नहीं खाती। दक्षिण में इस दल का प्रभाव अत्यंत अल्प है। पश्चिम बंगाल में दूसरे नंबर पर और ओडीसा में सत्तारूढ़ पटनायक से तालमेल न बैठ पाने के कारण काफी कम। यूपी के पश्चिमी भाग, हरियाणा, पंजाब में अनेक जगह भाजपा विरोधी साइन बोर्ड लगे हैं कि भाजपाई यहां न आएं। विगत में केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान के काफिले पर पथराव तक हुआ जिसमें कई भाजपाई कार्यकर्ता घायल हुए। सदा भाजपा का साथ देने वाला क्षत्रिय समुदाय इस बार विरोध में है। ठाकुर चौबीसी गाजियाबाद से पूर्व सेनापति वीके सिंह का टिकट कटने व अपने वर्ग की उपेक्षा से असंतुष्ट है और विरोध में पंचायतें कर रहा है। डैमेज कंट्रोल के लिए स्वयं मुख्यमंत्री योगी और राजनाथ सिंह के विधायक पुत्र पंकज सिंह को दौड़ना पड़ा, जो क्षत्रिय हैं।

हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर भले ही हटा दिए गए हैं, किंतु उनकी और सहयोगी रही जजपा की किसान विरोधी छवि उभर चुकी थी जिसका प्रभाव विरोध प्रदर्शनों के रूप में वहां साफ दिख रहा है। राजस्थान में असंतुष्ट वसुंधरा राजे सिंधिया, स्टार प्रचारक होते हुए भी, अपने पुत्र दुष्यंत सिंह के निर्वाचन क्षेत्र झालावाड़ के अतिरिक्त कहीं पार्टी प्रचार में नहीं जा रहीं हैं। वे प्रधानमंत्री की सभा में भी नहीं गईं। उनका जनता पर प्रभाव है और विगत विधानसभाई चुनावों की सभाओं में राजनाथ और गडकरी उनकी तारीफ करते रहे हैं। यही हाल मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह का है, जिन्हें मोदी शाह ने किनारे लगा दिया है। शिवराज केवल विदिशा तक अपने को सीमित किए हैं, जबां से वे खड़े हैं। पीलीभीत से टिकट कटने के बाद सांसद वरुण गांधी यहां के चुनावी प्रचार से दूर हैं, उनका टिकट कटने से सिख खास तौर से नाराज हैं। नेहरू-गांधी परिवार से होने के कारण वरुण की राष्ट्रीय पहचान है। उत्तराखंड में अग्निवीर योजना को लेकर गहरा असंतोष है, यहां बहुसंख्यक फौजी हैं। बिहार में अब मोदी और नीतीश मंच साझा नहीं कर रहे हैं। एक सभा में नीतीश चार सौ को चार हजार कह गए, तो मोदी उनके मुंह की तरफ देखने लगे। साथ ही अब तक कथित सेकुलर पाले में रहे नीतीश अपने मुख्यमंत्रित्व काल मे सामाजिक सद्भाव की बात रेखांकित कर देते हैं जिसका मतलब हिंदू मुस्लिम एकता से होता है, किंतु भाजपा हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण चाह रही है। अतः भाजपा कार्यकर्ताओं को यह एकता राग रास नहीं आता है। इस बार विपक्षी गठबंधन काफी कुछ मिलकर टक्कर दे रहा है, भले ही बाद में आपस में लड़ें। ऐसे में चार सौ पार का यह नारा अतिरंजित और अहंकार मूलक ही लग रहा है और सहयोगी दल तो कभी भी कहीं खिसक सकते हैं।

# दोस्त के साथ जवारे, झंडा विसर्जन को आया युवक सेंगर नदी में डूबा

## ग्रामीणों की मदद से गोताखोरों ने चार घंटे बाद निकाला शव, परिजन बेहाल

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** शुक्रवार की दोपहर अजीतमल थाना क्षेत्र के एक गांव से अपने दोस्त के साथ जवाहरे सिराने जुआ स्थित सेंगर नदी पर आया युवक नहाने के लिए पुराने पुल से नदी में कूद गया। वह गहरे पानी मे डूब गया। पुलिस को सूचना दी गई। ग्रामीणों ने पानी में खोज की लेकिन शव नहीं मिला। गोताखोरों ने चार घंटे बाद नदी से शव निकाला।



विकास।



शव को ढूंढते गोताखोर। अमृत विचार

थाना अजीतमल की अटसू चौकी क्षेत्र के गांव मुहीउद्दीनपुर निवासी विकास राजपूत (20) पुत्र प्रताप सिंह शुक्रवार को दोपहर लगभग एक बजे गांव हॉलेपुर निवासी अपने दोस्त रवि के साथ जवाहरे सिराने के लिए जुआ स्थित सेंगर नदी पर आया था। वह नहाने के लिए नदी के पुराने पुल के ऊपर से नदी में कूदा।

● थाना अजीतमल क्षेत्र के गांव मुहीउद्दीनपुर का मामला

गहराई अधिक होने के कारण वह डूबने लगा। मदद के लिए चिल्लाने पर उसी गांव का रामा बचाने के लिए नदी मे कूद गया लेकिन बचा नहीं सका और विकास नदी के पानी की गहराई में समा गया। ग्रामीणों ने काँटा, जाल रस्सी आदि डालकर पानी मे खोज की लेकिन सफलता नही मिली चार घंटे बाद गोता खोर आये तब उन्होंने पानी का गहराई से मृतक के शव को बाहर निकाला। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए एसडीएम अजीतमल भी घटना स्थल पर पहुंचे। कई थानो की फोर्स बुला ली गई थी।

# पिकअप से कुचलकर तीन वर्षीय बच्ची की गई जान

संवाददाता अछल्दा (औरैया)

● मां के साथ मौसी की शादी में शामिल होने ग्राम नगरिया आई थी

**अमृत विचार।** शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं जब अपनी मौसी की शादी में शामिल होने आई बच्ची घर के बाहर पिकअप की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



शिप्रा।

थाना क्षेत्र के ग्राम नगरिया निवासी अजब सिंह शाक्य की छोटी बेटी शशि की शादी 23 अप्रैल को है। शादी में शामिल होने के लिए बड़ी बेटी पूजा पत्नी सुधीर शाक्य निवासी नगला भग्गी इकदिल, इटावा अपनी तीन वर्ष की बेटी शिप्रा उर्फ कष्पी के साथ आई थी। दोपहर करीब 12 बजे सड़क किनारे दुकान से कुछ सामान लेकर वापस घर जा रही थी तभी गांव की ही पिकअप यूपी 79 टी 6208 को लेकर चालक संजीव कुमार निवासी गांसीपुर गांव के अन्दर पिकअप लेकर जा रहा था।

हॉर्न सुनकर पास में ऊंचाई पर बने मकान पर चढ़ने लगी तभी उसका पैर फिसल गया जिससे वह पिकअप के पिछले पहिए के नीचे आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सीओ अशोक कुमार, थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाप्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि चालक व पिकअप को थाने ले आए है। तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# आफत बना गली के बीच लगा बिजली का पोल

संवाददाता कुदरकोट(औरैया)

**अमृत विचार।** बिधूना-भरथना मार्ग से डाक खाने वाली गली में जाने वाले रास्ते के बीचों बीच गली में विद्युत पोल गड़ा हुआ है जिससे वहां से बाइक से गुजरने वालों की बाइक खंबा से टकराकर हादसा होने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत की लेकिन अभी तक पोल नहीं हटाया गया।

इस इस संबंध में ग्रामीणों ने भाजपा सांसद सुब्रत पाठक को अपनी समस्या बताई तो उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारी से वार्ताकार आपकी समस्या का जल्द ही निराकरण कराया जाएगा।



गली के बीच में लगा विद्युत पोल।

# हत्या की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**अयाना, औरैया।** अयाना थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि गुरुवार रात को स्वरूपनगर निवासी सत्यवीर व रामवीर बैठ कर शराब पी रहे थे। इसी बीच एक युवक ने सत्यवीर की हत्या किए जाने की जानकारी उसके भाई प्रमोद को दे दी। प्रमोद की सूचना पर पुलिस पूरी रात आसपास का क्षेत्र खंगालती रही। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने सत्यवीर को करमपुर रोड पर टहलते पकड़ लिया। ग्रामीण उसे लेकर थाने आये। थाना प्रभारी ने बताया कि रामवीर ने शुक्रवार को फर्जी हत्या के मामले में फसाने की तहरीर दी। मामले में सत्यवीर, प्रमोद व आकाश का शांतिभंग में चालान किया गया है।

# 25 हजार इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** बेला थाना क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार सुबह मुखबिर की सूचना पर बाइक से जा रहे गैंगस्टर के वांछित इनामी आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। तभी आरोपी ने तमंचे से फायर कर दिया। इस पर पुलिस ने बचाव में फायर किया। गोली आरोपी के दाहिने पैर में लगी। पुलिस ने घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ बिधूना ने आरोपी से पूंछतांछ की।

गैंगस्टर के आरोपी अमर सिंह उर्फ अवतार पुत्र प्रहलाद निवासी ग्राम धनुपुर कादर चौक, बदायूं हाल मुकाम आदर्श नगर बिधूना की थाना पुलिस को पिछले तीन साल से चकमा दे रहा था। आरोपी कोतवाली क्षेत्र में पूर्व में कई आपराधिक मामले सहित गैंगस्टर में 25 हजार का इनामी है। शुक्रवार सुबह लगभग ढाई बजे मुखबिर की सूचना मिली कि आरोपी बाइक से बिधूना की ओर से बेला को ओर जा रहा है। तभी



घायल आरोपी को ले जाती पुलिस।

● पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तारी का किया दावा

बेला पुलिस एवं एसओजी चेकिंग के दौरान बेला दिबियापुर-रोड नीमहार मोड़ के पास रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी के दाहिने पैर में घुटने के नीचे गोली लग गई और वह घायल होकर वहीं गिर गया। घायल आरोपी को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

सीओ बिधूना अशोक कुमार ने बताया कि आरोपी गैंगस्टर में 25 हजार का वांछित था। पिछले तीन साल से पुलिस को चकमा दे रहा बेला पुलिस एवं एसओजी ने मुठभेड़ में आरोपी को गिरफ्तार किया है।




कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते प्रेक्षक एवं एडीएम। अमृत विचार

# प्रेक्षक ने कार्यों की जानकारी ली

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● व्यय लेखा सहित अन्य टीमों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ की बैठक

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा 41 इटावा हेतु नियुक्त व्यय प्रेक्षक राजीव थम्पुला एवं लोकसभा 42 कन्नौज हेतु नियुक्त व्यय प्रेक्षक नन्थाकुमार.एस. ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में गठित व्यय लेखा सहित अन्य टीमों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कार्यों की जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया कि वह अपनी - अपनी जिम्मेदारी को तनदेही से निभाएं। उन्होंने कंट्रोल रूम तथा एमसीएमसी संचालित कक्षों का निरीक्षण कर कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

बैठक एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने निर्वाचन कार्य हेतु गठित टीमों सहित निर्वाचन संबंधी किये जाने वाले कार्यों यथा कर्मिक प्रशिक्षण, टीमों के स्थल की जानकारी, टीमों की संख्या, मतदान केंद्र,मतदेय स्थल विधानसभा क्षेत्र सहित लोकसभा 41 इटावा एवं लोकसभा क्षेत्र 42 कन्नौज की भौगोलिक स्थिति से अवगत कराया। अपर पुलिस अधीक्षक दिगंबर कुशवाहा, वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रदीप कुमार सहित विभिन्न टीमों के कार्मिक आदि मौजूद रहे।

# आग से जलीं दो भैंसें

**अयाना, औरैया।** थाना क्षेत्र के गूजरी में शुक्रवार दोपहर दो बजे के करीब बाबू राम प्रेमा देवी आईटीआई कॉलेज के बगल में मौजूद मानसिंह के प्लॉट में आग लग गई। देखते ही दखते आग ने प्लॉट में ही रखे छप्पर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों ने कॉलेज में रखे फायर सिलिंडर व बाल्टियों से पानी ड़ालकर आग पर काबू पाया। ग्राम प्रधान सोन पाल ने बताया कि आग लगने से पीड़ित दो भैंस 40 फीसदी जल गईं हैं। साथ ही चारपाई व अन्य सामान भी जला है। घायल भैंसों के उपचार के लिए पशु चिकित्सक को जानकारी दी गई है।

# एक बीघा फसल राख

**ककोर।** जिला मुख्यालय के निकट पावर हाउस के पीछे अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसमें एक बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। इसमें किसान विजय सिंह, गोविंद राम गोविंद लालपुर वालों की फसल का नुकसान हुआ है। खबर लिखे जाने तक कोई भी अधिकारी-कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे थे। आग पर काबू पा लिया गया है।

# लापरवाही पर की जाएगी सख्त कार्रवाई : डीएम



बैठक करतीं डीएम और एसपी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्षता पूर्वक संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में निर्वाचन कार्य हेतु गठित विभिन्न टीमों एफएसटी, वीएसटी, वीवीटी, लेखा टीम, एमसीएमसी आदि टीमों के नोडल अधिकारी/ सहायक नोडल अधिकारियों द्वारा किये जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी की।

दोनो अधिकारियों ने यह भी निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग से समय-समय पर प्राप्त होने वाले दिशा-निर्देशों का अध्ययन करते रहें। उन्होंने कहा कि लापरवाही बतरने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह भी निर्देश दिए कि गठित टीम का स्थान चिन्हित है वह अपने निर्धारित स्थान में ही रहकर अपनी ड्यूटी को अंजाम दें। यह भी ध्यान रखा जाए की चेकिंग आदि के कार्य में किसी को परेशान न किया जाए। इस अवसर पर एडीएम/उपजिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दिगंबर कुशवाहा, वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रदीप कुमार सहित विभिन्न टीमों के कार्मिक आदि मौजूद रहे।

# दो पक्षों में लाठी-डंडे चले, आठ लोग घायल

संवाददाता फफूंद (औरैया)

● फफूंद थाना क्षेत्र के गांव सल्लाहपुर का मामला, पुलिस ने शुरू की जांच

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में बाल्मिकी व दोहरे समाज के युवकों में पुरानी रंजिश को लेकर झगड़ा हो गया। ईंट पत्थर व लाठी डंडे चलने लगे। जिसमें दोनों पक्ष से आठ लोग घायल हो गये। पुलिस ने घायलो को सीएचसी दिबियापुर भिजवाया है।

थाना क्षेत्र के गांव सल्लाहपुर निवासी राजू पुत्र अज्जू बाल्मिकी की बारात लौट कर शुक्रवार को घर आई थी, घर पर रिश्तेदार भी थे। लालू पुत्र पप्पू दोहरे से पुरानी रंजिश है। शुक्रवार की शाम को लालू दोहरे खेतो पर गेहूं काटने जा रहा था, जैसे ही बाल्मिकी मोहल्ला से गुजरा तभी बाल्मिकी समाज से दारू पीए एक युवक गाली देने लगा, जब विरोध किया तो मारपीट होने लगी दोनों पक्ष के लोग आमने सामने आ गये और जमकर लाठी डंडे व ईंट-पत्थर चले। सूचना पर थाना पुलिस पहुच गई। जिन्होंने बाल्मिकी समाज से घायल अनिल पुत्र निर्मल निवासी सल्लाहपुर, अशोक पुत्र राम बाबू निवासी गांव लड़ऊपुर, थाना रामपुरा जालौन, मोहित पुत्र दुर्गेश निवासी गांव सल्लाहपुर, सरला पत्नी मुकेश निवासी गांव झीझक कानपुर देहात व दोहरे समाज से घायल लालू दोहरे, सुमीत दोहरे पुत्रगण पप्पू दोहरे, शिवम दोहरे पुत्र अशोक दोहरे निवासी गांव सल्लाहपुर थाना फफूंद को दिबियापुर सीएचसी में भेज दिया है।

थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम ने बताया कि पुरानी रंजिश में दोहरे व बाल्मिकी समाज के युवकों में दारू पीकर झगड़ा हो गया था, घायलो को अस्पताल भेज दिया है। तहरीर मिलते ही रिर्पोट दर्ज की जाएगी।

आस्था | सेहुद धाम हनुमान मंदिर पर कथा रघुनाथ का तीसरा दिन, पंडाल में गूंजे जयकारे

# राम जन्मोत्सव की कथा सुन श्रद्धालु भाव विभोर

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सेहुद धाम हनुमान मंदिर पर बालयोगी महंत रामप्रियदास के मार्गदर्शन में चल रही कथा रघुनाथ के तीसरे दिन शुक्रवार को कथा व्यास पंडित पुनीत मिश्र ने राम जन्मोत्सव की कथा सुनाई। श्रीराम के जन्म का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा पंडाल भगवान राम के जयकारों से गूंजने लगा।

कथा व्यास ने कहा कि जिन श्रीराम की गोद में ब्रह्माण्ड खेलता है, वह भगवान बालरूप में माता कौशल्या की गोद में खेलते हैं। जिनकी गोद में दुनियां हंसती-रोती है, वह माता कौशल्या की गोद में कभी रोते हैं, तो कभी हंसते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान के नाम में इतनी शक्ति है, कि उल्टा नाम अर्थात् मरा-मरा जपने से भी रत्नाकर ब्रह्मत्व को प्राप्त कर वाल्मीकि हो गए।



कथा सुनाते पंडित पुनीत मिश्र। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि भगवान का दर्शन पांच रूपों में किया जा सकता है। पररूप, व्यूह रूप, विभव रूप, अन्तर्यामी रूप और अर्चारूप। उनका दर्शन करने के लिए साधन और तप से प्राप्त दिव्य दृष्टि चाहिए। व्यूह रूप में भगवान श्रीराम-लक्ष्मण-भरत-शत्रुध्न तथा कृष्ण-संकर्षण-प्रद्युम्म और अनिरूद्ध के दर्शन हुए। कथाव्यास ने कहा भगवान् श्रीराम का जीवन पढ़ लें तो वेद पढ़ने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। श्रीराम आनन्दकन्द हैं। वे वेद-पुराण को जीवन में उतारकर उनके व्यावहारिक ज्ञान के प्रतिमान हैं।

**बधाई गीत पर झूमीं महिलाएं**

पंडित पुनीत मिश्र ने कहा कि कथा और गीत-संगीत का मिश्रण उसे और भव्यता प्रदान करता है। मधुर गीतों पर श्रद्धालु सुध बुध खोकर झूमने लगते हैं। रामजन्म के समय राजन जी महाराज ने जब रघुनाथ के लिए बधाई गीत गया तो नर नारी, बच्चे सब भगवान की भक्ति में लीन होकर नृत्य करने लगे। यह दृश्य सभी के मन को प्रफुल्लित कर गया।

परीक्षित संध्या अवस्थी, रामकुमार अवस्थी, संजय शुक्ल, अनुराधा शुक्ल सहित हृदय नारायण पांडेय एडवोकेट, चौ. रामबाबू यादव, शांतमाधव त्रिपाठी, उमेश पालीवाल, श्याम पांडेय, अनुज शुक्ल, धीरज शुक्ल, अरुण पांडेय, विशाल दुबे, संजय त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सभी दिव्यांग करें मताधिकार का प्रयोग : पंकज

**औरैया।** सक्षम संगठन के प्रांत सह सचिव पंकज तिवारी ने लोगों से अपील की है कि लोकतंत्र के पावन पर्व मतदान के दिन हम सब मतदाताओं के सामने 18वीं लोकसभा के रूप में आया है। हम सब दिव्यांग मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करना चाहिए और मतदान करने के लिए दूसरे सभी लोगों को प्रेरित करना चाहिए। सभी दिव्यांग जनों को अपने दिव्यांग प्रमाणपत्र यूडीआईडी के माध्यम से मतदान करना चाहिए। जिससे चुनावों में मतदान करने वाले दिव्यांग जनों की वास्तविक संख्या सामने आ सके और सरकार में दिव्यांग जनों का प्रतिनिधित्व भी बढ़ सके। दिव्यांग बन्धु राष्ट्र रक्षा के लिए बॉर्डर पर तो नहीं जा सकते, परन्तु मतदान के लिए बूथ तक तो जा सकते हैं न। अगर मतदान के दिन आपकी अंगुली पर मतदान वाली स्याही का निशान नहीं लगता है तो अगले 5 साल किसी अन्य पर आपको अंगुली उठाने का अधिकार नहीं है। सभी बढ़-चढ़ कर मतदान करें।



प्रांत सह सचिव पंकज तिवारी।




कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

### कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा शुरू

**फफूंद (औरैया)।** नगर के मोहल्ला तिवारीयान में स्थित दया लक्ष्मी सरस्वती शिशु मंदिर में शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्री शिव महापुराण कथा एवं शिव शक्ति महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा दया लक्ष्मी सरस्वती शिशु मन्दिर (यगयेश्वर महादेव) परिसर से शुरू हुई और रामन्दिर, मोहल्ला ऊंचा टीला, कायस्थान, मुरादगंज तिराह, ताहरपुर, मोतीपुर, अछल्दा चौराहा, बाबाका पुरवा, चमनगंज तिराह, ख्यालीदास तिराह, पाता चौराहा, महावीरधाम से होते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। कथा का शुभारंभ करते हुए चित्रकूट धाम से आये कथावाचक दंडी स्वामी महेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि श्री शिव महापुराण कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी महापुराण कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। कलश यात्रा में पीत वस्त्र धारण करके सिर पर पोथी रखे अनामिका पत्नी अनुराग अवस्थी चल रही थी। यात्रा का ऊंचा टीला में पूर्व सभासद प्रबल शर्मा, अंशु दुबे व ख्यालीदास तिराह पर अनुराग शुक्ला ने शर्बत व हलवा का वितरण किया। इस मौके पर नगर व क्षेत्र के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



हवन-पूजन करते शिक्षक और विद्यार्थी। अमृत विचार

### आर्य समाज के नियमों पर चलने का लिया संकल्प

**औरैया।** गेल डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को महात्मा हंसराज के 161वें जन्मदिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। देश भर में डीएवी संस्थान इस दिन को समर्पण दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा की गई। विद्यार्थियों ने महात्मा हंसराज के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। श्रद्धा की स्वरचित कविता, अक्षिता की हंसराज पर प्रश्नावली, पूर्वा द्वारा महात्मा हंसराज का जीवन परिचय विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। संचालन अरिक्ता और देवांश ने किया। विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक भजन की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। प्राचार्या दीपा शरण ने महात्मा हंसराज के जीवन से प्रेरणा लेने और जीवन में आर्य समाज के नियमों का पालन करने पर बल दिया। उन्होंने बताया की किस प्रकार महात्मा हंसराज ने आजीवन डीएवी के प्रधानाचार्य रहते हुए अवैतनिक रूप से कार्य किया और अपने जीवन को डीएवी और आर्यसमाज आंदोलन को समर्पित कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष वैदिक हवन का भी आयोजन किया गया।



युवक की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**बिधूना (औरैया)।** एक महिला ने ट्रैक्टर चालक पर लापरवाही से बिना हार्न बजाए पति को टक्कर मार कर घायल कर दिए जाने का आरोप लगाया है। कहा गंभीर रूप से घायल पति की मृत्यु हो गई है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में गुड्डी देवी पत्नी विनोद कुमार ने कहा है कि उसके पति विनोद कुमार को गुरुवार की शाम को थ्रेसर की कटाई के लिए कल्लू सिंह उर्फ जितेन्द्र निवासी निवासी असजना लेकर गये थे। कल्लू सिंह के ट्रैक्टर को प्रांशु पुत्र कल्लू सिंह चला रहा था। गुरुवार की रात करीब 11 बजे प्रांशु के द्वारा बिना हार्न बजाये पति को टक्कर मार दी गई। जिसमें उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने कार्रवाई आश्वासन दिया है।

### सास ने बहू पर लगाया जेवर चोरी करने का आरोप

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र की लाल कुआं चौकी अंतर्गत गांव दुंदपुर निवासी सुपाता देवी पत्नी सुरेंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 11 अप्रैल को वह अपने बक्से में ताला बंदकर एक रिश्तेदार के यहां निमंत्रण में गई थी। लौटने पर उसे बक्सा का ताला टूटा मिला और उसमें रखे जेवर गायब थे। उसने बड़ी बहू से इसकी जानकारी की तो बहू ने उससे गालीगलौज शुरू कर दी। वृद्धा ने बहू पर शक जताते हुए तहरीर दी है। एसओ राजपाल ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### युवती ने जहरीला पदार्थ व वृद्धा ने पीया पेंट, रेफर

**बांगरमऊ, उन्नाव।** नगर निवासी एक युवती ने जहां अज्ञात कारणों के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। वहीं कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी वृद्धा ने घरेलू कलह के कारण घर में रखा पेंट पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सीएचसी लाए। जहां से डाक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नगर के हरदोई मार्ग स्थित पुरानी पानी की टंकी के पास रहने वाली राम विष्णु की 26 वर्षीय बेटी प्रीती ने शुक्रवार को घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन आनन-फानन उसे सीएचसी लाए। जहां उसे गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, कोतवाली क्षेत्र के गांव साहिबापुर निवासी महारानी (65) पत्नी तुलई ने शुक्रवार को घरेलू कलह के चलते घर में रखा पेंट पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

राज्य में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट, पिछली बार कांग्रेस ने कुल 20 में 15 सीटें जीत ली थीं

# डबल डिजिट के फेर में फंसा केरल

मनोज त्रिपाठी

केरल में लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। यहां लोकसभा और विधानसभा चुनाव प्रमुख रूप से दो गठबंधनों के बीच तय होता है। कांग्रेस की अगुवाई में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) और वामपंथी दलों का माकपा की अगुवाई में बना लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस यहां सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई थी। यह राहुल गांधी के राज्य की वायनाड सीट से चुनाव लड़ने का असर था कि कांग्रेस को केरल की कुल 20 में 15 सीटों पर जीत हासिल मिली थी। इसके मुकाबले सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) केवल एक सीट जीत सकी थी। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने दो सीटें जीती थी। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (भाकपा) को एक सीट मिली थी। भाजपा ने करीब 13 फीसदी वोट लेकर चौंकाया था, लेकिन इसके बावजूद पार्टी कोई भी सीट जीतने में सफल नहीं हो सकी थी। कांग्रेस इस बार अपना पिछला प्रदर्शन दोहराना चाहती है, तो भाजपा के साथ ही वामपंथी गठबंधन डबल डिजिट में सीटें जीतने की उम्मीद लगा रहा है।

इस बार के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय स्तर पर बने इंडिया गठबंधन में वामपंथी दल कांग्रेस के साथ हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल की तरह केरल में तस्वीर पुरानी ही है। केरल में वामपंथी दल और इंडिया गठबंधन अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा इस बार मिशन-400 का लक्ष्य पाने के लिए केरल में वोट प्रतिशत बढ़ाने के साथ कम से कम तीन या चार सीटें जीतने की तरफ देख रही है। यही वजह है कि बीते कुछ समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आधा दर्जन बार राज्य का दौरा कर चुके हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी भाजपा में शामिल हो चुके हैं। 2019 के चुनाव को गठबंधन की सफलता के आधार पर देखें तो यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने राज्य में 20 में से 19 सीटें जीती थीं, जबकि लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट की तरफ से माकपा सिर्फ अलप्पुझा सीट पर जीत हासिल कर पाई थी।



### कांग्रेस-भाजपा की परीक्षा

**13%** वोट लेकर भी भाजपा रह गई थी खाली हाथ

- लेफ्ट गठबंधन में माकपा को मिली थी सिर्फ एक सीट

### अनिल एंटनी को उतार भाजपा का ईसाई समाज को साधने का प्रयास

- केरल में डबल डिजिट में सीटें जीतने का दावा कर रही भाजपा ने हर सीट पर मजबूत प्रत्याशी उतारे हैं। पथानामथिट्टा से कद्दावर कांग्रेस नेता एके एंटनी के पुत्र अनिल एंटनी को उतार कर पार्टी ने राज्य के ईसाई समुदाय को साधने का प्रयास किया है। अनिल को भाजपा ने राष्ट्रीय सचिव और प्रवक्ता बनाया है। 2019 में इस सीट से कांग्रेस के एंटो एंटनी जीते थे। इस बार भी वह कांग्रेस उम्मीदवार हैं, जबकि लेफ्ट गठबंधन ने पूर्व वित्त मंत्री थॉमस इसाक पर दांव लगाया है।

## तिरुवनन्तपुरम में केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और शशि थरूर के बीच जंग हुई दिलचस्प

- केरल की राजधानी तिरुवनन्तपुरम लोकसभा सीट पर केंद्रीय इलेक्ट्रनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर को भाजपा ने दिग्गज कांग्रेस नेता शशि थरूर के खिलाफ मैदान में उतारा है। शशि थरूर 2019 में इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। तिरुवनन्तपुरम में भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी जड़ें तेजी से मजबूत की हैं। इसी का परिणाम है कि 2019 के चुनाव में यहां कांग्रेस और भाजपा में सीधा मुकाबला हुआ था। वामपंथी गठबंधन से उतरा भाकपा का प्रत्याशी तीसरे स्थान पर चला गया था। 2019 में कांग्रेस के शशि थरूर को 4,16,131 वोट मिले थे। भाजपा के कुम्मन राजशेखरन ने 3,16,142 वोट लेकर उन्हें सीधी चुनौती दी थी। इस बार माना जा रहा है कि शशि थरूर को यहां केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर कड़ी टक्कर दे रहे हैं, इन दोनों की लड़ाई में वरिष्ठ भाकपा नेता पूर्व सांसद पन्नयन रवींद्रन तीसरा कोण बना रहे हैं।





## त्रिशूर में कांग्रेस नेता मुरलीधरन त्रिकोणीय मुकाबले में फंसते नजर आ रहे

- तीन हाई-प्रोफाइल उम्मीदवारों के कारण त्रिशूर लोकसभा सीट पर भी मुकाबला रोचक हो गया है। कांग्रेस ने यहां से अपने दिग्गज नेता रहे के करुणाकरन के पुत्र के.मुरलीधरन को मैदान में उतारा है। मुरलीधरन वर्तमान में कोझिकोड जिले की वडकारा लोकसभा सीट से सांसद हैं। वह चार बार सांसद और दो बार विधायक रह चुके हैं। त्रिशूर में मुरलीधरन का मुकाबला अभिनेता से नेता बने भाजपा उम्मीदवार सुरेश गोपी और भाकपा प्रत्याशी पूर्व कृषि मंत्री वीएस सुनील कुमार से है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी में सुरेश गोपी के लिए ही त्रिशूर से एनडीए का चुनाव अभियान शुरू किया था। उधर, भाकपा के वीएस सुनील कुमार इस लोकसभा क्षेत्र में जाना-पहचाना चेहरा हैं। मुरलीधरन त्रिशूर को अपना गृह जनपद होने का हवाला दे रहे हैं। इस सीट पर 2019 में कांग्रेस के टीएन प्रतापन ने भाकपा के राजाजी मैथ्यू थॉमस को 93,633 वोटों से हराया था।

### 2019 में किसको कितनी सीटें और मत प्रतिशत

| दल | सीट | प्राप्त वोट | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| कांग्रेस | 15 | 7596610 | 37.3 |
| आईयूएमएल | 02 | 1111697 | 5.5 |
| केरल कांग्रेस (एम) | 01 | 421046 | 2.1 |
| आरएसपी | 01 | 499677 | 2.5 |
| माकपा | 01 | 5270241 | 25.9 |
| भाकपा | 00 | 1233886 | 6.1 |
| भाजपा | 00 | 2635810 | 12.9 |
| अन्य | 00 | 1616249 | 7.9 |

### 2014 के चुनाव में दलीय जनादेश

| दल | सीट | प्राप्त वोट | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| कांग्रेस | 08 | 5590285 | 31.1 |
| आईयूएमएल | 02 | 816226 | 4.5 |
| केरल कांग्रेस (एम) | 01 | 424194 | 2.4 |
| आरएसपी | 01 | 408528 | 2.3 |
| माकपा | 00 | 11070 | 0.1 |
| भाकपा | 01 | 1364010 | 7.6 |
| भाजपा | 00 | 1856796 | 10.3 |
| अन्य | 07 | 7504786 | 41.7 |



### अलाप्पुझा से दो बार के सांसद रहे वेणुगोपाल के सामने माकपा से सीट वापस छीनने की चुनौती

इस बार अलाप्पुझा की सीट माकपा से छीनने के लिए कांग्रेस ने अपने दिग्गज और एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल को मैदान में उतार दिया है। वेणुगोपाल वर्ष 2009 और 2014 के चुनाव में यहां से दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। पिछली बार 2019 में यहां से माकपा के ए एम आरिफ चुनाव जीते थे। उन्होंने नजदीकी मुकाबले में कांग्रेस के शनिमॉल उस्मान को मात दी थी। माकपा प्रत्याशी को 4,45,970 तो कांग्रेस उम्मीदवार को 4,36,496 मत मिले थे। भाजपा के डॉ. एसके राधाकृष्णन 1,54,152 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। मजे की बात यह है कि इस सीट पर बसपा ने भी चुनाव लड़ा था, लेकिन उसके प्रत्याशी प्रसनाथिभम को सिर्फ 2431 वोट मिले थे। इस बार भाजपा ने अलाप्पुझा सीट से शोभा सुरेंद्रन को मैदान में उतारा है।

## राहुल गांधी के लिए इस बार वायनाड में वॉक ओवर नहीं

### भाकपा की एनी राजा के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन पेश कर रहे हैं कड़ी चुनौती

आज देश की चर्चित और हॉट लोकसभा सीटों में शुमार वायनाड लोकसभा सीट 2009 में अस्तित्व में आई थी। 2009 और 2014 के लोकसभा चुनावों में यहां से कांग्रेस के एमआई शानवास ने जीत दर्ज की थी। 2019 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव लड़कर वायनाड को हाई प्रोफाइल सीट बना दिया। इस सीट पर मुख्य संघर्ष कांग्रेस और भाकपा में ही होता रहा है। लेकिन इस बार भाजपा ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को मैदान में उतारकर मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। भाकपा के टिकट पर नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमेन की महासचिव और भाकपा की राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य तथा दिग्गज भाकपा नेता डी राजा की पत्नी एनी राजा चुनाव मैदान में हैं। राहुल गांधी पिछले लोकसभा चुनाव में अमेठी में भाजपा की स्मृति इरानी से भले ही हार गए हों, लेकिन वायनाड में उन्होंने बड़ी जीत दर्ज की थी। वायनाड में राहुल गांधी ने कुल पड़े 10,87,783 वोटों में 7,06,367 मत हासिल किए थे। उनके प्रतिद्वंदी पीपी सुनीर को 2,74,597 वोट मिले थे। इस तरह राहुल गांधी ने 4.3 लाख से भी ज्यादा वोटों से जीत का रिकार्ड बनाया था। हालांकि इस बार राहुल गांधी के सामने त्रिकोणात्मक चुनौती नजरआ रही है। भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है। सुरेंद्रन 2020 में केरल भाजपा के अध्यक्ष बनने के बाद से लगातार पार्टी को मजबूत करने की कोशिश में लगे हैं। वह अब तक तीन लोकसभा चुनाव लड़े हैं और तीनों में हार का सामना करना पड़ा। इसी तरह सुरेंद्रन ने पांच विधानसभा चुनाव लड़े और सभी में हारे। लेकिन दो मुकाबले कांटे के रहे। इनमें उन्हें मात्र 89 और 745 वोटों से हार का सामना करना पड़ा। वायनाड में तीसरा कोण भाकपा के महासचिव और पूर्व राज्यसभा सांसद डी. राजा की पत्नी एनी राजा बना रही हैं। लेफ्ट गठबंधन ने उनकी जीत के लिए पूरी ताकत भी लगा रखी है।



# दक्षिण का दुर्ग जीते बिना कैसे लहराएगा 400 पार का झंडा

महेश शर्मा

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नैरेटिव सेट किया, अबकी बार 400 पार और सारा विमर्श इसी के इर्द-गिर्द घूम गया। अब मतदान प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही राजग गठबंधन की सीटें क्या इस बार 400 पार होंगी, इसकी परीक्षा भी शुरू हो गई है। 2019 के चुनाव में दक्षिण भारत 130 सीटों में 29 सीटें भाजपा का बेस्ट प्रदर्शन था। लेकिन बड़ा लक्ष्य निर्धारण करने व उसे प्राप्त करने के लिए जीजान से जुटने में माहिर मोदी का आत्मविश्वास गजब का है। भाजपा थिंक टैंक ने दक्षिण में तमिलनाडु, केरल, आंध्र, तेलंगाना, कर्नाटक व पुडुचेरी में लोकसभा चुनाव जीतने की योजना पर काफी पहले से काम शुरू कर दिया था। तमिलनाडु और केरल में इस बार पार्टी 10 से ज्यादा सीटें जीटने की जुगत में जुटी है। लेकिन भाजपा दक्षिण में मजबूत भाषाई सांस्कृतिक गौरव को पुशअप करने वाली पार्टियों को तोड़ने में नाकाम रही है, इसके साथ वही वह उत्तर-दक्षिण विभाजन की खाई भी नहीं कम कर पायी। विश्लेषक कहते हैं कि भाजपा की वोट में हिस्सेदारी बढ़ सकती है पर यह सीट बढ़ाने मे कारगर होगी? इसमें संदेह है। भाजपा की पार्टनर रही तमिलनाडु की एआईडीएमके को 2021 के विधानसभा चुनाव में हार के बाद एहसास हो गया कि भाजपा से गठजोड़ करके उसकी द्रविड़ पहचान पर ग्रहण लगा रहा है, तो उसने बीते साल सितंबर 2023 माह में भाजपा से गठबंधन तोड़ दिया। हालांकि दक्षिण के हर राज्य में सीटें हासिल करने में जुटी भाजपा ने मोदी के दूसरे कार्यकाल के शुरुआती दिनों से ही अभियान शुरू कर दिया था। ममल्लापुरम में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ शिखर सम्मेलन, लोकसभा में सेंगोल की स्थापना, धार्मिक लिहाज से काशी टू चेन्नई योजना इसके प्रमाण हैं। लेकिन चुनावी अभियान आगे बढ़ने के साथ जानकार मान रहे हैं कि दक्षिण में बढ़त हासिल करके 400 पार का लक्ष्य जिसमें भाजपा का अपने दम पर 370 सीटें जीतना शामिल है, इतना भी आसान नहीं है। दक्षिण के मैदान-ए-जंग में भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 21 सीटें जीती थी और 2019 में 29 सीटें जीती थीं।



तमिलनाडु में 39 लोकसभा सीटें हैं। 2014 में छह फीसद वोट के साथ भाजपा ने एक सीट जीती थी, लेकिन 2019 में चार फीसद वोट के साथ स्कोर शून्य रहा। एआईडीएमके ने 2014 में 45 फीसद वोट के साथ 37 सीटें जीती डीएमके शून्य पर रही, पर 2019 में डीएमके ने 34 फीसद वोट के साथ 23 सीटें जीतीं। उसके सहयोगी दलों ने सात, कांग्रेस ने आठ व एक एआईडीएमके ने जीती। अब आंध्र (25) को देखिए, 2014 में यहां भाजपा ने सात फीसद वोट के साथ दो सीटें जीती थीं जबकि 2019 में एक फीसद वोट के साथ खाता नहीं खुला। मतलब आधार और सीट दोनों ही जाती रहीं। तेलंगाना (17 )में 2014 में भाजपा ने 11 फीसद वोट के साथ एक सीट जीती जबकि 2019 में 20 फीसद वोट के साथ चार सीटें जीतीं। केरल (20) राज्य में 2014 में दस फीसद वोट पर सीट शून्य तो 2019 में 13 फीसद वोट फिर भी सीट शून्य। कांग्रेस ने यहां पर 2014 में 31 फीसद वोट पाकर आठ सीटें जीतीं और 2019 में 37 फीसद वोटों के साथ 15 सीटें जीतीं। अब आइए कर्नाटक (28) में। भाजपा के लिए यह राज्य बमबम है। 2014 में 43 फीसद वोट हासिल कर 14 सीटें पायीं तो 2019 में 51 फीसद वोट हासिल कर 25 सीटें जीतीं। कांग्रेस ने क्रमशः 9 और एक सीटें पाईं। जेडीएस दो और एक पर सिमटी रही। पुडुचेरी (1) में 2014 में भाजपा ने एक 2019 में कांग्रेस ने एक सीट जीती।

## चुन लिया सांसद



तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते मतदाता। यहां मतदाताओं में वोट डालने को लेकर खासा उत्साह नजर आया। देर शाम तक मतदाता बूथों पर डटे रहे।

# हिसार में चौटाला परिवार से ससुर व दो बहुओं में संग्राम

- भाजपा के रणजीत चौटाला के सामने जेजेपी से दुष्यंत की मां नैना, लोकदल से सुनैना

**चंडीगढ़।** हरियाणा की हिसार लोकसभा सीट पर भाजपा, आईएनएलडी और जेजपी के उम्मीदवार सामने आने के बाद मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। भाजपा ने इस सीट पर रणजीत चौटाला को मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले जेजेपी और आईएनएलडी ने भी चौटाला परिवार से ही प्रत्याशी उतारकर हिसार की जंग रोचक बना दी है। जेजेपी ने अजय चौटाला की पत्नी और दुष्यंत की मां नैना चौटाला को उम्मीदवार बनाया है, तो आईएनएलडी ने देवी लाल के पौत्र रविंद्र उर्फ रवि चौटाला की पत्नी सुनैना चौटाला पर चुनावी दांव लगाया है। रणजीत चौटाला रिश्ते में नैना और सुनैना के चाचिया ससुर लगते हैं। ऐसे में हिसार का मुकाबला अब चौटाला परिवार के बीच सिमट गया है। रणजीत चौटाला अब तक आठ चुनाव लड़ चुके हैं। लेकिन उनका जीत का रिकॉर्ड बढ़िया नहीं है। उन्हें केवल तीन बार ही जीत मिली है और पांच बार हार का सामना करना पड़ा है। जानकार हिसार के चुनावी मुकाबले में ससुर और बहुओं की लड़ाई में नैना चौटाला की संभावनाएं मजबूत मान रहे हैं। इसकी वजह यह है कि नैना ने अब तक दो विधान सभा चुनाव लड़े हैं और दोनों में ही उन्होंने जीत हासिल की है। उधर, सुनैना चौटाला की बात करें तो यह उनका पहला चुनाव है।

अतीत के झरोखे से

7 करोड़ 32 लाख पड़े वोटों में कांग्रेस को मिले थे 4,76,65,951 वोट

# पहले ही चुनाव में 55 फीसदी लोगों ने नहीं डाले थे कांग्रेस को वोट

**1952** में जब पहली लोकसभा का चुनाव हुआ तो 80% से ज्यादा आबादी निरक्षर थी। इस चुनाव में लोकसभा की 489 सीटों के लिए 17 करोड़ 32 लाख (44.87 फीसदी) मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। कांग्रेस ने कुल 4,76,65,951 यानी 44.99 वोट हासिल किए। उस वक्त एक निर्वाचन क्षेत्र में एक से अधिक सीटें भी होती थीं, लिहाजा 489 स्थानों के लिए 401 निर्वाचन क्षेत्रों में ही चुनाव हुआ। 1960 से इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया। एक सीटों वाले 314 निर्वाचन क्षेत्र थे। 86 निर्वाचन क्षेत्रों में दो सीटें और एक क्षेत्र में तीन सीटें थीं। इस चुनाव में 14 पार्टियों को राष्ट्रीय पार्टी की मान्यता दी गई। कुल 53 पार्टियों ने चुनाव लड़ा।



1952 के चुनाव में कांग्रेस ने 364 सीटों पर जीत हासिल की थी लेकिन पार्टी को 55 प्रतिशत लोगों ने वोट नहीं दिया था। कांग्रेस के पक्ष में लगभग 45 प्रतिशत ही मतदान हुआ था। इसके बावजूद कांग्रेस ने संसद में 489 सीटों में से 364 और राज्य विधानसभाओं में 3,280 में से 2,247 सीटें हासिल करके आराम से जीत हासिल की। पहले आम चुनाव में सीपीआई उपविजेता बनकर उभरी। 16 सीटें जीतकर कांग्रेस के बाद दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, हालांकि उसे केवल 3.29% वोट ही मिले। इसके बाद जयप्रकाश नारायण और राम मनोहर लोहिया की सोशलिस्ट पार्टी थी, जिसने 254 सीटों पर चुनाव लड़कर 12 सीटें हासिल कीं। कृपलानी की केएमपीपी उन 145 सीटों में से केवल नौ जीतने में सफल रही, जिन पर उसने चुनाव लड़ा था। । वहीं 37 निर्दलीय उम्मीदवार भी जीतने में सफल रहे थे। इनके अलावा गणतंत्र परिषद को 6, हिंदू महासभा को 4, शिरोमणि अकाली दल को 4, अखिल भारतीय राम राज्य परिषद को 3, जनसंघ 49 सीटों पर चुनाव लडी और तीन सीटें जीतने में सफल रही और इसके संस्थापक डॉ. मुखर्जी स्वयं कलकत्ता दक्षिण पूर्व निर्वाचन क्षेत्र से जीते । 1952 के चुनाव में डॉ. अम्बेडकर की एससीएफ को ज्यादा सफलता नहीं मिली और उसने जिन 35 सीटों पर चुनाव लड़ा उनमें से केवल दो सीटें ही हासिल कीं।

### लोहे की 20 लाख मतपेटियां बनवाई गईं

- पूरे भारत में कुल 2 लाख 24 हज़ार मतदान केंद्र बनाए गए थे. इसके अलावा लोहे की 20 लाख मतपेटियां बनाई गई थीं जिसके लिए 8200 टन इस्पात का इस्तेमाल किया गया था। कुल 16500 लोगों को मतदाता सूची बनाने के लिए छह महीने के अनुबंध पर रखा गया था।

### केरल में हुआ था 80 फीसदी से ज्यादा मतदान

- राजस्थान के कोट बूंदी सीट पर सबसे कम 22.59 फीसदी लोगों ने ही वोट डाले, जबकि केरल की कोट्टायम सीट पर सबसे ज्यादा 80.49 फीसदी लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया।

पहले आम चुनाव में कुल 53 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया था। जिसमें 14 राष्ट्रीय और 39 क्षेत्रीय दल शामिल थे। इसमें 22 पार्टी कम से कम एक सीट जीतने में कामयाब रही। इसमें सोशलिस्ट पार्टी को कुल 10.6 प्रतिशत वोट मिले और 12 सीटों पर जीत मिली। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) ने मात्र 3.3 प्रतिशत वोट पाया और 16 सीटें जीतने में कामयाबी हासिल की। किसान मजदूर प्रजा पार्टी को 5.79 प्रतिशत वोट मिले और 9 सीटों पर जीत हासिल हुई। पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीएफ) 1.3 प्रतिशत वोट प्राप्त कर 7 सीट जीतने में कामयाब रही थी।

गणतंत्र परिषद ने 1 प्रतिशत से भी कम 0.91 फीसदी वोट प्राप्त किए और 6 सीटों पर जीत हासिल की थी। हिंदू महासभा को भी 0.95 प्रतिशत वोट मिले और 4 सीटों पर जीत मिली। इसी तरह शिरोमणि अकाली दल को 0.99 प्रतिशत वोट के साथ 4 सीटों पर जीत मिली। तमिलनाडु टॉयलर्स पार्टी ने 0.84 प्रतिशत वोट के साथ 4 सीटें प्राप्त की। अखिल भारतीय राम राज्य परिषद को 1.97 प्रतिशत वोट मिले, लेकिन जीत सिर्फ 3 सीटों पर ही हुई। भारतीय जनसंघ को 3.06 प्रतिशत वोट के साथ 3 सीटों पर जीत मिली। कॉमनवेल पार्टी को 0.31 प्रतिशत वोट मिले लेकिन जीत 3 सीटों पर हुई। झारखंड पार्टी को 0.71 प्रतिशत वोट के साथ 3 सीटों पर जीत मिली।

- प्रो. विवेकानंद तिवारी

# होमगार्ड्स को मिलेगा अग्रिम भुगतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकसभा चुनावों में निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात किए गए करीब 50 हजार होमगार्ड्स
- भत्तों की धनराशि के 40 प्रतिशत अग्रिम भुगतान की मंजूरी

**अमृत विचार :** शासन की ओर से लोकसभा चुनाव ड्यूटी करने वाले होमगार्ड्स स्वयंसेवकों (वॉलंटियर्स) के ड्यूटी भत्ते के अग्रिम भुगतान की स्वीकृति दे दी गई है। इसके तहत निर्वाचन ड्यूटी में तैनात किए जाने वाले होमगार्ड्स को ड्यूटी भत्ते के मद में प्राविधानित धनराशि का 40 प्रतिशत अग्रिम के रूप में भुगतान किया जाएगा। पूरे राज्य में इस व्यवस्था को लागू किए जाने से निर्वाचन ड्यूटी में जाने वाले होमगार्ड्स को काफी राहत मिलेगी।

इसके माध्यम से वह ड्यूटी पर जाने से पूर्व अपने परिजनों की जरूरतों को पूरा कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे। इस बार गृह जनपद के साथ-साथ इन्हें दूसरे जिलों में भी चुनाव ड्यूटी पर भेजे जाने की तैयारी है।

होमगार्ड विभाग के मंत्री पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि इस बार चुनाव में करीब 50 हजार होमगार्ड्स की विभिन्न चरणों में चुनाव ड्यूटी लगाई जाएगी। ऐसे में होमगार्ड्स विभाग द्वारा इन्हें अग्रिम भुगतान दिए जाने का प्रस्ताव भेजा गया था।

इस क्रम में शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के इनकम एक्सपेंडीचर के तहत प्राविधानित धनराशि 2634 करोड़ 39 लाख रुपये की स्वीकृति पहले ही दी जा चुकी है।

## पश्चिम की हवा ने भाजपा का कर दिया सफाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के



सिकन्दराबाद में सपा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. महेन्द्र सिंह नागर के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण में ही पश्चिम की हवा ने भाजपा का सफाया कर दिया है। भाजपा का पहला शो ही फ्लॉप हो गया है। भाजपा का झूठ और लूट जनता के सामने उजागर हो गया है। पिछले दस साल में इतना झूठ किसी ने नहीं बोला है। गाजियाबाद से गाजीपुर तक जनता भाजपा का सफाया करेगी।

# आश्रम पद्धति विद्यालयों में शुरू हुईं नियुक्तियां

## अयोध्या और जौनपुर में तीन नए आश्रम पद्धति विद्यालय का होगा संचालन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्र-छात्राओं के लिए पहुंच गई हैं पुस्तकें
- तीनों विद्यालय के लिए 40 लोगों का स्टाफ रखा जाएगा

**अमृत विचार :** बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से शुरू हुए तीन आश्रम पद्धति विद्यालय में प्राचार्य से लेकर अन्य कर्मियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। माह के अंत तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो सकती है।

बता दें कि अयोध्या और जौनपुर में आश्रम पद्धति विद्यालय के भवन का निर्माण लगभग चार-पांच वर्ष पूर्व हो गया था, मगर इसके बाद भी पढ़ाई शुरू नहीं हो सकी थी। आश्रम पद्धति विद्यालयों का संचालन करने के लिए फरवरी माह से ही कवायद शुरू कर दी गई थी। आश्रम पद्धति विद्यालय में बच्चों ने दाखिला ले लिया है। पढ़ाई के लिए पुस्तकें भी पहुंच गई हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि दोनों जिलों के लिए कुल 40 लोगों को स्टाफ रखा जाना है। इसमें प्राचार्य, शिक्षक, कंप्यूटर प्रशिक्षक और चतुर्थ श्रेणी कर्मी रखे जाएंगे। इनकी नियुक्ति जल्द कर दी जाएगी। प्रयास किया जाएगा माह के अंत तक कक्षाएं विधिवत संचालित होने लगें।

### नए विद्यालयों के निर्माण का रास्ता साफ

**अमृत विचार, लखनऊ :** पांच नए आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो सकता है। इसके लिए 20 करोड़ का बजट विभाग को मिला है। बता दें कि कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत में नए आश्रम पद्धति विद्यालयों का निर्माण होना है। केंद्रीय बजट के दौरान ही एटीएस के लिए राशि बढ़ा दी गई थी। पांच जिलों में एटीएस निर्माण पर कुल 40 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। 20 करोड़ रुपये शासन से स्वीकृत हो चुके हैं और विभाग को मिल गए हैं।

### एक नजर

## एनडीए प्रत्याशियों को जिताने के लिए रालोद बनाएगा रणनीति

**अमृत विचार,लखनऊ :** वर्तमान रक्षा मंत्री व भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह पांच लाख वोट के अंतर से जीतेंगे,



इसके लिए वार्डों तथा विधानसभा स्तर पर रालोद कमेटियां जनसंपर्क अभियान कर रहीं हैं, जनसंपर्क और बढ़ाया जायेगा। यह बात शुक्रवार को रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने समन्वय बैठक में पदाधिकारियों को संकल्प दिलाते हुए कही। बैठक के बाद उन्होंने जनसंपर्क भी किया। रालोद कार्यालय में संपन्न बैठक की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि रालोद नेता और कार्यकर्ता सभी वार्डों में जाकर लोगों से मिलकर राजनाथ सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। साथ ही बताया कि भारी मतों से विजयी बनाने के लिए पदाधिकारियों से रणनीति तैयार करने को कहा गया है। इस अवसर पर वसीम हैदर, बीएल प्रेमी, मौलाना एमए आरिफ, रामेश्वरम इंस्टीटयूट के चेयरमैन सुरेन्द्र शुक्ला समेत पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# चुनाव चिन्ह के मांग वाली अपना दल की याचिका कोर्ट में खारिज

## चुनाव आयोग ठुकरा चुका है लिफाफा चुनाव चिन्ह देने की मांग

विधि संवाददाता, लखनऊ

- कहा, संविधान के अनुच्छेद 329 (बी) के तहत रिट याचिका पोषणीय नहीं



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अपना दल (कमेरावादी) की ओर से अध्यक्ष कृष्णा पटेल द्वारा दाखिल उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें 'लिफाफा' चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाने का आदेश चुनाव आयोग को देने की मांग की गई थी। न्यायालय ने याचिका को पोषणीयता के आधार पर खारिज करते हुए कहा कि आचार संहिता लागू हो जाने के बाद चुनाव प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है, लिहाजा सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों व संविधान के अनुच्छेद 329 (बी) के तहत रिट याचिका पोषणीय नहीं है।

यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने पारित किया है। याचिका में कहा गया था कि याची की पार्टी चुनाव आयोग में पंजीकृत है, हालांकि यह एक गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल है। 22 दिसम्बर 2023 को याची की पार्टी की ओर से चुनाव चिन्ह आवंटित करने संबंधी प्रार्थना पत्र आयोग को दिया गया था, जिस पर ज्वाइंट चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर ने रिपोर्ट दी कि पार्टी की ओर से कांट्रिब्यूशन रिपोर्ट और एनुअल अकाउंट स्टेटमेंट नहीं दिया गया है। कहा गया कि इस आधार पर पार्टी के प्रार्थना पत्र पर विचार नहीं किया गया। कहा गया कि चुनाव चिन्ह का आवंटन न होने के कारण पार्टी आम चुनावों में अपने प्रत्याशी नहीं उतार पा रही है।

याचिका का चुनाव आयोग की ओर से विरोध करते हुए कहा गया कि पार्टी की ओर से भेजा गया प्रार्थना पत्र अपूर्ण होने के कारण खारिज किया गया है। यह भी दलील दी गई कि अनुच्छेद 329(बी) के तहत चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जाने के बाद रिट क्षेत्राधिकार के तहत हाईकोर्ट के पास हस्तक्षेप करने की गुंजाइश बहुत सीमित होती है। दोनों पक्षों की बहस सुनने व अशोक कुमार व मोहिन्दर सिंह मामले में शीर्ष अदालत द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों को देखते हुए न्यायालय ने याचिका को पोषणीय नहीं माना।

## शहरी क्षेत्रों का जियो स्पेशल डाटाबेस कार्य पूरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में शहरी क्षेत्रों के सभी 783 नगर निकायों का मानचित्र व 14,455 वार्डों का तैयार किया जा रहा जियो-स्पेशल डाटाबेस कार्य पूर्ण हो गया है। जिसे जनगणना कार्य निदेशालय ने स्थानीय निकाय निदेशालय के साथ मिलकर तैयार किया है। जनगणना निदेशक शीतल वर्मा ने शुक्रवार को निकाय निदेशक नितिन बंसल को स्पेशल डाटाबेस सौंप दिया है।

जनगणना निदेशालय की निदेशक ने बताया कि शहरों में स्थापित निकायों एवं वार्डों के नक्शों का डिजिटलाइजेशन किया गया है। इसमें प्रशासनिक स्तर की हर छोटी से छोटी से इकाई तक को शामिल किया गया है। जियो-स्पेशल डाटाबेस शहरी योजनाओं के विकास, भू-प्रशासन, बैंकिंग और वित्तीय आर्थिक गतिविधियों, जल, आपदा प्रबंधन, आपूर्ति सेवाओं आदि हर क्षेत्र में उपयोग किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि जियो डाटाबेस से वार्ड सीमा, नगरीय क्षेत्रों में जनगणना के दौरान नागरिकों का दोहराव और लोगों के छूटने की समस्या खत्म हो जायेगी।



भाजपा को समर्थन देने वाले संगठनों के पदाधिकारियों के साथ पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में उपस्थित जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।

# विभिन्न संगठनों ने दिया भाजपा को समर्थन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पार्टी प्रदेश मुख्यालय में की समर्थन देने की घोषणा
- मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व मंत्री जेपीएस राठौर रहे मौजूद

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की मौजूदगी में भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों ने पार्टी नीति में विश्वास जताते हुए समर्थन की घोषणा की। इस मौके पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर, प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सह प्रभारी हिमांशु दुबे सहित अन्य प्रमुख नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री संजय राय ने किया।

भाजपा को समर्थन देने वाले संगठनों में दलित शोषित पिछड़ा वर्ग अधिकार दल के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बलवीर प्रजापति, अपनी पार्टी सेकुलर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह चौहान, पूर्वांचल मुक्ति फाउन्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुन्दर स्वामी उर्फ श्यामानन्द जी महाराज, राष्ट्रीय निषाद संघ के प्रदेश अध्यक्ष कैलाशनाथ निषाद, हिस्सेदारी मोर्चा के संयोजक कृष्ण गोपाल सिंह कश्यप, राष्ट्रीय लोनिया चौहान एकता परिषद के राष्ट्रीय संयोजक छविराम सिंह लोनिया, राष्ट्रीय जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) के राष्ट्रीय संयोजक हरवंश सिंह और अखंड जलवंशी सेवा संस्थान के अध्यक्ष अजय कश्यप शामिल रहे।

# घपले के आरोपी ने किराये पर ले रखा है आईएएस का मकान

## रकम पाने के लिए मकान पता कर पहुंच रहे परेशान निवेशक, गेट के अंदर प्रवेश बंद

विनय सिंह, लखनऊ

- डेढ़ लाख रुपये है मासिक किराया, रसूखदार पद पर तैनात है अधिकारी
- ग्रुप का चेयरमैन था प्रभावशाली इसलिए पंचम तल के आदेश पर दर्ज हुई थी एफआईआर

**अमृत विचार :** सैकड़ों निवेशकों की गाढ़ी कमाई जमा करवाकर उनका करोड़ों रुपये डकारने वाले टाइमसिटी ग्रुप के चेयरमैन ने एक आईएएस अफसर का मकान भी किराये पर ले रखा है। किराया भी कम नहीं, बल्कि डेढ़ लाख रुपये महीने है। वह भी शहीद पथ स्थित पॉश रिहायशी इलाके में। ग्रुप के चेयरमैन के खिलाफ जबसे धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है, उससे दो वर्ष पहले ही उसने आईएएस अफसर का मकान किराए पर ले रखा है। खास बात यह है कि ग्रुप के चेयरमैन निवेशकों का धन वापस नहीं कर पा रहे हैं, लेकिन उक्त आईएएस के मकान का किराया लगातार खाते में पहुंच रहा है।

कई निवेशक चेयरमैन को तलाशने किराए वाले मकान में भी पहुंचे, लेकिन कॉलोनी के मुख्य गेट से ही निवेशकों को एंट्री नहीं मिली। आईएएस अफसर महत्वपूर्ण पद पर तैनात है। निवेशकों का कहना है कि ग्रुप के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के लंबे समय बाद भी अगर मकान ग्रुप को दिया हुआ है, तो उस अफसर पर भी संदेह उत्पन्न होता है।

> प्रकरण की विवेचना अभी चल रही है। हालांकि एक शिकायतकर्ता दो दिन पहले विवेचक बदलवाने के उद्देश्य से प्रार्थनापत्र दिया था। जल्द ही कोई निर्णय लेकर विवेचना पूर्ण करा रहा हूं।
> – जितेंद्र कुमार दुबे, एडीसीपी, उत्तरी

### टाइमसिटी ग्रुप पर ये है आरोप

टाइमसिटी ग्रुप पर 2018 से 2023 के बीच एफडी, आरडी, एमआईएस और डेली डिपॉजिट तथा अन्य स्कीमों के माध्यम से सैकड़ों निवेशकों का करोड़ों रुपये जमा कराकर फरार होने का आरोप है। निवेशकों का कहना है कि ग्रुप के चेयरमैन अंबेडकरनगर निवासी पंकज कुमार पाठक के खिलाफ तहरीरें दी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। निवेशकों ने किसी तरह पंचम तल पर संपर्क स्थापित किया। फिर जाकर पंचम तल के आदेश पर गुडंबा पुलिस ने ग्रुप के आठ निदेशकों, एक एचआर, दो महाप्रबंधक और एक प्रबंधक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया था, जिसकी विवेचना अब भी जारी है। निवेशकों का कहना है कि टाइमसिटी ग्रुप ने सहारा की तर्ज पर एफडी, आरडी, एमआईएस और डेली डिपॉजिट जैसी स्कीमों को लागू करने के लिए जिलों और तहसीलों तक में बैंक शाखाएं खोल रखी थीं। इनमें अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, गोरखपुर, सिद्धार्थनगर आदि जिले शामिल थे। सभी बैंकों में प्रबंधक और अन्य बैंक कार्मिक कार्यरत थे।

# बसपा ने मोदी के खिलाफ बदला प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोस चुनाव के लिए 11 प्रत्याशियों की छठवीं सूची जारी की

**अमृत विचार :** बसपा ने लोकसभा चुनाव में वाराणसी में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ प्रत्याशी बदलते हुए शुक्रवार को 11 प्रत्याशियों की छठवीं सूची कर दी है। वाराणसी में अतहर जमाल लारी की जगह सैय्यज नेयाज अली (मंजू भाई) को प्रत्याशी बनाया गया है। साथ ही फिरोजाबाद सीट पर भी प्रत्याशी सत्येंद्र जैन सोली को बदल कर चौधरी बशीर को उतारा है।

बसपा सुप्रीमो मायावती के अनुमोदन के बाद बसपा के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने 11 प्रत्याशियों की सूची में पांच मुस्लिम शामिल कर मुस्लिम मतदाताओं में विश्वास बढ़ाने का प्रयास किया गया है। घोषित प्रत्याशियों में संतकबीर नगर से मोहम्मद आलम, महराजगंज में मो.मौसमे आलम, भदोही से अतहर अंसारी को प्रत्याशी बनाया है। सुरक्षित सीटों में हरदोई में बसपा के वर्तमान एमएलसी भीमराव अंबेडकर, मिश्रिख में बीआर अहिरवार और मछलीशहर में कृपा शंकर सरोज को उतारा है। वहीं फतेहपुर में डॉ. मनीष सिंह सचान, सीतापुर में महेन्द्र सिंह यादव और फूलपुर में जगन्नाथ पाल को प्रत्याशी बनाया है।

# प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक 14 आरोपी गिरफ्तार, कई अभी भी फरार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक कराने में शामिल रहे 14 अभियुक्त अब पुलिस की गिरफ्त में हैं। इन 14 आरोपियों को गिरफ्तार करने में महीनों का समय लग गया। इतने ही आरोपी अभी फरार चल रहे हैं। एसटीएफ द्वारा पूछताछ में प्रश्नपत्र लीक कराने में जिन-जिन के नाम पता चले हैं, उनमें से दो आरोपियों को पुलिस ने दो दिन पहले गिरफ्तार किया था। जबकि बाकी की धरपकड़ जारी है। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में पता चला है कि अभी 10 से 12 और आरोपी हैं, जो पर्चा लीक कराने में शामिल थे।

एसटीएफ ने 5 मार्च को दीप उर्फ दीपक, विट्टू पुत्र दयाराम, प्रवीण पुत्र ओमपाल, रोहित उर्फ ललित, नवीन और साहिल को गिरफ्तार किया था। इन्हीं आरोपियों की निशानदेही पर एसटीएफ ने 12 मार्च को महेंद्र पुत्र रामफल निवासी जींद हरियाणा को गिरफ्तार किया। इसके बाद 14 मार्च को अभिषेक कुमार शुक्ला, शिवम गिरि, रोहित कुमार पांडेय को गिरफ्तार किया।

## वर्ग पहेली-45

**बाएं से दाएं**

1. 1. फूंका जाना 2. वस्तु आदि का जलना या भस्म होना 3. व्यर्थ ख़र्च होना 4. नष्ट या बरबाद होना।
2. 1. फ़रेब या छल करने वाला, चालबाज़, धोखेबाज़, कपटी, चालाक, धूर्त, ठग 2 फ़रेब संबंधी।
5. विक्रमादित्य के दरबार के एक नवरत्न अमर सिंह का बनाया हुआ प्रसिद्ध कोश।
8. 1. तुलसी की एक प्रजाति, काली तुलसी 2. चीड़ का वृक्ष।
9. घुड़सार, अस्तबल।
10. 1. मछली के शरीर का छिलका 2. दाल जैसे अनाज का छिलका।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. भूलने वाला, भुलक्कड़
3. 1. नाश, क्षति, हानि 2. आघात, चोट 3. क्लेश, पीड़ा।
4. 1. चुलचुली या हलकी खुजली होना 2. नटखटी करना 3. संभोग की उत्कट इच्छा होना 4. चंचलतापूर्वक इधर-उधर हाथ-पैर मारना।
6. 1. बनावटी, अप्राकृतिक, कृत्रिम 2. मिथ्या, पाखंडपूर्ण।
7. नृत्य में निपुण वह व्यक्ति जो तलवार की धार पर नृत्य कर सकता है और अंगों को तोड़-मरोड़कर कई तरह के करतब दिखा सकता है।



### वर्ग पहेली -44 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अ | ज | य | | 2 पा | ड़ा |
| 3 सा | व | | | 4 झ | | |
| | स | | 5 सि | र | का | |
| 6 चु | र | चु | रा | ना | | 7 छु |
| | वा | | ज | | | ट |
| 8 चाँ | द | 9 ना | | | 10 जि | प |
| | | 11 य | ज | न | | न |

### सुडोकू -124

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 2 | | | 8 |
| 1 | | | | 3 | | | 2 | |
| | | 7 | 9 | | | 4 | | |
| 5 | | | | | | | 1 | |
| 2 | | | 5 | | 4 | | | 7 |
| | 8 | | | | | 6 | | |
| | | 2 | | | 1 | 7 | | |
| | 4 | | | 8 | | | | 5 |
| 6 | | | 7 | | | 2 | | |

### सुडोकू -123 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 | 2 | 5 | 3 |
| 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 4 | 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 7 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 1 | 8 | 5 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 2 | 7 | 4 | 6 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 22.41 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 14.04 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** – आज साझेदारी के व्यवसाय में आपसी समझदारी की आवश्यकता है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। अत्यधिक विचारों के कारण थोड़े कनफ्यूज हो सकते हैं। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को बॉस से परेशानी हो सकती है।

**वृष** – आज लोन वगैरह के कारण कोई काम अटक सकता है। नए कार्यों की शुरुआत न करें। असंतुलित खानपान के कारण आपको पाचन की समस्या होगी। अपना काम निकलवाने के लिए आप स्वार्थी भी हो सकते हैं।

**मिथुन** – आज पुराना अनुभव आपके काफी काम आएगा। रिश्तेदारों से आपको शुभ समाचार मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रेम भरे व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। यात्राओं के लिए दिन अच्छा है। व्यापारिक अनुबंधों से आपको लाभ प्राप्त होगा।

**कर्क** – आज बैंकिंग से जुड़े अटके काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी आपके प्रदर्शन से काफी प्रसन्न रहेगा और आपकी आय भी बढ़ा सकता है। आपको सामाजिक कार्यों से यश मिल सकता है। सरकारी कारणों से रुके हुए कार्यों में गति आएगी।

**सिंह** – आज छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में उच्च पद मिल सकता है। आपको उत्तम कार्यों के लिए पुरस्कार भी दिया जा सकता है। अपनी कमियों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

**कन्या** – आज अपने उत्तरदायित्व के प्रति निष्ठावान रहेंगे। महंगी वस्तुओं को खरीदने से आपके बजट पर असर पड़ सकता है। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित व अनुशासित रखें। अनावश्यक कारणों से आपको घर से बाहर जाना पड़ सकता है।

**तुला** – आज दांपत्य जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद उठाएंगे। रचनात्मक कार्यों में भाग लेंगे। संपत्ति के क्रय-विक्रय की बड़ी डील से धन लाभ होगा। जीवनसाथी आपसे उपहार की अपेक्षा रख सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं। संतान पक्ष से आपको सहयोग मिलेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में किसी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हो सकती है।

**धनु** – आज कानूनी पचड़ों में फंस सकते हैं। कारोबार में शानदार वृद्धि से आपका मनोबल बढ़ेगा। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको किसी पर भी पूर्ण भरोसा नहीं करना चाहिए।

**मकर** – आज साहित्य और कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को निराशा महसूस हो सकती है। रूढ़िवादी विचारों से स्वयं को दूर रखें। क्रोध करने से आपको बचना चाहिए। आपके मन में तनाव रहेगा। मौसमी बीमारियां घेर सकती है।

**कुंभ** – आज दूसरों की समस्याओं में स्वयं को न उलझाएं। घर का माहौल काफी सुखद रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप पर्यटन के लिए जा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अपनी दक्षता का परिचय देंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छा सामंजस्य रहेगा।

**मीन** – आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के लिए दिन जबरदस्त रहेगा। जीवनसाथी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाला है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर धैर्य और संयम का परिचय देंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- घातक – सुबह : 08.35
- दानवीर – रात : 07.00

SONY PIX
- वंडर वुमन – सुबह : 10.10
- स्पाइडर मैन – रात : 08.34

SONY MAX
- शकुंतला देवी – सुबह : 10.12
- भूल भुलैया – शाम : 06.00

ZEE CINEMA
- यमला पगला दीवाना – सुबह : 09.35
- बत्ती गुल मीटर चालू – रात : 07.25

colors CINEPLEX
- रंगीला – सुबह : 11.03
- कभी अलविदा न कहना – दोपहर : 02.15

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर दोपहर :02.15 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक प्रसिद्ध गायक अपना कार्यक्रम पेश करने के बाद हॉल से कमरे में जा रही थी।
एक महिला ने पूछा-क्या आप ही वह माहिर गायक हैं, जो ऊंचे सुर में भी आसानी से गा लेती हैं?
गायक ने प्रसन्न होकर- जी हां।
महिला-मेरा जरा सा काम कर दीजिए, मेरे ड्राइवर को जोर से पुकारिए, वह कहीं खो गया है। उसका नाम घनश्याम है।

चंपक- मम्मी प्लीज ये रस्सी अपनी जीभ से काट दो।
मम्मी- बेवकूफ रस्सी जीभ से कैसे कट सकती है?
चंपक- क्यों? कल ही तो पापा कह रहे थे कि आपकी जुबान कैंची की तरह चलती है।



## अपनी ढपली अपना राग



उत्तर प्रदेश में दो शहजादों की जोड़ी आई है। उनके फिल्म की शूटिंग चल रही है, दोनों की फिल्म पहले ही फ्लॉप हो चुकी है। – नरेन्द्र मोदी



कांग्रेस हो, सपा हो या बसपा, यह देश की समस्या की जड़ हैं भारतीय जनता पार्टी समाधान का नाम है। – योगी आदित्यनाथ



चुनावी बांड स्कीम भी भाजपा ही लेकर आई। वे इसे गोपनीय रखना चाहती थी, सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक कर दी। – प्रियंका गांधी



वो करे तो रासलीला और हम करें तो कैरेक्टर ढीला, क्या सपा, बसपा, कांग्रेस पलटू राम नहीं। – ओम प्रकाश राजभर



सत्ता पक्ष चाहे जो करे, नुक्कड सभाएं बिना परमिशन कर सकता है। लेकिन, विपक्ष नहीं। –आदित्य यादव



अब हमारे समाज की नाराजगी दूर हो गई है और हम लोग भारतीय जनता पार्टी के साथ ही हैं। – संगीत सोम

# अगड़े-पिछड़े-मुस्लिम को साथ लेकर दिल्ली नापने निकला हाथी

**ताजा राजनीतिक हालात में कांग्रेस के बाद बसपा की स्थिति जीत हार से कहीं ज्यादा भविष्य के लिए मैदान में टिके रहने की भी**

**मायावती ने क्षेत्रीय समीकरण और विपक्ष के उम्मीदवार को देखकर किया टिकटों का बंटवारा, चुनावी संघर्ष को बनाया त्रिकोणीय**

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने जब इंडिया गठबंधन में शामिल होने की चर्चाओं को सिरे से नकारा था तो आरोप लगा कि बसपा प्रमुख या तो भाजपा के दबाव में हैं या फिर उनकी मंशा साथ देने की है। हालांकि मायावती ने क्षेत्रीय सामाजिक गणित और विपक्ष के उम्मीदवार को देखकर जिस तरह टिकटों का बंटवारा किया है, उससे तमाम सीटों पर उन्होंने एनडीए बनाम इंडिया के संघर्ष को त्रिकोणीय बना दिया।

बसपा के उप्र. में टिकटों के वितरण को देखें तो साफ नजर आता है कि पार्टी का प्रयास वोट काटने के बजाय अपनी विजय का है। इसलिए टिकट बंटवारे में जाति धर्म की कोई सीमा तय नहीं की गयी है। कोशिश इस बात की गई है कि बसपा से मैदान में आने वाला उम्मीदवार मजबूती से चुनाव लड़ सके।

रणनीति के मुताबिक बसपा ने पहले सपा-कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवारों का इंतजार किया। इसके बाद पार्टी ने ऐसे प्रत्याशियों को उतारा कि वह उप्र. की चुनावी लड़ाई में बराबर से टक्कर लेती दिखें।



दरअसल, ताजा राजनीतिक हालातों में कांग्रेस के बाद बसपा की स्थिति जीत हार से कहीं ज्यादा भविष्य के लिए मैदान में टिके रहने की भी है। उप्र. की जाटव जाति पूरी तरह से बसपा को समर्पित मानी जाती है। इनकी संख्या लगभग 12 प्रतिशत के आसपास हैं। हालांकि पश्चिमी उप्र. में चंद्रशेखर रावण की आजाद समाज पार्टी के चुनावी मैदान में आने से इस वोटबैंक को विकल्प तो मिला है। नगीना में सपा, भाजपा को टक्कर देने के लिए खुद चंद्रशेखर मैदान में भी हैं।

ऐसे में पश्चिमी उप्र. में जाटव जाति के वोटर कहीं विकल्प पाकर बसपा से छिटक न जाएं इसलिए मायावती के भतीजे और पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद खुद नगीना पर पैनी नजर बनाएं हुए हैं। असल में, चंद्रशेखर और उनके समर्थक सवर्णों से सीधे संघर्ष की बात करते हैं, इसलिए इस जाति के युवाओं को आकर्षित करते हैं। अंबेडकर जयंती का मौका हो या फिर दूसरी जातियों से मुकाबला करने की नौबत, इस जाति के युवा चंद्रशेखर की भीम आर्मी के बैनर तले गोलबंद हो जाते हैं। लेकिन ऐसी गोलबंदी का संदेश यह नहीं कि, इनकी जाति का वोट भी चंद्रशेखर के पाले में ही जाएगा।

बहरहाल, बसपा ने जहां इस बार अपने वोटबैंक को बचाने की नीयत रखी है वहीं, पार्टी दूसरी जातियों और मुसलमानों को भी साधने की कोशिश में है। उदाहरण के तौर पर मेरठ की सीट पर जहां भाजपा ने वैश्य समाज से आने वाले अरुण गोविल को टिकट दिया तो बसपा ने भी त्यागी उम्मीदवार पर दांव लगाया। यहां से बसपा उम्मीदवार देवव्रत त्यागी हैं और इस सीट पर त्यागी मतदाताओं का खासा प्रभाव है। इसी तरह जौनपुर से बसपा ने श्रीकला सिंह को टिकट दे दिया है जो कि इस क्षेत्र में बाहुबली नेता समझे जानेवाले धनंजय सिंह की पत्नी हैं। धनंजय सिंह का जौनपुर क्षेत्र में प्रभाव है। वह यहां से चुनाव लड़ने को तैयार थे लेकिन ऐन मौके पर एक पुराने केस में उनको सजा हो गयी। ऐसे में बसपा ने धनंजय सिंह की पत्नी को टिकट देकर इस सीट पर अपनी दावेदारी मजबूत कर दी।

### अकेले कदम बढ़ा रहा हाथी किस पर पड़ेगा भारी

बसपा की एक और चुनावी रणनीति पर गौर करें तो पार्टी ने जहां मुस्लिम मतदाता ज्यादा हैं और उम्मीदवार हिन्दू है वहां पार्टी की ओर से मुस्लिम कार्यकर्ता, नेता नियुक्त किये हैं। ताकि मुस्लिम मतदाताओं को आकर्षित किया जा सके। ऐसा भी नहीं है कि मायावती की नजर में सिर्फ दलित या मुस्लिम वोटर ही हैं। हालांकि बसपा नेत्री मायावती सोशल इंजीनियरिंग की महारथी हैं लेकिन संभवत: यह पहला मौका है जबकि, बसपा में टिकट देते समय केवल अपने कोर वोटर्स और उम्मीदवार के धन को ही ध्यान में नहीं रखा गया है बल्कि हर एक सीट पर मंथन हुआ लगता है। इस जमीनी तैयारी के मद्देनजर देखना यह होगा कि अकेले आगे कदम बढ़ा रहा बसपा का हाथी किस पर भारी पड़ने वाला है।

### बसपा की पुरानी चाल बनी राजनीतिक गलियारों में चर्चा

लखनऊ। बसपा ने साल 2007 के विधानसभा चुनाव में सोशल इंजीनियरिंग कर अप्रत्याशित रूप से सत्ता हासिल की थी। 2009 में इसी के सहारे उप्र से 20 सांसद चुने गए थे और पूर्वांचल से पांच सांसद दिल्ली पहुंचे थे। अब एक बार फिर बसपा ने इसी फार्मूले पर लोस चुनाव में बराबर की टक्कर देने को लालायित है। अभी तक जिन सीटों पर प्रत्याशी दिए हैं, उसमें तीन अगड़े, पांच पिछड़े, एक मुस्लिम और एक एससी-एसटी का प्रत्याशी शामिल है। राजनीतिक गलियारों में बसपा के चाल की इसीलिए चर्चा है कि पार्टी का इससे अगड़े-पिछड़े-मुस्लिम मतदाताओं में एकजुटता का संदेश जा रहा है।

### भाजपा बहुमत से एक बार फिर वापसी करेगी: पाठक



लखनऊ। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शुक्रवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि पहले चरण का चुनाव समाप्त हुआ है, वोटिंग के रुझान बता रहे हैं कि भाजपा प्रचंड बहुमत से एक बार फिर वापसी करने जा रही है। जनता जनार्दन को मोदी के नेतृत्व के प्रति अपना अपार समर्थन देने के लिए हृदय से आभार। मतदान के समय जनता जनार्दन का उत्साह देखने के लायक था। भाजपा पहले चरण की सभी आठ सीटों को भारी अंतर से जीत रही है क्योंकि गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का समर्थन भाजपा के पक्ष में है।

### पिछले रिकार्ड को तोड़ने का समय आ गया: मौर्य



**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को उन्नाव एवं लखीमपुर खीरी में बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों को संबोधित करते हुए कहा कि अब पिछले रिकार्ड को तोड़ने का समय आ गया हैं। उन्होंने कहा 2024 का लोकसभा चुनाव भारत को 100 वर्ष आगे ले जाएगा। यह चुनाव विकसित भारत का चुनाव है। विपक्षी इंडी पार्टनर्स को फिर से घर बैठाने का समय आ गया है। जनता को मोदी पर भरोसा है, इसलिए प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कमल खिलेगा।

### इंडी गठबंधन के झूठे प्रचार को जनता ने नकारा दिया: चौधरी



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण के मतदान के रुझानों से स्पष्ट है कि हाथ और साइकिल चारों खाने चित हो चुके हैं। उन्होंने कहा प्रथम चरण में हुए मतदान के बाद उत्तर प्रदेश की सभी 8 सीटों पर कमल खिल चुका है। सपा और इंडी गठबंधन के झूठे प्रचार को जनता ने नकार दिया है। आम चुनाव 2024 की शुरुआत में ही इनके गठबंधन की हवा निकल गई है। इनके वादे और घोषणाएं सब झूठे और बेबुनियाद हैं। वो चाहे जिस डॉक्टर को ले आएं, लेकिन सपा गठबंधन का अब किसी डॉक्टर के पास कोई इलाज नहीं है।

# बस्ती में बसपा प्रत्याशी के उतारे जाने से बढ़ी चुनावी सरगर्मी

**साल 2014 और साल 2019 के चुनावों में लगातार विजयी होने वाली भाजपा तीसरी बार भी यहां से जीत को प्रयासरत है**

**बस्ती में सपा-कांग्रेस से राम प्रसाद चौधरी, भाजपा से हरीश द्विवेदी और बसपा से दयाशंकर मिश्र हैं उम्मीदवार**

चुनाव डेस्क, लखनऊ

**अमृत विचार:** बस्ती वो धरती है जहां पर महर्षि वशिष्ठ का आश्रम हुआ करता था। ऐसे में प्राचीन भारत में इस भूमि को ''वैशिष्ठी'' के नाम से भी जाना जाता है। राजा कल्हल के द्वारा इस जगह का नाम बस्ती रखा गया था। लोकसभा सीट की बात करें तो साल 2014 और साल 2019 के चुनावों में लगातार विजयी होने वाली भाजपा तीसरी बार भी यहां से विजयी होने को प्रयासरत है। हालांकि विपक्ष भी यहां पूरी तैयारी से है।

बस्ती लोकसभा सीट में 5 विधानसभा सीट (हरैया, कप्तानगंज, रुधौली, बस्ती सदर और महादेवा) हैं। पांच विधानसभा सीटों में से तीन पर सपा का कब्जा है और एक पर 2022 में उसी की गठबंधन पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पास है। एक सीट ही भाजपा के है। कई विरोधाभासों अपने समाए हुए बस्ती सीट पर 2024 लोस चुनाव में कड़ी टक्कड़ होने वाली है।

दरअसल, यहां भाजपा और सपा-कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी के मुकाबले बसपा ने पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दयाशंकर मिश्रा को अपनी पार्टी में शामिल कर यहां से लोस चुनाव का टिकट भी थाम दिया है। 35 साल से भाजपा में सक्रिय दयाशंकर के हाथी पर सवार होकर मैदान में आने से चुनावी मुकाबला दिलचस्प हो गया है।

### किस करवट बैठेगा चुनावी ऊंट

फिलहाल मौजूदा लोस चुनाव के लिए बसपा द्वारा दयाशंकर मिश्र को प्रत्याशी बनाने ऐलान से ही चुनाव में सरगर्मी बढ़ गई है। बस्ती में अभी तक सपा-कांग्रेस गठबंधन द्वारा राम प्रसाद चौधरी, भाजपा से हरीश द्विवेदी के नाम का ऐलान हुआ था। तीसरे प्रत्याशी के तौर पर दयाशंकर की इंट्री ने चुनाव को रोचक बना दिया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा इस बार चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा। राजनीतिक जानकार यह भी कह रहे हैं कि बसपा के इस चाल का सपा को फायदा हो सकता है। दावा किया जा रहा है कि जब दो ब्राह्मण मैदान में उतरेंगे तब फायदा तीसरे को हो सकता है। हालांकि यह समीक्षा अटकलबाजी तक ही सीमित हैं। बस्ती में 25 मई को मतदान है और 4 जून को मतगणना होगी। परिणाम ही बताएंगे कि किस दल का पलड़ा भारी रहा।

### प्रदेश का सातवां सबसे बड़ा जिला

बस्ती क्षेत्रफल की नजर से उत्तर प्रदेश का सातवां सबसे बड़ा जिला है। दलित, ब्राह्मण, क्षत्रिय, कुर्मी और मुस्लिम बहुल इस क्षेत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक क्षेत्र में करीब 5.98 लाख सवर्ण, 6.20 लाख ओबीसी, 4.30 लाख अनुसूचित जाति और 1.83 लाख मुस्लिम हैं। 2019 में कुल मतदाता 18,31,666 रहे। इनमें 990184 पुरुष, 841345 महिला और 137 थर्ड जेंडर के मतदाता थे। 2011 की जनगणना के मुताबिक बस्ती की आबादी 24,64,464 है।



हरीश द्विवेदी



दयाशंकर मिश्र

### लोकसभा सीट का इतिहास

देश की आजादी के बाद बस्ती में 1952 में पहली बार लोकसभा चुनाव हुए थे। उस चुनाव में हर तरफ कांग्रेस ही कांग्रेस थी। कोई अन्य दल मुकाबले में दिखता नहीं था। पहले चुनाव में यहां से उदय शंकर दुबे ने जीत हासिल की थी। 1957 में हुए दूसरे चुनाव में निर्दल उम्मीदवार के तौर पर रामगरीब विजयी रहे। 1957 में ही हुए उपचुनाव और 1962 में हुए चुनाव में कांग्रेस ने फिर इस सीट पर कब्जा किया। केशव देव मालवीय यहां से विजयी रहे। 1967 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शिवनारायण और 1971 में अनंत प्रसाद धूसिया ने विजय पायी। 1977 में हुए चुनाव में भारतीय लोकदल के टिकट पर शिवनारायण जीते। 1980 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (इंदिरा) के प्रत्याशी कल्पनाथ सोनकर ने जीत हासिल की। 1984 में भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार रामअवध प्रसाद जीते। इसके बाद 1989 में जनता दल के टिकट पर कल्पनाथ सोनकर ने विजयी रहे। रामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान 1991 में पहली बार भाजपा ने यहां कमल खिलाया। इसके बाद लगातार 1996, 1998 और 1999 में भाजपा प्रत्याशी ही यहां से विजयी होते रहे। फिर आया 2004 का चुनाव। इस बार बसपा के लालमणि प्रसाद ने जीत हासिल कर ली। 2009 के चुनाव में भी बसपा ने सीट पर अपना कब्जा बनाए रखा। इस बार अरविंद कुमार चौधरी यहां से सांसद बने। 2014 में मोदी लहर में एक बार फिर इस सीट पर भगवा लहराया। हरीश द्विवेदी ने जीत हासिल की जिसे 2019 में भी बरकरार रखा। हरीश द्विवेदी वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव हैं। उनके मुकाबले में पिछली बार बसपा से लड़कर दूसरे नंबर पर रहे वरिष्ठ नेता रामप्रसाद चौधरी अब सपा में हैं। सपा की तरफ से भी रामप्रसाद को राष्ट्रीय सचिव का जिम्मा है।

## आईना : बस्ती लोकसभा सीट

### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| हरीश द्विवेदी | 471,163 |
| राम प्रसाद चौधरी | 4,40,808 |
| राज किशोर सिंह | 86,920 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | हरीश द्विवेदी | 3,57,680 |
| सपा | बृजकिशोर सिंह "डिम्पल" | 324,118 |
| बसपा | राम प्रसाद चौधरी | 283,747 |
| कांग्रेस | बसंत चौधरी | 27,673 |

### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1951 | उदय शंकर दुबे | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | राम गरीब | स्वतंत्र राजनीतिज्ञ |
| 1957,62 | केशव देव मालवीय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | शेओ नारायण | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | अनंत प्रसाद धूसिया | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | शेओ नारायण | जनता पार्टी |
| 1980 | कल्पनाथ सोनकर | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | राम अवध प्रसाद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | कल्पनाथ सोनकर | जनता दल |
| 1991 | श्याम लाल कमल | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996,98 व99 | श्रीराम चौहान | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | लाल मणि प्रसाद | बहुजन समाज पार्टी |
| 2009 | अरविन्द कुमार चौधरी | बहुजन समाज पार्टी |
| 2014 व 19 | हरीश द्विवेदी | भारतीय जनता पार्टी |

**2014 नोटा 10,168 | 2019 नोटा 10,298**

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| बसपा | अरविन्द कुमार चौधरी | 2,68,666 |
| सपा | राज किशोर सिंह | 1,63,456 |
| भाजपा | डॉ. वाईडी सिंह | 1,17,259 |
| कांग्रेस | बसंत चौधरी | 95,235 |




**2024**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | -1831996 |
| पुरुष मतदाता | - 991527 |
| महिला मतदाता | - 840331 |

### जनता के सवालों पर क्यों मौन हैं प्रधानमंत्री: अजय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता के सवालों पर क्यों मौन रहते हैं। अमरोहा लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री की चुनावी सभा पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए धर्म का सहारा लेती है, आज एक बार फिर पीएम मोदी वही पुरानी स्क्रिप्ट पढ़ते नजर आए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपने हर भाषण में देश की भोली-भाली जनता को छलते हैं।

### चुनाव प्रचार में रालोद ने शुरू की शक्ति रथ यात्रा

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार।** पश्चिम उप्र. में रालोद और एनडीए प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जिताने के लिए रालोद ने शुक्रवार से शक्ति रथ यात्रा शुरू की है। पहले दिन रालोद प्रमुख जयंत चौधरी की पत्नी चारू चौधरी ने रथ पर बैठकर बागपत लोकसभा सीट में सिवालखास विधानसभा में जनसंपर्क किया है।

रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने बताया कि पश्चिम उप्र. में रालोद का जनाधार है, मतदाताओं के बीच रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी समेत सभी पदाधिकारी जनसंपर्क लगातार जारी है। अधिक से अधिक मतदाताओं के बीच पहुंचने के लिए शक्तिरथ यात्रा शुरू की गई है, इसके लिए माध्यम से हर दिन एक विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया जायेगा। सुबह सिवालखास नगर पुल से चारू चौधरी ने यात्रा शुरू की जो कि शाम सात बजे दबुथवा में संपन्न हुई।

# हाईटेक चुनाव प्रचार, ज्यादा लोगों तक पहुंचने की कोशिश

## झंडा, बैनर, पोस्टर, बिल्ला आदि का मंदा हो गया कारोबार

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** वक्त गुजरने के साथ ही परंपरागत चुनाव प्रचार अभियान की तस्वीर भी बदल गई है। जनता के साथ नेताजी भी खुद को हाईटेक बनकर सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

डेढ़ दशक पहले तक उम्मीदवार वोटरों के बीच अपनी बात पहुंचाने के लिए पार्टी का झंडा और भोंपू (लाउडस्पीकर) लगे वाहन से गांव की गलियों में धूल फांकते थे। प्रचार-प्रसार के लिए हैंडबिल, पोस्टर, बैनर के साथ धुआंधार नारेबाजी होती थी। पर अब सब कुछ बदल गया है।

सीमित समय में मतदाताओं तक पहुंचना नामुमकिन होता है। लिहाजा हाईटेक तरीके से प्रचार किया जा रहा है। नेताओं ने भी सोशल मीडिया को प्रचार के लिए बेहतर प्लेटफार्म मान लिया है। हर नेता मोबाइल के जरिए सोशल मीडिया से जुड़कर दिन भर जनता के बीच रहना पसंद कर रहा है।

फेसबुक, ह्वाट्सएप, ट्यूटर, इंस्टाग्राम प्रचार सामग्री से पटे पड़े हैं। जिले में तकरीबन सभी उम्मीदवार और उनके समर्थक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल अपनी बात रखने और विपक्षियों के आरोपों का जवाब देने में कर रहे हैं।

### रिझाने का प्रयास

- **नेताजी भी खुद हाईटेक बनकर सोशल मीडिया पर कर रहे हैं चुनाव प्रचार**

उम्मीदवारों की मानें तो सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार करना काफी सस्ता है। इसमें नाम मात्र का ही खर्च आता है। उम्मीदवार अपने प्रचार के लिए भले ही हर घर और हर मतदाता तक स्वयं न पहुंच पाएं। लेकिन उनकी बात ऑडियो वीडियो या लिखित संदेश के जरिए वोटरों के मोबाइल फोन तक जरूर पहुंच रही है। यही नहीं राजनीतिक दल और उनकी नीतियां तथा सूचनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए अपन-अपने मोबाइल एप भी रखते हैं। उम्मीदवारों का मानना है कि युवा वर्ग सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं।

### पोस्टर नहीं रील्स की बढ़ी मांग

चुनाव में प्रत्याशी डिजिटल कैंपेनिंग पर काम कर रहे हैं। वैसे भी अब मीम्स और डिजिटल पोस्टर का जमाना है। इसी की मांग बाजार में है। प्रत्याशियों की ओर से रील्स की सबसे ज्यादा डिमांड है। ऐसे में चुनावी सभा और रैलियों की रील्स में नए प्रयोग कर तैयार किया जा रहा है। बात अगर पोस्टर, बैनर, बिल्ला व झंडे. आदि की करें तो इसका कारोबारा करीब 40 फीसदी तक घट गया है।



### चौथे चरण के लिए छह प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए शुक्रवार को छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इन सीटों पर अब तक 12 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। नामांकन पत्र भरने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल निर्धारित है। 13 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाहजहांपुर (अजा) में एक, धौरहरा में दो, उन्नाव में दो व इटावा (अजा) में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। शाहजहांपुर (अजा) लोकसभा सीट के लिए सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से प्रेमचन्द्र ने नामांकन पत्र भरा। धौरहरा सीट के लिए दो नामांकन पत्र भरे गये, इसमें पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी से राजेश कुमार व निर्दलीय प्रत्याशी में नर सिंह शामिल हैं। उन्नाव लोकसभा सीट के लिए दो नामांकन पत्र भरे गये, इसमें शिव प्रकाश सिंह व उमेश निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। इटावा (अजा) लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से जितेन्द्र कुमार ने नामांकन पत्र भरा।

## चुनावी चक्कर

- **सोशल मीडिया फिर दिखीं पोलिंग ऑफिसर रीना:** अगर चुनाव चल रहा हो तो पोलिंग ऑफिसर रीना द्विवेदी का भी सुर्खियों में आना तय मानिए। बीते कई चुनाव से रीना द्विवेदी अपने पहनावे और पर्सनालिटी के कारण खासकर सोशल मीडिया पर छा जाती हैं। जी हां, वही पीली साड़ी वाली पोलिंग ऑफिसर जो साल 2019 के लोकसभा चुनाव की ड्यूटी के दौरान चर्चा में आयीं थीं। दरअसल, पीली साड़ी वाली मैडम रीना द्विवेदी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो पोलिंग बैग हाथ में लिए अपने अंदाज में चलती हुई नजर आ रही है। साथ ही संदेश लिखा है कि, पहले मतदान, फिर जलपान। हालांकि इस बार वह गुलाबी रंग की साड़ी में हैं।
- **मुस्लिम महिला कर्मचारियों की तैनाती :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश मतदान के दौरान कई रोचक दृश्य भी सामने आए। कई मतदान केंद्रों पर तो सुबह 7 बजे से पहले ही चहल-पहल नजर आने लगी। इसमें वोटर्स भी पहुंचे दिखे। खासकर पहली बार मताधिकार का प्रयोग कर रहे वोटर्स का उत्साह देखते बना। इस बीच कुछ क्षेत्रों में फर्जी मतदान को रोकने के लिए मुस्लिम महिला कर्मचारियों को बुर्का पहनाकर तैनात किया गया था। ये महिला कर्मचारी मतदान के लिए आने वाली बुर्कानशीं मतदाताओं का हिजाब उठाकर आईडी पर लगे फोटो से उनका मिलान कर रही हैं। दरअसल, बुर्के की आड़ में फर्जी मतदान की खबरें हर चुनाव में आती रही हैं, इसलिए ऐसी सतर्कता बरती गई।

## मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 995 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1155 डीएमओ- 885

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 85300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75700 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 56400-56600 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 75,900 |
| सोना रवा | 75,750 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 84,100 |
| चांदी (999) | 84,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 75800 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 74800 |
| सिल्वर (पक्की) | 830 (अनुमानित) |

## कानपुर मंडी

गेहूँ दड़ा 2300-2400, आर.आर.21 2450-2500, गेहूँफारम 2550-2600, जौ 2000 -2100, ज्वार 2000 -4000 ,बाजरा 2100-2150, मकाई 2200 -2400, चना 5800 -5900, अरहर 9000 -10000, मसूर 5500 -5600, मटर 3700 -4000, उड़दहरा 11000 -11800, उड़दकाला 6000 -8000, मूंग 8500 -8800, अरहर फूल 15800-16000, अरहर स्पेशल 13800-14000, चनादाल 7250-7350, मटर दाल 4950-5000, मसूर मलका 7300-7350, मसूर दाल 7400-7450, उड़द दाल 9500-13000, उड़द धोवा 10700- 13250, मूंगदाल 9500 -10500, मूंग धोवा 10000-11500, अरवा 2000 -2300, बासमती न.1.8500 - 10000, सेला 2500 - 3000 बासमती न02. 6500 - 7500, आटा 1380-1430, मैदा 1350-1400, सूजी 1410-1430, शाहपसंद 1325-1350, अलसी4500 -4600, अण्डी 4600 -4700, तिल्ली 11500- 12700, मूँगफली दाना शिवपुरी 9400- 10600

# काशी की संपदा, गरिमा, तृप्ति से बढ़ेगा सब्जियों का रकबा

### आईआईवीआर वाराणसी की विकसित 19 प्रजाति केंद्र से अधिसूचित, बीज तैयार कर करेंगे बिक्री, प्रसंस्करण पर भी होगा काम

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : काशी की संपदा, गरिमा, तृप्ति, अन्नपूर्णा, उत्कर्ष आदि से प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में सब्जियों का रकबा बढ़ेगा। यह सभी सब्जियों की नई प्रजाति के नाम हैं। इस तरह की 19 प्रजाति भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान (आईआईवीआर) वाराणसी ने विकसित की है। जिसे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने केंद्रीय बीज समिति के परामर्श पर अधिसूचित किया है। यानी इन नामों से सब्जियों के बीजों का उत्पादन, बिक्री और पैदावार किसान करेंगे।

खासियत यह है कि ज्यादातर सब्जियां हर मौसम में कम समय पर उगेंगी और ज्यादा दिन तक सुरक्षित रहेंगी। लंबी दूरी तक ले जाने में खराब नहीं होंगी। यह अधिक पौष्टिक हैं। पुरानी प्रजातियों के मुकाबले इनमें आयरन, विटामिन बी, सी व डी जैसे तत्व अधिक हैं। इन सब्जियों से प्रसंस्करण कर पाउडर भी बनाया जा सकेगा।



### इन नामों से आएंगी ये नई प्रजाति

टमाटर : काशी तापस, टमाटर : काशी अद्भुत, बैगन : काशी उत्तम, सब्जी मटर : काशी पूर्वी, भिंडी : काशी उत्कर्ष, मूली : काशी ऋतुराज, टिंडा : काशी हरि, ककड़ी : काशी विधि, मिर्च : काशी गरिमा, परवल : काशी परवल 141, फलीदार मटर : काशी तृप्ति, फावा बीन (बकला) : काशी संपदा, विंगडबीन (सेम) : काशी अन्नपूर्णा, पालक चुकंदर : काशी बारामासी, पालक : काशी मनु, चौलाई : काशी चौलाई-1, तरबूज : काशी मोहिनी, करेला : काशी प्रतिष्ठा व करेला/लौकी : काशी शुभ्रा

उप्र में 19 सब्जियों की नई प्रजाति विकसित और अधिसूचित होना बड़ी उपलब्धि है। अब बीज तैयार कर किसानों को पैदावार के लिए देंगे। इससे सब्जियों की पैदावार बढ़ेगी। अन्य राज्यों को भी इसका लाभ मिलेगा। किसानों की आय बढ़ेगी।

-डॉ. राजीव वर्मा, संयुक्त निदेशक (शाकभाजी), उद्यान एवं प्रसंस्करण विभाग

### 8 से 10 वर्ष विज्ञानियों ने किया शोध

शासन ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की 17 सदस्यीय कमेटी की स्वीकृति पर प्रदेश से विकसित 20 सब्जियों की नई प्रजाति का प्रस्ताव पिछले वर्ष केंद्र को अनुमोदन के लिए भेजा था। इसमें भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी की 19 प्रजाति, जबकि चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर की एक खीरा की प्रजाति शामिल है। इसमें वाराणसी की सभी प्रजाति अधिसूचित हुई है। इन प्रजाति को शोध कर विकसित करने में विज्ञानियों को आठ से 10 वर्ष लगे हैं।

# चार दिन बाद तेजी लौटी सेंसेक्स 599 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी



● बैंक और वाहन के शेयरों में अधिक खरीदारी से बाजार उबरा

बैंक एवं वाहन शेयरों में कम मूल्य पर अधिक खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को शुरुआती निचले स्तर से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुए और चार दिन से जारी गिरावट का क्रम टूट गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 599.34 अंक यानी 0.83 प्रतिशत चढ़कर 73,088.33 पर बंद हुआ। हालांकि शुरुआती कारोबार में 672.53 अंक यानी 0.92 प्रतिशत लुढ़कते हुए 71,816.46 के निचले स्तर तक खिसक गया था। लेकिन बैंक शेयरों में खरीदारी से तेजी पकड़ने में सफल रहा। एनएसई का निफ्टी भी 151.15 अंक यानी 0.69 प्रतिशत उछलकर 22,147 अंक पर बंद हुआ। कारोबार सत्र में यह 21,777.65 के निचले स्तर तक पहुंचा लेकिन बाद में बढ़त के साथ बंद हुआ।

बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, मारुति, विप्रो, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी ने बढ़त हासिल की। वहीं नेस्ले इंडिया, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स और इन्फोसिस के शेयरों में गिरावट आई।

# जीएसटी प्राधिकरण ने सिप्ला पर 1.83 करोड़ का लगाया जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी



दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उत्पाद शुल्क से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर अमान्य क्रेडिट (ट्रांजिशनल) का दावा करने के लिए जीएसटी प्राधिकरण ने उस पर 1.83 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

सिप्ला ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी को सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई, महाराष्ट्र के प्रधान आयुक्त से 1,83,17,388 रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश मिला है। यह आदेश केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 और महाराष्ट्र माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के तहत लगा है। जीएसटी प्राधिकरण ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2017-18 में उत्पाद शुल्क व्यवस्था से जीएसटी में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर संक्रमणकालीन यानी 'ट्रांजिशनल' क्रेडिट का दावा किया है, जो मान्य नहीं था। प्राधिकरण ने जुर्माने के साथ इसकी वसूली का आदेश दिया। सिप्ला ने कहा कि इस संबंध में अपीलीय प्राधिकार के पास अपील दायर करेगी।

# विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में कमी होने से 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले सात सप्ताह की बढ़त गंवाते हुए 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ 548.6 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.5 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 564.7 अरब डॉलर रह गया। वहीं, स्वर्ण भंडार 1.24 अरब डॉलर बढ़कर 55.8 अरब डॉलर पहुंचा। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 9.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.1 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 3.5 करोड़ डॉलर कम होकर 4.6 अरब डॉलर रह गया।

# मजबूती से आरबीआई को मूल्य स्थिरता पर ध्यान देने की गुंजाइश मिली : गवर्नर

मुंबई, एजेंसी

● मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो दर को 6.5% बनाए रखने का लिया गया फैसला

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को 2024-25 के लिए मजबूत वृद्धि माहौल और जीडीपी अनुमान के चलते मूल्य स्थिरता पर ध्यान देने की गुंजाइश मिली है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास ने इस महीने की शुरुआत में मौद्रिक नीति समिति की बैठक में नीतिगत दर में यथास्थिति बनाए रखने के लिए मतदान करते हुए यह बात कही।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद रिजर्व बैंक ने नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया। मुद्रास्फीति पर चिंताओं के बीच रेपो दर फरवरी 2023 से इसी स्तर पर बनी हुई है। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को एमपीसी बैठक का विवरण जारी किया। दास ने कहा कि मुद्रास्फीति को कम करने के लिए पिछले दो वर्षों में जो लाभ हुआ है, उसे बरकरार रखना होगा। टिकाऊ आधार पर सकल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य तक लाने के लिए काम करना होगा।

एमपीसी के छह सदस्यों में पांच ने नीतिगत दर में यथास्थिति के पक्ष में मतदान किया था। एमपीसी सदस्य जयंत आर वर्मा ने हालांकि रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की वकालत की थी। उनकी दलील थी कि अधिक ब्याज दर से वृद्धि प्रभावित होती है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के आदिवासी जिला लाहौल-स्पीति में गुरुवार रात आठ बजकर 53 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.0 मापी गई। भूकंप का केंद्र जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ में था। लाहौल-स्पीति के उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि यदि आपके क्षेत्र के आसपास भूकंप के कारण कोई क्षति होती है तो इसकी सूचना 1077 पर दी जा सकती है। कांगड़ा भूकंप, जो चार अप्रैल, 1905 को आया था, हिमाचल प्रदेश के इतिहास में सबसे विनाशकारी भूकंपीय घटनाओं में से एक था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.0 थी और इसका केंद्र धर्मशाला के पास करेरी में था। भूकंप ने पूरे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विनाश किया, इमारतों, बुनियादी ढांचे को महत्वपूर्ण क्षति हुई और जीवन की हानि हुई। अनुमान बताते हैं कि 20,000 से अधिक लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल या विस्थापित हो गए। राज्य सरकार लोगों को आपदाओं से बचाने के लिए कई कदम उठा रही है।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग और बारामूला से नौ ड्रग तस्करों को पकड़ा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग और बारामूला जिलों में मादक पदार्थ के नौ तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किए। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पांच थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ सात तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने वाघामा बिजबेहारा के फिरोज अहमद राथर और ऐजाज अहमद मंटू को गिरफ्तार किया और उनके पास से नौ किग्रा डोडा पोस्त मिला, जबकि नागम कोकरनाग के सुहैल अहमद डार और वॉटनार्ड कोकेरनाग के रेयाज़ अहमद मीर के कब्जे से 16.450 किग्रा भांग पाउडर मिला। उत्तरासू में पुलिस ने ऐशमुकाम से शकील अहमद वानी को गिरफ्तार किया और उसके पास से 21 ग्राम चरस, 350 ग्राम डोडा पोस्त और 10,000 रुपये बरामद किए। पुलिस ने येन्नेर पहलगाम के गुलाम नबी भट से चार किग्रा डोडा पोस्त और 1.25 किग्रा भांग बूसा पकड़ा। वाघामा बिजबेहरा के इंद्राज अहमद थोकर के कब्जे से करीब पांच किलो भांग पाउडर बरामद किया।

### साइबर पुलिस का अधिकारी बनकर 46 लाख रुपये ठगे

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में खुद को मुंबई साइबर पुलिस का अधिकारी बताकर ठगों ने 47 वर्षीय व्यक्ति से 46 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि ठगों ने पीड़ित के खिलाफ धनशोधन और मादक पदार्थ का मामला दर्ज करने की धमकी देकर उसके साथ ठगी की। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर खुद को मुंबई साइबर पुलिस का अधिकारी बताया और नेरुल के रहने वाले पीड़ित से व्हाट्सएप पर संपर्क किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने दावा किया कि उन्हें उसके (पीड़ित के) खिलाफ धनशोधन और मादक पदार्थ के संबंध में शिकायत मिली है।

# निषेधाज्ञा रद करने के अनुरोध पर सुनवाई को तैयार अदालत

### पीठ ने प्राधिकरण को सभाओं की अनुमति की अर्जी पर निर्णय लेने का दिया निदेश

नई दिल्ली, एजेंसी



● सिर्फ चुनाव के आधार पर धारा 144 के तहत जारी आदेशों को रद करने के लिए दायर की गई है याचिका

उच्चतम न्यायालय उस याचिका पर सुनवाई करने के लिए शुक्रवार को सहमत हो गया, जिसमें सिर्फ चुनाव होने के आधार पर, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत जारी किये गए निषेधाज्ञा आदेशों को रद करने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह निर्देश भी दिया कि सक्षम प्राधिकार चुनावों के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यात्रा या जन सभाएं आयोजित करने के लिए अनुमति मांगने वाली अर्जी पर तीन दिनों के अंदर निर्णय करे।

पीठ सामाजिक कार्यकर्ता अरूणा राय और निखिल डे की एक याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिका में, लोकसभा या विधानसभा चुनावों से पहले और परिणामों की घोषणा होने तक बैठकों, सभाओं, जुलूस या धरने को निषिद्ध करने के लिए मजिस्ट्रेट और राज्य सरकारों द्वारा सीआरपीसी की धारा 144 लागू करने के लिए आदेश जारी किये पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। धारा 144 उपद्रव की आशंका होने पर लागू की जाती है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने पीठ से कहा, कुछ बहुत शानदार हो रहा है। छह महीनों में, निर्वाचन आयोग के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने से लेकर चुनावों के समापन की पूरी अवधि तक (सीआरपीसी की) धारा 144 लागू करने का धड़ल्ले से आदेश जारी किया जा रहा है। यह धारा चुनावों के दौरान हर तरह की सभाओं, बैठकों और प्रदर्शनों को निषिद्ध करती है। पीठ ने कहा, इस तरह का आदेश कैसे जारी किया जा सकता है। भूषण ने कहा कि शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के तीन निर्णय हैं जिनमें कहा गया है कि जब तक शांति भंग होने की प्रबल आशंका न हो यह आदेश जारी नहीं किया जा सकता। उन्होंने राजस्थान में 16 मार्च को सीआरपीसी की धारा 144 के तहत आदेश जारी किये जाने का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया है कि यह आदेश 16 मार्च को प्रभावी होगा और छह जून तक पूरे बाड़मेर में प्रभावी रहेगा। भूषण ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने पिछले साल के विस चुनाव में मतदाताओं के अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए एक यात्रा की इजाजत लेने के वास्ते आवेदन दिया था।

# भोजन को लेकर ईडी का रुख संकीर्णता और राजनीति वाला

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय पर जेल में उनके आहार पर संकीर्ण सोच रखने और राजनीति करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को अदालत के समक्ष कहा कि उन्होंने जो खाना खाया वो उनके डॉक्टर द्वारा तैयार किए गए आहार चार्ट के अनुरूप था। ईडी ने अदालत के समक्ष दावा किया था कि केजरीवाल चिकित्सा आधार पर जमानत के लिए जेल में रोजाना आम और मिठाई जैसे उच्च शर्करा वाले आहार ले रहे हैं जबकि उन्हें टाइप-2 डायबिटीज है। आप के राष्ट्रीय संयोजक शर्करा वाला भोजन कर रहे हैं ताकि वह अस्वस्थ हो जाएं और चिकित्सा आधार पर जमानत मांग सकें।

केजरीवाल के अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने अदालत से कहा, ईडी ने दावा किया है कि मैं जमानत पाने के लिए अपना रक्त शर्करा का स्तर बढ़ाना चाहता हूं। मैं क्या जमानत पाने के लिए लकवा का जोखिम उठाऊंगा? मैं जो भोजन कर रहा हूं वह गिरफ्तारी से पहले मेरे डॉक्टर द्वारा तैयार आहार चार्ट के अनुसार है। केजरीवाल के जेल में आम, मिठाई, आलू-पूरी खाने के ईडी के दावे पर उन्होंने कहा कि उन्हें एक-दो बार ही ऐसा भोजन दिया गया। सिंघवी ने कहा, आरोप है कि मैं आम खा रहा हूं... घर से 48 बार भोजन भेजा गया जिसमें से केवल तीन बार आम भेजे गए। आठ अप्रैल के बाद कोई आम नहीं भेजा गया। आम को तो ऐसे दर्शाया गया है जैसे उसमें शुगर भरी है। उनमें शर्करा का स्तर 'ब्राउन राइस' या सफेद चावल से बहुत कम होता है।'' केजरीवाल को जेल में घर के खाने की अनुमति दी गई है।

### तिहाड़ में केजरीवाल को नहीं दी जा रही इंसुलिन : आप



**नई दिल्ली।** आप ने मोदी सरकार के इशारे पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जीवन से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि तिहाड़ जेल में उनको इंसुलिन नहीं दी जा रही है। आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा की कार्य पद्धति और और उनके नेता जिस तरह से काम करते हैं, वह किसी की जान लेने की हद तक षड़यंत्र रच सकते हैं। मुख्यमंत्री से उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की मुलाकात आतंकवादियों की तरह कराई जाती है। जेल के नियमों के मुताबिक किसी भी कैदी के बारे में उसके स्वास्थ्य और खानपान से संबंधित कोई भी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती है। ईडी ने गुरुवार को किस आधार पर केजरीवाल के झूठे डाइट चार्ज को मीडिया में प्रचारित करवाया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल शुगर के मरीज हैं और इंसुलिन लेते हैं। अगर समय पर उसे इंसुलिन न दी जाए तो उसकी जान जा सकती है।

# छत्तीसगढ़ में यूबीजीएल फटा सीआरपीएफ के जवान की मौत

बीजापुर, एजेंसी

● नक्सल प्रभावित बीजापुर में अभियान के दौरान दुर्घटना का शिकार हुआ जवान

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर (यूबीजीएल) के दुर्घटनावश फट जाने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान की मृत्यु हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के उसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गलगम गांव के यूबीजीएल फटने से सीआरपीएफ की 196 वीं बटालियन के आरक्षक देवेंद्र (32) की मृत्यु हो गई।

सुरक्षाबल के जवान गलगम मतदान केंद्र से पांच सौ मीटर दूरी नक्सल विरोधी अभियान पर थे, उसी दौरान उनसे यूबीजीएल फट गया, जिससे देवेंद्र घायल हो गये। घायल जवान का प्राथमिक उपचार कर हेलीकॉप्टर से जगदलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। आरक्षक देवेंद्र बस्तर जिले के धोबीगुड़ा गांव के निवासी थे। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उनके परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल की जांच के लिए विशेषज्ञों के दल को रवाना किया गया है, जिससे विस्फोट के कारणों के बारे में जानकारी मिल सके। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में नक्सल प्रभावित बस्तर लोकसभा सीट पर शुक्रवार को मतदान हुआ। क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षाबलों के 60 हजार से अधिक जवानों को तैनात किया गया था।

### छत्तीसगढ़ःमहिला ने अपने दो बच्चों की हत्या के बाद की आत्महत्या

**कांकेर।** कांकेर जिले के चारामा थानांतर्गत ग्राम बड़ेगौरी से महिला ने अपने दो छोटे बच्चों के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि मृतक महिला का विवाह महज तीन वर्ष पूर्व हुआ था। कांकेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर ने बताया कि घटना के वक्त महिला अपने बच्चों के साथ घर पर अकेली थी। महिला का पति और उसके सास व ससुर घर पर नहीं थे। पता चला है कि पारिवारिक कारणों के चलते महिला के आत्महत्या करने की आशंका है। पुलिस अभी किसी ठोस नतीजे पर नही पहुंची है। फिलहाल मामले में जांच की जा रही है। घटना बुधवार को शाम करीब पांच बजे की है।

# प्रचार अभियान से संबंधित वाहन दुर्घटनाग्रस्त, नाबालिग की मौत

**राजम।** आंध्र प्रदेश के राजम में वाईएसआरसीपी के विधानसभा उम्मीदवार का प्रचार वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे नौ वर्षीय लड़के की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक यह दुर्घटना गुरुवार रात आठ बजे हुई जब बिस्कुट खरीदने आए लड़के को वाईएसआरसीपी उम्मीदवार टी राजेश के वाहन ने टक्कर मार दी। गाड़ी में प्रत्याशी मौजूद नहीं थे और प्रचार के बाद जब चालक गाड़ी के टायर में हवा भराने के लिए ले गया तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने वाहन के चालक एम सुधीर को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया और पोस्टमॉर्टम के बाद लड़के का शव उसके परिवार को सौंप दिया गया।

# बोर्ड किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन या विरोध नहीं करता है : मौलाना मुजद्दिदी

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि बोर्ड किसी राजनीतिक दल का विरोध या समर्थन नहीं करता है। बोर्ड महासचिव मौलाना मुहम्मद फजल-उर-रहीम मुजद्दिदी ने शुक्रवार को जारी बयान में ये बात कही।

उन्होंने कहा कि बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ सैयद अली मुहम्मद नकवी द्वारा भाजपा को समर्थन देने की बात सामने आयी है, यह उनकी निजी राय है, लेकिन इसका ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने विधान परिषद सदस्य डॉ खालिद अनवर के बोर्ड के पदाधिकारियों के बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को समर्थन देने संबंधी बयान को निराधार बताया है और कहा है कि डॉ अनवर ने गलत बयानी की है। स्थापना के बाद से ही बोर्ड ने खुद को राजनीति से दूर रखा है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड कभी भी किसी पार्टी विशेष का समर्थन या विरोध नहीं करता।

# तीसरे दिन भी प्रदर्शन जारी, अंबाला-अमृतसर मार्ग पर 40 ट्रेनें रद

अंबाला, एजेंसी

पंजाब और हरियाणा सीमा के पास शंभू में किसानों के शुक्रवार को तीसरे दिन पटरियों पर बैठे रहने से अंबाला-अमृतसर मार्ग रेल यातायात बाधित हुआ। अधिकारियों ने बताया कि किसान हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीन साथियों को रिहा करने की मांग कर रहे हैं। आज 40 रेलगाड़ियां रद की गई हैं, जबकि 54 का मार्ग बदला गया है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के बैनर के तले पटियाला जिले के शंभू में किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन के तीसरे दिन भी जारी रहने की वजह से अंबाला-अमृतसर मार्ग पर रेल यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर कुछ मालगाड़ियों का भी परिचालन होता है। रेलगाड़ियों की आवाजाही बाधित होने की वजह से यात्रियों को असुविधा हो रही है।

# एनआईए ने बाइक विस्फोट के आरोपी की अचल संपत्ति की जब्त

नई दिल्ली। एनआईए ने पंजाब में 2021 में हुए विस्फोट में शामिल और खालिस्तानी आतंकवादियों से संबंध रखने के आरोपी की संपत्ति जब्त कर ली है। मामला जलालाबाद में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के पास बाइक में विस्फोट से संबंधित है, जिसमें हमलावर मारा गया था। एनआईए ने पंजाब के सदर फाजिल्का थानांतर्गत महातम नगर गांव के निवासी सूरत सिंह उर्फ सुरती की संपत्ति जब्त कर ली है। सूरत के पाकिस्तान में मौजूद खालिस्तानी आतंकवादियों हबीब खान उर्फ 'डॉक्टर' और लखवीर सिंह उर्फ 'रोडे' के साथ संबंध थे।

